राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 8
लखनऊ, शनिवार 06 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





विस निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर बढ़ाई जाएं सुविधाएं : नवदीप रिणवा 03

गणेश पंडाल में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, आज होगा विसर्जन 10


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के लाखों शिक्षकों को दी बड़ी सौगात

# नौ लाख शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस इलाज

**ऑपरेशन कायाकल्प से 1.36 लाख स्कूलों में हुआ सुधार : योगी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के सभी शिक्षक अब कैशलेस इलाज सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा न सिर्फ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए होगी, बल्कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों तक को कवर करेगी।

मुख्यमंत्री योगी राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, टैबलेट वितरण और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसी भी बीमारी या



आपातकालीन स्थिति में शिक्षकों और उनके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस ऐतिहासिक फैसले से लगभग नौ लाख शिक्षक परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कैशलेस इलाज व्यवस्था को शिक्षकों के योगदान के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर के शिक्षकों से यही कहूंगा कि आप लोग अच्छा करिए हम आपके साथ में है। शिक्षक दिवस पर आप सबके मन में होगा कि और क्या हो सकता है। हम आज घोषणा करना चाहते हैं और वह यह कि प्रदेश के सभी शिक्षकों को हम कैशलेस उपचार की व्यवस्था का लाभ देंगे। इसके साथ ही शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोईया को भी हम इसके साथ जोड़ेंगे। यानी इस सुविधा का लाभ उत्तर प्रदेश के लगभग 9 लाख शिक्षकों यानी 9 लाख परिवारों को मिलेगा।

बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग जल्द से जल्द सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करके एक समय सीमा के अंदर कैशलेस उपचार की सुविधा देने के लिए कार्य करेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार जैसे अभियान चलाए गए।

ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख विद्यालयों को 19 बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। वहीं प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए अब तक 2,100 विद्यालयों को नए भवन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया है। निपुण भारत मिशन और बाल वाटिका जैसी योजनाएं बच्चों की भाषा और गणितीय दक्षता बढ़ाने के साथ ही उन्हें पोषण और बुनियादी शिक्षा से जोड़ रही हैं। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, प्रभारी मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक) दीपक कुमार और महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा उपस्थित रहे।

**शिक्षक की तुलना किसी नौकरशाह या नेता से नहीं**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था, लेकिन अब यह बोर्ड सुधार और नवाचार के साथ देश का गर्व बन रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि एक समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। शिक्षक किसी नौकरशाह या नेता से कम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि अरुणाचल से लेकर मध्य प्रदेश तक आज भी उत्तर प्रदेश के शिक्षक अपनी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मानित हैं। यही पहचान अब सकारात्मक माहौल और नवाचार के जरिए और सशक्त हो रही है।

**शिक्षा मित्र और अनुदेशकों का मानदेय भी बढ़ेगा**

मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का निर्णय इसलिए है कि कि यह लोग भी हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर इस अभियान को ताकत देते हैं। इसके लिए बहुत शीघ्र रिपोर्ट आने वाली है और हम उसे दिशा में कुछ बेहतर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र की नींव मजबूत करने वाले निर्माता हैं। उनके सम्मान और सुविधाओं की चिंता सरकार की प्राथमिकता है।

**शिक्षकों के नवाचारों को प्रकाशित कराएं विभाग**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाल वाटिका की पुस्तिकाएं सरल और रोचक हों, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीखें और पढ़ाई को आनंददायक मानें। पोषण मिशन के अंतर्गत बच्चों को विविध और आकर्षक भोजन दिया जाए, जिससे उनमें रुचि जागृत हो। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किए हैं, उनके उदाहरण प्रकाशित होकर सभी विद्यालयों तक पहुंचें और असेंबली में बच्चों के सामने रखे जाएं। इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे और भावी पीढ़ी के लिए शिक्षा जगत में नई दिशा तैयार होगी।

## परिवहन की नई सरल हेल्पलाइन 149 का आज शुभारंभ करेंगे सीएम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को परिवहन विभाग के जरिए प्रदेशवासियों को अनेक सौगात देंगे। वे परिवहन विभाग की अनेक योजनाओं का शुभारम्भ व लोकार्पण भी करेंगे। यह आयोजन शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में होगा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने का भी शुभारम्भ करेंगे।

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 का शुभारम्भ भी करेंगे। आईआईटी खड़गपुर व परिवहन विभाग तथा परिवहन निगम व सीएससी के मध्य भी एमओयू होगा। सीएम योगी इंटरनेशनल ड्राइविंग परमिट की नई बुकलेट और डिजिटल बस ट्रैकिंग (मार्गदर्शी) ऐप का भी शुभारम्भ करेंगे। परिवहन आयुक्त ने बताया कि सीएम योगी मंच पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन महिला परिचालकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। सीएम योगी सड़क सुरक्षा के लिए 11 इंटरसेप्टर को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही 8 डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस, 16 इलेक्ट्रिक बस, 1 रेट्रोफिट इलेक्ट्रिक बस, 10 सीएनजी, दो एसी बस, 20 टाटा बस, 43 आशयर सहित 400 बीएस-सिक्स बसों का शुभारम्भ भी करेंगे।

**बस स्टेशन के विकासकर्ताओं को भी सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री**

श्री सिंह ने बताया कि पीपीपी के अंतर्गत व अनुदान आधारित बस स्टेशनों का डिजिटल उद्घाटन व शिलान्यास भी होगा। इसके पश्चात पीपीपी मोड पर विकसित किए जाने के लिए चयनित बस स्टेशनों के विकासकर्ताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। एडीटीसी व आरवीएसएफ के 4-4 नवीनतम केंद्रों के प्रमाण पत्र का भी वितरण होगा। सीएम योगी के हाथों चार नवीनतम ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर के निवेशकों को प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा। जनसेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने विषयक चार व्यक्तियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | |
|---|---|
| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = 1,07,770/ |
| 22 कैरेट | = 98,800/ |
| 18 कैरेट | = 80,840/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 1,26,000/ |



## कर्मियों को अब 20 साल की सेवा पर मिलेगी पूरी पेंशन

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने पेंशन से जुड़े नियमों में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए कर्मचारियों के हित में एक नई घोषणा की है। अब केंद्रीय कर्मचारियों को सिर्फ 20 साल की नियमित सेवा के बाद भी पूरी पेंशन का लाभ मिलेगा। इससे पहले यह सीमा 25 साल थी, जिसे घटाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब 20 साल की सेवा पर मिलेगी फुल पेंशन कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम से संबंधित नए नियमों को अधिसूचित किया है।

कोई कर्मचारी 20 साल की सेवा पूरी करता है, तो उसे रिटायरमेंट पर पूरी पेंशन का अधिकार होगा। यह निर्णय लाखों कर्मचारियों को राहत देगा, खासकर उन लोगों को जो किसी कारणवश 25 साल की सेवा पूरी नहीं कर पाते थे। यूनिफाइड



पेंशन स्कीम यानि यूपीएस केंद्र सरकार की एक नई पेंशन योजना है, जिसे 1 अप्रैल 2025 से लागू किया जाएगा। इसे नेशनल पेंशन स्कीम एनपीएस के विकल्प के रूप में पेश किया गया है। यूपीएस में कर्मचारी और सरकार दोनों का वित्तीय योगदान शामिल होता है, जिससे रिटायरमेंट के बाद सुनिश्चित पेंशन मिलती है। यूपीएस सिर्फ पेंशन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए कई अतिरिक्त लाभ भी शामिल हैं। दिव्यांगता या मृत्यु की स्थिति में कर्मचारी या उसके परिवार को सीसीएस पेंशन रूल्स या यूपीएस के तहत किसी एक विकल्प को चुनने का अधिकार होगा। इस विकल्प से मृतक कर्मचारी के परिवार को सुरक्षित पेंशन सुनिश्चित की जा सकेगी। सरकार की ओर से रजिस्ट्रेशन या योगदान में देरी होने पर कर्मचारियों को मुआवजा भी मिलेगा। एनपीएस से यूपीएस में स्विच करने का मौका जो कर्मचारी वर्तमान में नेशनल पेंशन स्कीम के अंतर्गत हैं, वे चाहें तो वन टाइम वन वे विकल्प के तहत यूपीएस में स्विच कर सकते हैं। इसके लिए कुछ शर्तें तय की गई हैं। कर्मचारी रिटायरमेंट से एक साल पहले या वीआरएस स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने से तीन महीने पहले यूपीएस चुन सकते हैं लेकिन जिन कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई चल रही है या जो किसी जांच के दायरे में हैं, वे इस विकल्प का लाभ नहीं उठा सकेंगे। स्विच करने की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है।

### सीबीआई ने यूएई से भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन का प्रत्यर्पण कराया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात से कर चोरी, अवैध जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में वांछित भगोड़े हर्षित बाबूलाल जैन का प्रत्यर्पण कराया है। जैन को आज अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुजरात पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया में सीबीआई ने गुजरात पुलिस, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर काम किया। सीबीआई के अनुसार, गुजरात पुलिस लंबे समय से जैन की तलाश कर रही थी। सीबीआई ने 9 अगस्त 2023 को इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया था। रेड नोटिस जारी होने के बाद जैन को संयुक्त अरब अमीरात से निर्वासित किया गया।

## भूटानी पीएम ने परिवार संग किए रामलला के दर्शन

**श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने किया स्वागत**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे ने शक्रवार को अपने परिवार के साथ अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला, राम दरबार के दर्शन किए। तत्पश्चात कुबेरटीला पर भगवान शिव का जलाभिषेक एवं आरती भी की और मंदिर की भव्यता को सराहा। टोबगे को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मंदिर निर्माण से जुड़ी तमाम जानकारियां दीं।

टोबगे के मंदिर पहुंचने के दौरान जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये। टोबगे पहले विदेशी पीएम हैं जो



राम मंदिर आए और दर्शन-पूजन किया। भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे सुबह लगभग 9.30 बजे स्थानीय महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान से उतरे। यहां जिला प्रशासन की ओर से रेडकार्पेट पर राज्य सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के उनका स्वागत किया। टोबगे के साथ उनकी पत्नी भी थीं। इसके बाद भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे अयोध्या एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचे थे। श्रीरामजन्म भूमि मंदिर पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने उनका स्वागत किया। इसके बाद भूटान के प्रधानमंत्री ने श्रीरामलला का दर्शन कर पूजा अर्चना की। टोबगे ने पत्नी के साथ राम दरबार में भी दर्शन पूजन किया और मंदिर से जुड़े इतिहास को भी जाना।

## संक्षिप्त समाचार

**चंद्रशेखर ने बॉम्बे हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पद की शपथ ली**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने शुक्रवार को राजभवन में मुंबई उच्च न्यायालय के प्रभारी मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, राज्य प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल, लोकायुक्त न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) विद्यासागर कानडे के साथ-साथ राजस्थान, झारखंड, दिल्ली, इलाहाबाद, कर्नाटक और बॉम्बे उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश और सेवानिवृत्त न्यायाधीश उपस्थित थे।

**शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को लुकआउट नोटिस जारी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति बिज़नेसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने इस सेलिब्रिटी कपल पर शिकंजा कसते हुए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। इन दोनों ने अपनी बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक निवेश सौदे के नाम पर एक व्यवसायी से करीब 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

**लोकप्रिय अभिनेता आशीष वारंग का मुंबई में निधन**

**मुंबई।** मनोरंजन जगत से जुड़ी एक बेहद दुखद खबर ने सभी को गमगीन कर दिया। हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय और बहुमुखी कलाकार आशीष वारंग का आज निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे और मुंबई के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

**पाकिस्तान में 40 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित**

**इस्लामाबाद।** पाक के पंजाब प्रांत में नदियों का जल स्तर बढ़ने और नदी तटबंधों के टूटने से आयी बाढ़ के से लगभग 40 लाख लोग प्रभावित हुए हैं उन्हें विस्थापित होना पड़ा है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

**मॉरीशस के पीएम रामगुलाम का भारत दौरा नौ से**

**नई दिल्ली।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम 9 से 16 सितम्बर तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह उनके वर्तमान कार्यकाल का पहला द्विपक्षीय विदेशी दौरा होगा। वे नई दिल्ली, मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति का दौरा करेंगे।

### मिथुन चक्रवर्ती ने दायर किया टीएमसी के कुणाल घोष पर 100 करोड़ का मानहानि केस

**नयी दिल्ली।** भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता कुणाल घोष के खिलाफ100 करोड़ रुपये का मानहानि मुकदमा दायर कर दिया है। मिथुन का आरोप है कि कुणाल ने उनका नाम चिटफंड घोटाले से जोड़ने की कोशिश की है। इसके साथ ही उनके नाम को भाजपा में शामिल होने की मंशा पर भी सवाल उठाया। मिथुन ने दावा किया कि कुणाल ने उनके बेटे के खिलाफ भी झूठी अफवाहें फैलाई हैं। मिथुन ने कोर्ट में 50 हजार रुपये की फीस जमा की है और कुणाल को मानहानिकारक बयान देने से रोकने की मांग की है। आपको बता दें कि इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होने की संभावना जताई जा रही है।

## आतंकवाद अब भी एक बड़ी चुनौती : सीडीएस

**गोरखनाथ मंदिर पहुंचे सीडीएस चौहान, वार्षिक व्याख्यान में हुए शामिल**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, महंत दिग्विजयनाथ महाराज और महंत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित वार्षिक व्याख्यानमाला में शामिल होने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में उन्होंने भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतिया विषय पर आयोजित एक सत्र को संबोधित किया।

भारत के सुरक्षा वातावरण की जटिल प्रकृति को रेखांकित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि इस देश की सीमा सात देशों से लगती है जिससे यह



अत्यधिक संवेदनशील बन जाता है। उन्होंने कहा, आतंकवाद एक बड़ी चुनौती रहा है। यद्यपि इसका प्रभाव घटा है, लेकिन नए गैर परंपरागत खतरे उभर रहे हैं जो हमेशा दिखाई नहीं देते।

इससे पूर्व, गोरखपुर विश्वविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के पूर्व प्रमुख ने शिक्षा और सार्वजनिक जीवन में महंत दिग्विजयनाथ के योगदान को याद किया। जनरल चौहान बृहस्पतिवार को गोरखपुर पहुंचे जहां वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखा वार मेमोरियल के नवीनीकरण और गोरखा संग्रहालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में प्रार्थना भी और रात्रिभोज में शामिल हुए। उन्होंने इस दिन को ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण दिन बताते हुए याद दिलाया कि गोरखा भर्ती डिपो की स्थापना 1886 में कुनराघाट (तब कुदाघाट) में की गई थी। उन्होंने कहा कि गोरखा सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अदम्य साहस का प्रदर्शन किया जहां करीब 20,000 लोगों ने अपना जीवन बलिदान किया था। चौहान ने कहा कि उनके बलिदान को सम्मान देने के लिए करीब एक शताब्दी पहले निर्मित इस स्मारक का, तीन विरासतों को संरक्षित करने के लिए नवीनीकरण किया जा रहा है। इन तीन विरासतों में गोरखा सैनिकों की वीरता, गोरखा और भारतीय सेना के बीच गहरा रिश्ता और भारत-नेपाल संबंधों की प्रगाढ़ता शामिल है।

### मुंबई में अनंत चतुर्दशी से पहले ब्लास्ट की धमकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को गुरुवार देर रात वॉट्सएप पर धमकी भरा मैसेज मिला, जिसमें दावा किया गया है कि लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी शहर में आ चुके हैं। आतंकी 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में लगाकर बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है। धमकी मिलते ही मुंबई पुलिस ने शहर भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। एंटी-टेररिज्म स्क्वॉड व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है। दरअसल, शनिवार को गणेशोत्सव का अंतिम दिन (अनंत चतुर्दशी) है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सड़कों पर निकलेंगे। इसलिए सुरक्षा को और सख्त कर दिया गया है। पुलिस ने शहर के अहम इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है।

## बढ़ रहा यमुना नदी का जलस्तर, हाई अलर्ट पर पश्चिमी यूपी के कई जिले

समृद्धि न्यूज

**बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर हुई 28**

**लखनऊ ।** पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। इनमें से ज्यादातर जिले यमुना नदी के किनारे हैं, जिसका जलस्तर पिछले चार दिनों से लगातार बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में खासकर राज्य के पश्चिमी हिस्सों में राहत और बचाव दल को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

योगी सरकार की नौकरियां अभी तक जिन 28 जिलों में बाढ़ की सूचना मिली थी, उनमें आगरा, अलीगढ़, बलिया, बाराबंकी, बदायूं, बस्ती, चंदौली, फर्रुखाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कासगंज, कानपुर देहात, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शाहजहांपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर और उन्नाव शामिल थे। इनमें से आगरा, अलीगढ़, बाराबंकी, बस्ती, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, मथुरा, पीलीभीत, सहारनपुर, संत कबीर नगर और सीतापुर में लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

अधिकारियों की मानें तो 889 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य 319 बाढ़ आश्रय स्थलों का संचालन कर रहा था जहां 5,453 लोगों को स्थानांतरित किया गया था।

## शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रमुख शिल्पी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शिक्षक दिवस पर आज दिल्ली सरकार ने 'शिक्षक महाकुंभ'-राजकीय शिक्षक सम्मान समारोह का त्यागराज स्टेडियम में आयोजन किया। समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

उन्होंने शिक्षकों और बच्चों से संवाद किया। शिक्षक महाकुंभ में 118 शिक्षक एवं 5 शिक्षाविद सम्मानित किए गए। समारोह में बच्चों द्वारा अपने शिक्षकों के सम्मान में प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने समारोह को संबोधित करते हुए कि





भारत में गुरु-शिष्य परंपरा अत्यंत प्राचीन और गौरवशाली रही है।

शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रमुख शिल्पी हैं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और विद्यार्थियों के संस्कार निर्माण में उनकी भूमिका अद्वितीय है। केंद्रीय मंत्री ने शिक्षक महाकुंभ को राष्ट्रीय राजधानी में शिक्षा के उत्थान का सशक्त प्रतीक बताया।

**प्रतिबद्धता**

**भारत-सिंगापुर ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप पर की चर्चा**

## संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने पर भारत-सिंगापुर बढ़ाएंगे रक्षा सहयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत-सिंगापुर रक्षा कार्य समूह की 16वीं बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की समीक्षा के बाद दोनों पक्षों ने संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके समकक्ष लॉरेंस वोंग के बीच नई दिल्ली में हुई बैठक के बाद यह वार्ता सिंगापुर में हुई, जिसमें दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप पर चर्चा हुई।

यह बैठक भारत की एक्ट ईस्ट नीति की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण रही, जिसमें सिंगापुर ने आर्थिक सहयोग



और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने तथा क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक संपर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग तीन दिन की यात्रा पर 02 सितंबर को नई दिल्ली पहुंचे और गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। भारत और सिंगापुर के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रोडमैप पर बैठक में सह-अध्यक्षों ने सहयोग के उभरते क्षेत्रों और वैश्विक साझा हितों से संबंधित मुद्दों की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर भी प्रकाश डाला। बैठक के दौरान संयुक्त सचिव ने उप-सचिव नीति बीजी फ्रेडरिक चू से भी मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान चांगी नौसैनिक अड्डे पर सूचना संलयन केंद्र और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक साइबर सुरक्षा एवं सूचना उत्कृष्टता केंद्र का भी दौरा किया। वर्ष 2025 में भारत और सिंगापुर के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर दोनों सह-अध्यक्षों ने रक्षा सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

**सिंगापुर में हुई रक्षा कार्य समूह की 16वीं बैठक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके समकक्ष लॉरेंस वोंग के बीच नई दिल्ली में हुई बैठक को लेकर जारी संयुक्त वक्तव्य के बाद रक्षा कार्य समूह की 16वीं बैठक सिंगापुर में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (अंतरराष्ट्रीय सहयोग) अमिताभ प्रसाद और सिंगापुर रक्षा मंत्रालय के नीति कार्यालय के निदेशक कर्नल डेक्सन याप ने की। बैठक में पिछले रक्षा मंत्रियों की वार्ता और विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में रक्षा दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करने और बहुआयामी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के संपूर्ण क्षेत्र को कवर करने वाली पहलों की गति तेज करने का फैसला लिया गया। दोनों पक्षों ने चल रहे रक्षा सहयोग पर संतोष व्यक्त किया और सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों, विशेष रूप से प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, उद्योग एवं प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा और बहुराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में, को बढ़ाने के उपायों की पहचान की।

# ईद मिलादुन्नबी पर जश्न-ए-मिलाद की धूम

- हुजूर की आमद मरहबा के नारों से गूंजा निघासन
- 32 गांवों से निकले जुलूस, गोपाल पैलेस पर हुए एकत्र



**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत निघासन शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जश्न-ए-मिलाद की रौनक से सराबोर रहा। सुबह से ही गलियों और चौक-चौराहों पर हुजूर की आमद मरहबा के नारों की गूंज सुनाई देती रही। तकरीबन 32 गांवों से निकले मोहम्मदी जुलूस नगर में प्रवेश करते हुए गोपाल पैलेस पहुंचे, जहां देर रात तक धार्मिक कार्यक्रम चलता रहा।

सुबह से ही अलग-अलग गांवों से जुलूस उठना शुरू हुए। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने हाथों में तिरंगे और इस्लामी परचम थाम रखे थे। जुलूस में शामिल लोग नातिया कलाम पढ़ते हुए अल्लाह-हु-अकबर और हुजूर की आमद के नारों से माहौल को रोशन करते रहे। नगर में जगह-जगह फूल बरसाकर जुलूस का स्वागत किया गया।

गोपाल पैलेस में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम मौलाना और हाफिज शरीक हुए। मौलाना निघासन ने तकरीर करते हुए कहा कि ÷हमारे नबी रहमतुल्लिल आलमीन थे। उन्होंने पूरी इंसानियत को अमन, भाईचारे और इंसाफ का पैगाम दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी हमारे लिए रहनुमाई का जरिया हैं। मौका-ए-महाल पर मौजूद मौलाना व हाफिजों ने मोहम्मद साहब की जीवनी और उनके बताए रास्ते पर चलने की नसीहत दी। गोपाल पैलेस परिसर हजारों की भीड़ से खचाखच भरा रहा।

देर रात तक लोगों ने तकरीरों को सुना और मिलादुन्नबी की रौनक में शरीक रहे। इस दौरान चौधरी हिमांशु पटेल, पिंकू मामू, फिरोज, रिजवान समेत कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। जुलूस व कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। मौलाना और आयोजकों ने मंच से बार-बार लोगों से अपील की कि ÷जुलूस के दौरान एंबुलेंस या जरूरी सेवाओं को रास्ता दें, किसी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें और शांति-सौहार्द के साथ जुलूस को आगे बढ़ाएं। जुलूस-ए-मोहम्मदी के समापन के बाद नगर का माहौल देर रात तक ईद मिलादुन्नबी की रौनक से सराबोर रहा। निघासन कमेटी के सारी व्यवस्थाएं रही चुस्त दुरुस्त पूरी कमेटी को जोर दराज से आए हुए लोगों ने आभार व्यक्ति किया।

### ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी



फरधान खीरी। इलाके में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूम धाम से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय ने एक-दूसरे को बधाई दी और जूलूस ग्राम नरदवल पुरवा से कस्बा की मस्जिद से होते हुए सदर चौराहा, बाजार होते हुए गोला रोड पर किसान इंटर कालेज गेट तक जाने के बाद फिर बस्ती में होते हुए मस्जिद के पास सलातो सलाम दुआओं के साथ खत्म हुआ। जगह जगह पर लोगों ने जुलूस का स्वागत इस्तकबाल किया और लोगों को मिठाइयां बांटी। इस मौके पर सदर मो इदरीस नायब सदर रियाज अहमद, मो हनीफ, रियासत अली, जबर अली, रहीस बरकाती, लियाकत अली,सराफत अली, मो इमरान, शोएब चिश्ती, ग्राम प्रधान राम शरन, प्रधान प्रतिनिधि शरद सिंह, सहित काफी लोग मौजूद रहे। कस्बा के अलावा परसेहरा बुजुर्ग, सकतापुर बभनियारपुर, गनेशपुर, गौरिया, लीलाकुआं, करनपुर, मोहम्मदपुर, रसूलपुर, कैमहरा, रौसा, बेल, पड़रिया, खेतौसा,सल्हिहा आदि गांवों में जुलूस निकाला गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना फरधान प्रभारी निरीक्षक दया शंकर द्विवेदी दलबल के साथ मुस्तैद रहे।

# लुधौनी-मड़वा गांव में सांसद ने सुनी पीड़ितों की समस्याएं

- स्वास्थ्य टीम ने किया उपचार - सांसद ने डॉक्टरों की सराहना की



**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सूचना मिलते ही धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र के लुधौनी, मड़वा सहित अन्य गांवों का दौरा करने पहुंचे। उनके साथ तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल सिंह मौजूद रहे।

सांसद ने बाढ़ की मार झेल रहे परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर ही प्रशासनिक टीम द्वारा प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री और लंच पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही, जिसने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। सांसद आनंद भदौरिया ने डॉक्टरों की सराहना करते हुए कहा आपदा के समय चिकित्सा सेवाएं सबसे बड़ी राहत देती हैं। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का यह समर्पण बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए संबल है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक आई बाढ़ से उनकी फसलें बर्बाद हो गईं, पशुओं के चारे की किल्लत और आवागमन की दिक्कतें सामने आ रही हैं। इस पर सांसद आनंद भदौरिया ने भरोसा दिलाया किसी भी परिवार को संकट में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। हम हर कदम पर आपके साथ है, हर संभव सहायता प्राथमिकता के आधार पर दी जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### 9 से 15 सितम्बर तक जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का होगा आयोजन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय व्यक्तित्व विकास एवं जनसेवक संगठन जेसीआई लखीमपुर द्वारा 9 सितम्बर से 15 सितम्बर के मध्य जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह भर चलने वाले विविध कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को मंच प्रदान करना है। अध्यक्ष शुभम टंडन की अध्यक्षता एवं सप्ताह संयोजक सचिन अग्रवाल तथा सप्ताह प्रभारी अमित मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। संस्था का मानना है कि पूरे देश में इस सप्ताह को मनाने का प्रमुख उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना है। सप्ताह का शुभारंभ 9 सितम्बर को प्रात: 9 बजे नगर पालिका परिषद सभागार में खुले मंच कार्यक्रम से होगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के नागरिक नि:शुल्क सहभागिता कर सकेंगे। 10 सितम्बर को सुबह 10 बजे ओकेजन लॉन, सौजन्या चौराहा, खीरी रोड पर एकल नृत्य प्रतियोगिता 'डांसिंग सुपरस्टार' का ऑडिशन होगा तथा फाइनल राउंड शाम 6 बजे आयोजित किया जाएगा। 11 सितम्बर को मेलोडी मास्टर गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसका ऑडिशन प्रात: 10 बजे ओकेजन लॉन में संपन्न होगा। 12 से 14 सितम्बर तक अप स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न जनपदों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इसी क्रम में 14 सितम्बर को जेसीआई चेस टूर्नामेंट हरिमाया इंटरनेशनल स्कूल, बनी अंदेश नगर में प्रात: 9 बजे से संपन्न होगा। 15 सितम्बर को सप्ताह का समापन समारोह 'महान दिवस' के रूप में जेसीआई परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा। प्रेस वार्ता में सप्ताह संयोजक सचिन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आयेंद्र पाल सिंह सहित आयोजन समिति ने विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष शुभम टंडन, अमित मिश्रा, राहुल अग्रवाल, कनिष्क बरनवाल, सौरभ वर्मा, सौरभ गुप्ता, कुशल अग्रवाल, उत्कर्ष श्रीवास्तव, राहुल माथुर, अंकित मित्तल सहित संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी



**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को नवी की योमे पैदाईश के अवसर पर झूम उठा क्षेत्र व कस्बा,अमीर नगर मोहम्मदपुर आपको बता दें कि इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार 12 रवि अव्वल जो की तीसरा महीना है। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की विलादत (पैदाइश) मक्का शरीफ में हुई थी आपकी मां का नाम ,आमना और पिता का नाम, अब्दुल्ला था जिनकी विलादत पर आज मोहम्मद पुर मदरसा अनवर उल कुरान से हाफिज नईम अली बरकाती की मौजूदगी में हजारों की तदाद मे लोगो ने जुलुसे मोहम्मदी मे हिस्सा लिया और अमीर नगर नूरी जामा मस्जिद से हाफिज खालिद राजा की मौजूदगी में जुलूस निकल गया ।और मदरसा जीनते ए मदीना से हाफिज आरिफ राजा की मौजूदगी में जुलूस निकाला गया वही राजगढ़ से मौलाना ,खालिद राजा और हाफिज ,अब्दुल नबी ने देवरिया गांव से इमाम शरीफ अहमद की मौजूदगी में जुलूस निकाला गया वहीं लोगों ने अपने निजी वाहन कार ,मोटर साइकिल, को जुलुसे मोहम्मदी मे सरिक किया ।और जुलूस को गांव की प्रतयेक गली मे धुमाया। जुलूस में शिरकत करने बाले सूफी रियाज मियां, नन्हे खा , युनूस खां, हसीव वेग ,हिमायतुल्ला खां, हसनैन वेग ,मेराज बरकाती ,शबनुर खां ,हाफिज जकिल खा, हाफिज रिजवान ने अमीर नगर से दो किलोमीटर दूर छतरी मैं काजिम अली शाह उर्फ़ बूढ़े मियां की मजार पर सलातो सलाम पढ कर के जुलूस का समापन किया गया।

# गोंधिया में नवरात्रि जागरण की तैयारियां शुरू

- भूमि पूजन के साथ भक्ति माहौल में डूबा गांव



**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज।**

थाना भीरा क्षेत्र के गोंधिया गांव में आगामी नवरात्रि पर्व पर होने वाले भव्य जागरण की तैयारियां भूमि पूजन के साथ शुरू हो गईं। शुक्रवार को ग्रामीणों ने विधि-विधान से भूमि पूजन किया और मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

परंपरा के मुताबिक इस वर्ष भी गोंधिया गांव में नवरात्रि पर जागरण का आयोजन होगा। नौ दिनों तक मां दुर्गा के भजन-कीर्तन और सजीव झांकियां भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराएंगी। आयोजन समिति ने बताया कि पंडाल को रंग-बिरंगी झालरों से सजाया जाएगा, वहीं मां दुर्गा की प्रतिमा आकर्षक रूप से विराजमान की जाएगी। साउंड सिस्टम पर भक्ति गीतों की गूंज से माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक बनेगा।

भूमि पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं ताकि पूरे नवरात्रि पर्व में कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

पूजन कार्यक्रम में मोहन लाल वर्मा, दीनबंधु वर्मा, लालता प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा, टीकाराम वर्मा, जसवंत कुमार, रामगोविन्द, इंद्रपाल राज, हरिशंकर वर्मा, रामलखन मिश्रा, रोहित, सुमित सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। नवरात्रि की शुरुआत से ही गांव गोंधिया का हर कोना भक्ति और श्रद्धा की गूंज से सराबोर रहेगा।

# धौरहरा विधायक बनें बाढ़ पीड़ितों का सहारा

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा तहसील क्षेत्र लगातार बाढ़ की मार झेल रहा है। शुक्रवार को तहसील के बाढ़ प्रभावित गाँव मड़वा में प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी स्वयं पहुंचे और पीड़ित परिवारों के बीच जाकर राहत सामग्री वितरित की।

शिविर में मौजूद अधिकारियों की उपस्थिति में विधायक अवस्थी ने व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को भोजन, दवा या अन्य आवश्यकताओं की कमी न होने पाए। विधायक ने कहा अगर हमारे लोग भूखे रहेंगे तो हम कैसे चैन से खा सकते हैं? जनता की सेवा और उनकी परेशानी दूर करना ही हमारी असली जिम्मेदारी है। विधायक की इस संवेदनशील बात को सुनकर शिविर में मौजूद ग्रामीण भावुक हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गूंज उठा।



- मड़वा गांव में राहत शिविर लगाकर किया सामग्री वितरण, जनता बोली- नेता नहीं असली सेवक चुना है

ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा हमने नेता नहीं, असली सेवक चुना है। विधायक अवस्थी ने मौके पर तैनात प्रशासनिक अधिकारियों से हर स्तर पर सतर्क रहने और राहत कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि सरकार और जनप्रतिनिधि हर समय उनके साथ खड़े हैं।

# ईसानगर ब्लॉक प्रमुख के चार वर्ष : विकास की नई परिभाषा

- जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरे ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार, चार साल के कामों ने दिलाई पहचान





**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ईसानगर विकास खंड में ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार (दीपू) के चार वर्ष जनसेवा और विकास कार्यों के लिए चर्चित है। उनके कार्यकाल में क्षेत्र पंचायत से लेकर गांवों तक कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी हो रही है। सड़क, नाली, पुलिया, खड़ंजा, सार्वजनिक शौचालय, आरो टंकी और इंटरलॉकिंग जैसी सुविधाओं से क्षेत्र का कायाकल्प हुआ। यही नहीं, लंबे समय से जर्जर पड़े विकास खंड परिसर का भी उन्होंने कायाकल्प कराया और यहां सरदार पटेल सभागार का निर्माण हुआ, जिसे जिले का सबसे बेहतर मीटिंग हॉल माना जा रहा है।

**सार्वजनिक जगहों पर विकास को दी प्राथमिकता:-** आलोक कटियार ने न सिर्फ गांवों में बल्कि सार्वजनिक स्थानों और संस्थानों पर भी विकास कार्य कराए, जिससे आम जनता को सीधे लाभ मिला। सेमरिया हनुमान मंदिर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक शौचालय और आरो टंकी का निर्माण। जंगली नाथ नथा मंदिर दर्शनार्थियों को परेशानी न हो, इसके लिए शौचालय और पानी की टंकी बनवाई गई। थाना खमरिया परिसर आने-जाने वाले लोगों की सुविधा हेतु आरो टंकी लगवाई गई। थाना ईसानगर परिसर - पीने के पानी की सुविधा के लिए आरो टंकी का निर्माण कराया गया। पब्लिक इंटरकॉलेज में आरो टंकी निर्माण।

ईसानगर विकास खंड में बीते चार वर्षों का सफर जनता, पंचायतों और नेताओं की राय से संतोषजनक रहा। समस्याएं आईं, शिकायतें भी हुईं, लेकिन लिखित सूचना के बाद ज्यादातर जगहों पर सुधार कराया गया। यही कारण है कि जनता आज आलोक कटियार को एक काम करने वाले और जनता के साथ खड़े रहने वाले प्रतिनिधि के रूप में देखती है, और आशा करती है ऐसा ही सम विकास होता रहेगा।

### जनता की राय



सड़क खराब होने से गांव में साधन लाना ले जाना मुश्किल था। लिखकर देने के बाद सड़क पक्की बनी, इंटरलॉक लग गई। अब लोग गांव में सुगम तरीके से पहुँच सकते हैं।

**सुनील तिवारी (किसान, मूसेपुर)**

पहले शिकायत थी कि हम तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुँचता। अब महिलाओं को स्वरोजगार योजनाओं और समूहों में आर्थिक मदद दी जा रही है। इससे आत्मनिर्भरता बढ़ी है, ये क्षेत्रीय विधायक और ब्लॉक प्रमुख की सक्रियता से ही संभव हुआ।

**सुनीता देवी (महिला, ईसानगर)**



मेरी ग्राम पंचायत में ब्लॉक प्रमुख द्वारा खड़ंजा लगाने का कार्य करवाया गया जो रास्ता बेहद खराब था आज उस पर निकलने वाले लोग ब्लॉक प्रमुख की प्रशंसा करते हैं, मैं भी यह मानता हूं कि मेरी ग्राम पंचायत में ब्लॉक प्रमुख ने अच्छा विकास किया।

**अतुल त्रिपाठी (प्रधान प्रतिनिधि, चन्द्रासा खुर्द)**

**क्या कहते हैं अधिकारी:-**



ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार ने हर योजना को गंभीरता से लिया। कई बार ग्रामीणों की शिकायतें आईं, जिन पर तत्काल कार्रवाई कराई गई। उनका कार्यकाल एक आदर्श कार्यकाल कहा जा सकता है।

**धन प्राप्त यादव (खंड विकास अधिकारी, ईसानगर)**

**क्या कहते हैं क्षेत्र के संभ्रांत लोग:-**



जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ रहना ही प्रतिनिधि की पहचान है। आलोक कटियार ने इसे साबित किया। गरीबों की मदद, युवाओं को प्रोत्साहन और महिलाओं की सहायता ने उन्हें जनप्रिय बना दिया है।

**हरीश अवस्थी (संभ्रांत व्यापारी)**

**क्या कहते हैं धौरहरा विधायक:-**



ईसानगर ब्लॉक प्रमुख आलोक कटियार ने जिस तरह जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य किए, वह सराहनीय है। मैंने स्वयं कई बार उनके कार्यक्षेत्र का दौरा किया है और पाया कि उन्होंने सड़क, नाली, शौचालय और साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी। यह कार्यकाल ईसानगर के लिए एक आदर्श मॉडल है, कुछ शिकायतें भी मिली जिनके सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों निर्देशित भी किया गया।

**विनोद शंकर अवस्थी (विधायक, धौरहरा)**

**क्या कहते हैं पूर्व ब्लॉक प्रमुख:-**



जब मैं इस ब्लॉक का ब्लॉक प्रमुख था, उस समय विकसित सोच की सरकार नहीं थी। फिर भी हमने अथक प्रयासों से विकास कार्य कराए। आज भाजपा सरकार है और भाजपा का ब्लॉक प्रमुख है, इसलिए सरकार और ब्लॉक प्रमुख दोनों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। मैं कई गांवों में गया हूँ और देखा है कि विकास बेहतर हुआ है।

**राजीव अवस्थी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, ईसानगर)**

# आमीना कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



आमीना कान्वेंट स्कूल कम्मरपुर सादुल्लानगर में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने गुरुजनों के प्रति आदर व कृतज्ञता व्यक्त की।

बच्चों ने नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाट्य मंचन कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मंच संचालन वरिष्ठ छात्रों द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या बीना शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचारक नहीं बल्कि बच्चों के जीवन का मार्ग के दर्शन होता है एक शिक्षा का कार्य सिर्फ बढ़ाना ही नहीं बल्कि छात्रों के मूल संस्कार और आत्मविश्वास का निर्माण करना भी है हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के शिक्षक इसी आदर्श को अपनाकर शिक्षा का वातावरण निर्मित कर रहे हैं

विद्यालय के प्रबंधक शब्बू रजा ने कहा कि हम अध्यापक हैं और हमे इस बात का गर्व होना चाहिए।कि हम राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपना योगदान दे रहें हैं।हम बच्चों के भविष्य के निर्माण के साथ साथ एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा से आगे बढ़ रहे हैं। हमारे विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाएं इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक साहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यार्थियों ने सम्मानित किया। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी गुरुओं को उपहार व शुभकामनाएं भेंट की गईं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस अवसर पर बीना शर्मा प्रिंसिपल, फसीउल्लाह वाइस प्रिंसिपल, मिथलेश मिश्रा, फैज़, साफिया,नमरा, बुशरा, रूबी, फरहीन, अतिउल्ला, अफसर जंहा, संध्या, जन्नत, जीनत,शाह मो0, इरफ़ान आदि शिक्षक शिक्षकाएं मौजूद रहे।

# बड़े ही धूमधाम से निकला ईद मिलादुन्नबी का जलूस

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को ईद-ए-मीलादुन्नबी का जुलूस बड़े ही हर्षोल्लास और अकीदत के साथ सादुल्लानगर में निकाला गया। मरकज़ी इदारा अल जामे अतुल हशमतिया मुशाहिद नगर माहिम से दोपहर 2 बजे जुलूस रवाना हुआ। परंपरा के अनुसार निकले इस जुलूस ने विभिन्न मार्गों से होते हुए रबीउल नूर ग्राउंड तक पहुंचकर माहौल को धार्मिक रंग में रंग दिया।

जुलूस का स्वागत अंजुमन गुलामाने मुस्तफा कमेटी सहित कई संगठनों ने फूलमालाओं व पुष्पवर्षा से किया। मरकज़ी जुलूस की सरपरस्ती शहजाद-ए-मजहरे आला हजरत अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद नासिर रज़ा खान हशमती ने की, जबकि अध्यक्षता मुफ्ती मोहम्मद फरजान रज़ा खान हशमती ने की।

रबीउल नूर ग्राउंड में मुफ्ती मोहम्मद फारान रज़ा खान हशमती ने जनसमूह को संबोधित किया और दुआ पर कार्यक्रम का समापन हुआ।

इसके बाद जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों मेन मार्केट, मजार शरीफ हजरत बाबा शहीद-ए-मिल्लत, थाना चौराहा,बस अड्डा तिराहा व मुबारक मोड़ से गुजरा। जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संगठनों ने जुलूस का स्वागत किया।

बस अड्डा तिराहे पर अल्लामा मुफ्ती मोहम्मद मेहरान रज़ा खान हशमती ने पैगंबर-ए-आज़म की विलादत पर तकरीर पेश की। आगे बढ़ते हुए जुलूस हजरत बाबा इलाही बख्श रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर भी पहुंचा, जहां नात और मनकबत का सिलसिला चला। अंत में मुफ्ती नासिर रज़ा खान हशमती की दुआ पर जुलूस संपन्न हुआ।

इस मौके पर ग्राम प्रधान इमरान खान, आरजू खान, रवाब प्रधान, अमीर प्रधान, चांदबाबू रायनी, वाजिद रायनी, आमिर रायनी,सोनू रायनी, इरशाद, अनीस कादरी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फत्तेपुर से जनुक तक सड़क टूटकर बना टापू

**बी पी त्रिपाठी**



जुबेर अखमद खान, माता प्रसाद वर्मा, सरवर अली, सोहराब अली, राम तीरथ वर्मा

**ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन**

**उतरौला बलरामपुर।** विकास खण्ड उतरौला अंतर्गत ग्राम सभा फत्तेपुर जाने के लिए एक अदद सड़क नही है ग्रामीणों को उतरौला बाजार जाने के लिए नाको चना चबाना पड़ता है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड उतरौला के ग्राम फत्तेपुर जाने के लिए सड़क नही प्रधानमंत्री सड़क योजना से वरायल से सिंगार जोत जाने वाले रोड तक सड़क का निर्माण कराया गया गया वही ग्राम जनुक से फत्तेपुर जाने वाला रोड टूटकर गड्ढो में तब्दील हो है जो 20 वर्षो से पड़ा है सड़क का निर्माण नही हो पाया है।ग्राम8न कई बार उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधि से सड़क बनाने के लिए मांग किया परन्तु आज तक सड़क नही बना। ग्रामीण जुबेर अहमद खान, नासिर, जकी, सलीम शाह, प्रभु नाथ, निब्बर, समसुद्दीन, गुलबसा, सोहराब ने बताया कि फत्तेपुर का अवगनन एक दम बाधित एकलौता सड़क था वह टूटकर खत्म हो गया जनुक से फत्तेपुर तक सड़क का नामोनिशान नही रह है।जुबेर अहमद खान नव बताया विधायक राम प्रताप वर्मा से हम ग्रामीण कई बार सड़क बनाने की मांग ही परन्तु आज तक नही बना जिससे ग्रामीणों को आने जाने के पैदल दुश्वार है दुपहिया व चार पहिया वाहन की तो जय जय नही सकता ।ग्रामीणों सड़क बनाने ज लिए स्थानीय अधिकारियों एवं विधायक से की गई है पर सड़क नही बना। इस अवसर पर जुबेर अखमद खान, अनिल मौर्य, राम बरन, हरिराम, माधव, मौजूद रहे।

# अगस्त माह की आईजीआरएस रैंकिंग में पूरे प्रदेश में जनपद को मिला प्रथम रैंक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

विगत है कि जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में सम्मिलित है , डीएम द्वारा प्रतिदिन आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की जाती है एवं शिकायतकर्ताओं से शिकायत की वास्तविक निस्तारण का फीडबैक भी लिया जाता हैं तथा इस संबंध में निरंतर संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी जारी किए जाते हैं।

डीएम ने आईजीआरएस पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं



समयबद्ध निस्तारण में बेहतर प्रयास पर समस्त विभागों के अधिकारियों को बधाई दी, उन्होंने कहा कि जनमानस की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सर्वोच्च प्राथमिकता है, समस्त अधिकारी प्रतिदिन स्वयं आईजीआरएस पोर्टल को देखें तथा शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# आयुक्त व डीएम ने ग्रामीणों से की वार्ता

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा विकास खंड पचपेड़वा के थारू जनजाति ग्राम बड़का भूकुरवा पहुंचकर ग्राम चौपाल लगाई गई।

इस दौरान आयुक्त एवं डीएम द्वारा ग्रामीणों से वार्ता की गई। ग्रामीणों की बेहतर कनेक्टिविट उपलब्ध कराए जाने हेतु आयुक्त एवं डीएम द्वारा वन विभाग के अधिकारी के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। आयुक्त एवं डीएम ने ग्रामीणों से वार्ता की एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संतृप्तिकरण का फीडबैक लिया गया। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेज के



तहत ग्राम को सभी कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किया जाए। उन्होंने ग्राम बढ़वा भूकुरवा के रास्ते में पड़ने वाले पहाड़ी नाले पर फ्लड फाइटिंग का कार्य एवं मनरेगा से सॉइल इरोजन वर्क कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा, ग्राम प्रधान बड़का भुकुरवा व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


**वर्गीकृत**


HOME TUITION WALA
घर पर ही ट्यूशन पढ़वायें।
2 Days Free
Demo For Class
Nursery to 12th
ICSE/ CBSE/UP BOARD
Male/ Female Tutors are available
Mobile 7784888786
(9Am-9Pm)

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पता: निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# उत्कृष्ट कार्यकुशलता व प्रदर्शन के लिए यूपीपीटीसीएल देश में प्रथम

**ऊर्जा मंत्री ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

समृद्धि न्यूज



**55,051 सर्किट किमी का सबसे बड़ा ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित और संचालित करना। 681 सब-स्टेशनों के माध्यम से 1,69,074 एमवीए की उच्चतम ट्रांसमिशन क्षमता उपलब्ध कराना। 91 बड़े उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि कर विद्युत आपूर्ति को और सशक्त बनाना। इन उपलब्धियों के कारण यूपी ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन आज देश की सबसे बड़ी और सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में उभरा है।**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा विभाग को बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीपीटीसीएल को अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता और अद्वितीय प्रदर्शन के लिए पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल हुआ है।

पावरजेन इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में यूपीपीटीसीएल को ट्रांसमिशन कंपनी ऑफ द ईयर, स्टेट ट्रांसमिशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। प्रदेश के ऊर्जा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीपीटीसीएल ने कार्य कुशलता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परचम पूरे देश में लहराया है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि यूपीपीटीसीएल को प्रतिष्ठित सम्मान कई अद्वितीय उपलब्धियों की बदौलत मिला है, जिनमें शामिल हैं। पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना। 30,618 मेगावाट की पीक डिमांड को समय पर उपलब्ध कराना। 55,051 सर्किट किलोमीटर का सबसे बड़ा ट्रांसमिशन नेटवर्क विकसित और संचालित करना। 681 सब-स्टेशनों के माध्यम से 1,69,074 एमवीए की उच्चतम ट्रांसमिशन क्षमता उपलब्ध कराना। मात्र एक वर्ष में 13 नए सब-स्टेशन स्थापित करना और 1,263 सर्किट किलोमीटर नई ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण। 91 बड़े उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि कर विद्युत आपूर्ति को और सशक्त बनाना। इन उपलब्धियों के कारण उत्तर प्रदेश ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन आज देश की सबसे बड़ी और सर्वश्रेष्ठ ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में उभरा है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में ऊर्जा विभाग ने निरंतर उत्कृष्ट कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप यूपीपीटीसीएल को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा परिवार के अधिकारियों, अभियंताओं और कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में प्रदेशवासियों को निरंतर, गुणवत्तापूर्ण और सस्ती विद्युत आपूर्ति करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी। इस राष्ट्रीय सम्मान ने न केवल उत्तर प्रदेश की साख को पूरे देश में ऊँचा किया है बल्कि सिद्ध कर दिया है कि उत्तर प्रदेश अब ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर और अग्रणी राज्य बन चुका है। उपलब्धि प्रदेश के तेजी से विकसित होते औद्योगिक और शहरी ढांचे को सशक्त आधार प्रदान करेगी।

# मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में अगस्त में प्राप्त हुआ 16575.70 करोड़ का राजस्व : खन्ना

**मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में अगस्त 2024 के सापेक्ष अगस्त 2025 में 606.05 करोड़ रूप की वृद्धि**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश सरकार की मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अगस्त माह में 16575.70 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अगस्त माह में 15969.65 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था।

गत वर्ष अगस्त माह की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के अगस्त में 606.05 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अगस्त तक मुख्य कर राजस्व प्राप्ति वाली मदों में 89427.87 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में अगस्त माह तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 74.8 प्रतिशत है। वित्त मंत्री ने बताया कि कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी में अगस्त 2025 में 6611.59 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष अगस्त 2024 में प्राप्ति 6228.82 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह अगस्त 2025 में 2659.95 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अगस्त 2024 में प्राप्ति 2659.47 करोड़ रही थी। राज्य कर के अंतर्गत अगस्त 2025 में 9271.54 करोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई है, जबकि गतवर्ष अगस्त 2024 में 8888.29 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। गत वर्ष की तुलना में राज्य कर के अंतर्गत 383.25 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। श्री खन्ना ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत अगस्त 2025 में 3754.43 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह अगस्त 2024 में प्राप्ति 3580.51 करोड़ रही थी।

## खबरें एक नजर में

### उच्च शिक्षा मंत्री पहुंचे केजीएमयू, घायल छात्रों का जाना हालचाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री राम स्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के पुलिस के लाठीचार्ज में घायल एलएलबी के छात्रों से उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किंग चार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचकर भेंट की और उनका हालचाल जाना उच्च शिक्षा मंत्री को घायल छात्रों ने पुलिसिया बर्बरता की वीडियो दिखाई और अपने दर्द का इज़हार किया। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा, योगी सरकार छात्रों के साथ खड़ी है। उनके हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि घायल छात्रों को देखकर स्पष्ट है कि लाठीचार्ज पूरी तरह से अमानवीय और पाशविक कृत्य था। उच्चशिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस घटना में संलिप्त पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और मंडलायुक्त को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं।जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा परिषद के सचिव दिनेश राजपूत की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफएफआईआर दर्ज कराई गई है। कोई भी दोषी बचने नही पायेगा । हर पहलू की जांच की जा रही है। योगी आदित्यनाथ की सरकार में यह सब नही चलने वाला है।

### चौक समाचार पत्र समिति का स्थान रूमी गेट के निकट निर्धारित



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाचार पत्र वितरक सेवा समिति की शाखा चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति का नगर निगम द्वारा रूमी गेट पुलिस चौकी के निकट स्थान निर्धारित किया गया। उसी स्थान पर टीन सेट का कार्य आरंभ से पूर्व आचार्य राजेश शुक्ल एवं पंडित कार्तिक शुक्ल द्वारा भूमि पूजन वैदिक विधि विधान से नीरज बोरा (विधायक), श्रीअनुराग मिश्रा (पार्षद) एवं प्रदीप कुमार वर्मा चौक डिपो (अध्यक्ष ) द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर रिद्धि किशोर गौड़, शालू टंडन, अंकुर दीक्षित, नीरज अवस्थी, गोपाल नाथ शर्मा, उमाशंकर मिश्रा, राजेंद्र सिंह, दया शंकर, सतीश वर्मा, गोपाल, दिनेश चंद कश्यप, संजय अवस्थी, अनुराग पांडे व अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### ईंट लदे ट्रैक्टर ने व्यक्ति को कुचला, मौके पर मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के सैरपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सैयां गांव के पास ईंट लदे ट्रैक्टर-ट्राली ने स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी पर सवार कमलाबाद बढ़ौली निवासी 45 वर्षीय रामस्वरूप की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी पत्नी गीता को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल गीता को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने रामस्वरूप के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है।

### बारावफात के जुलूस के दौरान सिविल डिफेंस कैंप लगाए गए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बारावफात के जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए चप्पे चप्पे पर चीफवार्डेन अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में अमीनाबाद से रकाबगंज, यहियागंज, नक्खास चौराहा, टूरियागंज, हैदरगंज चौराहा से पीली कालोनी होते हुए ऐशबाग ईदगाह तक पैदल मार्च किया। जुलूस में मुख्य रूप से डिप्टी चीफवार्डेन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टॉफ ऑफिसर टू चीफवार्डेन ऋतुराज रस्तोगी, डिविजनल वार्डेन सुनील कुमार शुक्ला, नफीस अहमद, आशीष कपूर, हरीश चन्द्र, दिनेश माथुर, सतेंद्र शर्मा, डिप्टी डिविजनल वार्डेन मुशीर अहमद, रामगोपाल सिंह, सुनील कुमार कर्मचंदानी, राजेन्द्र कुमार वर्मा, रियाजउद्दीन, रीता पटेल, मजीद अली, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा, सुमित साहू, ऐश्वर्य शर्मा, आलोक सक्सेना, अनंत तोमर आदि सैकड़ों वार्डेन उपस्थित रहे।

### डंपर ने युवक को रौंदा, गाड़ी बैक करते समय पहिए के नीचे आया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर में शुक्रवार सुबह एक युवक को डंपर ने रौंद दिया। घटना सुबह 8.30 बजे स्कूटर इंडिया-पिपरसंड रोड पर स्कूटर इंडिया गेट नंबर-1 के पास हुई। मृतक की पहचान उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर निवासी ललई (35) के रूप में हुई है। युवक मौरंग से भरे डंपर को बैक करा रहा था। डंपर चालक वाहन को आगे-पीछे कर रहा था। ललई पीछे खड़े होकर चालक को निर्देश दे रहा था। इसी दौरान वह अचानक डंपर के पिछले पहिए के नीचे आ गया। घटना के बाद डंपर चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक ललई के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं।

### पुलिस चौकी में घुसकर एसआई-चौकीदार को पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा कोतवाली क्षेत्र की डॉक्टर खेड़ा चौकी में गुरुवार देर रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। रात करीब 1.30 बजे अजय गोस्वामी और उसका भाई मनोज गोस्वामी चौकी में घुस गए। दोनों ने चौकीदार लाल बहादुर से मारपीट की। आरोपियों ने चौकी में जमकर तोड़फोड़ की। उन्होंने खिड़कियों के शीशे तोड़े और सरकारी दस्तावेजों को फाड़ दिया। एसी और फर्नीचर को भी नुकसान पहुंचाया। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजकुमार के पहुंचने पर उनसे भी मारपीट की और उनकी जेब से 1300 रुपए छीन लिए। पुलिस ने घेराबंदी कर रात करीब 3 बजे मुख्य आरोपी अजय गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। उसका भाई मनोज अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने लूटे गए 1300 रुपए भी बरामद कर लिए।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने समस्त अफसरों को निर्देश जारी करते हुए कहा**

# विस निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर बढ़ाई जाएं सुविधाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अयोध्या के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने, मतदेय स्थलों पर मतदाताओं हेतु सुविधा, मतदाता सूची में उचित संख्या में अनुभाग बनाने, मतदाता सूची में 18 एवं 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं एवं महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह तथा



समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, वीआरसी आपरेटर उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी विधान सभा निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने, मतदाता सूचियों में मतदाताओं की धुंधली, काली, अस्पष्ट तथा मानक के अनुरूप न पाये जाने वाली फोटो को हटा कर उनके स्थान पर स्पष्ट व मानकानुसार फोटो अपलोड करने तथा मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों को हटाने व मतदाताओं के मकान संख्या को सही से अंकित कराये जाने के निर्देश दिये। वर्तमान मतदाता सूची में मतदाताओं के नामों में त्रुटि, मतदाता की फोटो त्रुटिपूर्ण होने, मकान नम्बर की जगह शून्य दर्ज होने के उदाहरणों के माध्यम से वांछित सुधारों के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची की ऐसी त्रुटियों को सही कराने के लिए मतदाताओं से फार्म-8 भरवाकर एक माह के भीतर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची में 18 एवं 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं की संख्या कुल मतदाताओं के अनुपात में 4 से 4.5 प्रतिशत होनी चाहिए। अयोध्या की विधानसभाओं में ऐसे मतदाताओं की संख्या अभी मात्र एक प्रतिशत है। इसका मतलब है कि जिला अयोध्या के अधिकांश 18 एवं 19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में अंकित नहीं हैं।

### महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश

उन्होंने अयोध्या की जनसंख्या के लिंगानुपात के अनुरूप मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ईआरओ को फॉर्म-8 भराकर दिव्यांग मतदाताओं का चिन्हीकरण मतदाता डेटाबेस में करने के निर्देश दिए। डाटाबेस में चिन्हीकरण होने पर दिव्यांग मतदाता भारत निर्वाचन आयोग के सक्षम मोबाईल ऐप के माध्यम से चुनाव के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी से व्हीलचेयर आदि सुविधाओं की मांग कर सकते है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रति मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर 1200 मतदाता कर दिया है। इससे चुनाव के दिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की भीड़ कम होगी और लंबी लाइनें नही लगेंगी। अब चुनाव के दौरान मतदाता मतदेय स्थल पर ज्यादा देरतकप्रतीक्षा किए बगैर आसानी से अपना मत डाल सकेंगे। मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी। बीएलओ के लिए मतदाता सूची का सत्यापन एवं रखरखाव करना आसान होगा।

### 25 हजार का इनामी गैंग लीडर गिरफ्तार

**लखनऊ ।** लखनऊ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 25,000 के इनामी गैंग लीडर नदीम उर्फ फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर लूट, छिनैती और चोरी जैसे संगीन अपराधों में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसे ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के वसंत कुंज आवास योजना के पास कढ़ा चौराहा से पकड़ा गया। आरोपी नदीम के खिलाफगैंगस्टर एक्ट के तहत थाना गुडम्बा में मुकदमा दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी क्षेत्र द्वारा 25,000 का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह व पुलिस टीम द्वारा की गई।

## राजाजीपुरम में नाला निर्माण के दौरान दीवार ढही, चार मजदूर दबे, एक गंभीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में राजाजीपुरम डी ब्लॉक में नाला निर्माण के दौरान दीवार ढहने से 4 मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ, जब नगर निगम की ओर से जल निकासी के लिए नाला निर्माण कार्य चल रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खुदाई का काम बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के शुरू किया गया था। दीवार गिरने की वजह से शैलेश, शंकु, दीपू और प्रमोद नामक मजदूर मलबे के नीचे दब गए। सभी मजदूर सीतापुर जनपद के निवासी हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मकान मालिक अर्चना त्रिवेदी ने बताया- सुबह से बिना किसी सूचना और सुरक्षा इंतजाम के खुदाई शुरू कर दी गई थी। जैसे ही गहरा गड्ढा हुआ, हमारे घर की दीवार गिर गई। नगर निगम द्वारा क्षेत्र में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए यह काम शुरू किया गया था, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए।

### इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का होगा आयोजन

**लखनऊ ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएच) की तर्ज पर यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का आयोजन होगा। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर लीग का उद्घाटन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जाएगा। शुक्रवार को राणा प्रताप मार्ग स्थित एक होटल में ट्रॉफी को रिवील किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर आनंदेश्वर पांडेय मौजूद रहे। लीग में उत्तर प्रदेश के 20 इंटरनेशनल हैंडबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान लीग की प्रतिभागी आठ टीमों के नाम भी घोषित किए गए। इस लीग के ब्रांड एम्बेसडर नवीन पूनिया (भारतीय हैंडबॉल टीम के पूर्व उपकप्तान बनाए गए हैं। लीग में 150 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख समर्थकों संग कांग्रेस में हुए शामिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था जताते हुए एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा देश के गरीब, मजदूर, दलित, शोषित, वंचित वर्ग के लोगों के हक और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार किए जा रहे सदन से लेकर सड़क तक के संघर्षों से प्रेरित होकर आज यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर जनपद सहारनपुर से पूर्व ब्लाक प्रमुख भागमल सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत करने से पूर्व आज शिक्षक दिवस के अवसर पर महान दार्शनिक, शिक्षक, राजनेता एवं लेखक रहे डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। तत्पश्चात सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व ब्लाक प्रमुख भागमल सिंह के साथ सदस्यता ग्रहण करने आए हुए लोगों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर सभी को विधिवत रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा, शिक्षक प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार राय, विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर आसिफ रिज़वी रिंकू, उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी के चेयरमैन राम मोहन शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी बदायूँ के अध्यक्ष अजीत यादव, अभिरूप राय मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### फर्जी आईएएस का पीए भी गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में वजीरगंज पुलिस ने फर्जी आईएएस सौरभ त्रिपाठी के साथ मिलकर ठगी करने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खुद को फर्जी आईएएस का पर्सनल सेक्रेटरी (पीएस) बताकर लोगों से संपर्क करता था। विभिन्न विभागों में अधिकारियों को प्रभावित करने की कोशिश करता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुमार गौरव पाण्डेय के रूप में हुई है, जो वर्तमान में गोमतीनगर विस्तार स्थित एमआई रसल कोर्ट में रहता था। उसका मूल निवास स्थान नेकपुर चौरासी, थाना फतेहगढ़, जनपद फर्रुखाबाद है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गौरव पाण्डेय कैसरबाग बस अड्डे की ओर जा रहा है। वजीरगंज थाने के उपनिरीक्षक रणविजय सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की।

# दोहरी सफलता : इनामी गैंगस्टर, पटाखा विस्फोट का आरोपी गिरफ्तार

## डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव की टीम ने की गिरफ्तारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गुडम्बा पुलिस ने शुक्रवार को दो बेहतरीन सफलताएं हासिल की। पहली सफलता हासिल करते हुए गुडम्बा पुलिस ने 25000 के इनामिया गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान नदीम उर्फ फिरोज उर्फ कामरान उर्फ जीतू उर्फ अली खान निवासी कटहरिया मोहल्ला चौक मस्जिद के पास थाना कोतवाली शहर जिला गोंडा उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई।

मामले में जानकारी देते हुए एसीपी गाजीपुर अनिंद्य विक्रम सिंह ने बताया कि गैंगस्टर नदीम उर्फ़ फिरोज अपने साथी आसिफ उर्फ़ भाईजान के साथ मिलकर एक संगठित आपराधिक गिरोह बनाकर जिला स्तर पर अपने व अपने गैंग के



अन्य सदस्यों के साथ भौतिक दुनियावी लाभ के लिए छिनैती लूट चोरी जैसे अपराध कारित करता था जिस पर 25000 का पुरस्कार घोषित किया गया था। यह शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर राजधानी लखनऊ के, गाज़ीपुर, जानकीपुरम, विकास नगर, गुडम्बा, थाने में गैंगस्टर सहित एक दर्जन से भी अधिक मुकदमे दर्ज हैं। शुक्रवार को इंस्पेक्टर



गुडम्बा प्रभातेश श्रीवास्तव ने अपनी टीम के दारोगा यशपाल सिंह कांस्टेबल दलबीर सिंह, विकल्प, कृष्ण चौधरी के संग गैंगस्टर नदीम को वसंत कुंज आवास योजना के पास कूड़ा चौराहा थाना क्षेत्र ठाकुरगंज से गिरफ़्तार कर लिया। जिसके बाद ज़रूरी प्रक्रिया सम्पन्न कर गुडम्बा पुलिस ने अभियुक्त को सलाखों के पीछे भेज दिया। वहीं दूसरी कामयाबी हासिल करते हुए गुडम्बा पुलिस ने बेहटा इलाके में हुए चर्चित पटाखा विस्फोट मामले में मानकों को दरकिनार कर पटाखा बारूद का निर्माण व भंडारण करने वाले अभियुक्त टीनू उर्फ अली अहमद को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में जानकारी देते हुए डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि बीते 31 अगस्त को गुडम्बा इलाके के ग्राम बेहटा के एक घर में विस्फोट हो गया था मकान के परखच्चे उड़ गए थे, सूचना पर तत्काल पुलिस टीमें, फायर ब्रिगेड, ऐम्बुलेंस, पहुंची थी। जमींदोज मकान से 7 लोगों को निकालकर इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा गया। जहां दो लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इलाज के दौरान गुरुवार को एक और शुक्रवार को भी एक लोग की मृत्यु हो गई अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी मिल गई थी। डीसीपी पूर्वी ने यह भी बताया कि गहनता से जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि कुछ लोगों द्वारा विस्फोटक अधिनियम की शर्तों के विरुद्ध निर्माण व भंडारण किया जा रहा था जिसके कारण इतनी बड़ी घटना घटित हुई इसके बाद स्थानीय थाने पर कई लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया था। दर्ज मुकदमे से सम्बंधित अभियुक्त टीनू उर्फ अली अहमद को बेहटा बाज़ार से शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। इस गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक थाना गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव उपनिरीक्षक हरिओम पटेल, अर्पित गुप्ता, संदीप सिंह गौर, कृपाराम यादव, कांस्टेबल रवि राणा की अहम भूमिका रही।

**मंजूरी**

**पर्यटन विभाग धार्मिक स्थलों व सांस्कृतिक धरोहरों के समग्र विकास पर दे रहा विशेष ध्यान**

# प्रतापगढ़ के मंदिरों, धामों व बौद्ध स्थलों का होगा पर्यटन विकास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। प्रतापगढ़ जिले के लिए लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन योजनाओं के तहत जिले के प्रमुख मंदिरों, धामों और बौद्ध स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विस्तार और विकास किया जाएगा। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार



सृजन में मदद मिलेगी। सरकार का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्वच्छ, सुरक्षित और आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराना है। परियोजनाओं से प्रतापगढ़ जनपद की धार्मिक आस्था से जुड़ी धरोहरों को नया स्वरूप मिलेगा। इससे क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। प्रतापगढ़ प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाला केंद्र बन सकेगा।पर्यटन विभाग ने प्रतापगढ़ में कई प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। नगर पालिका बेल्हा, रंजितपुर चिलबिला स्थित सुगता नन्द बौद्ध बिहार, वार्ड संख्या-8 जगापुर स्थित राम जानकी मंदिर, ग्राम सभा बुआपुर रूपपुर, विकासखंड मान्धाता स्थित बौद्ध बिहार, विकासखंड सांगीपुर स्थित बाबा घुईसरनाथ धाम, ग्राम सर्वजीत ब्लॉक व तहसील पट्टी स्थित मां दुर्गा मंदिर, ग्राम पंचायत नौबस्ता ब्लाक कुण्डा स्थित नरसिंह धाम मंदिर गंगा तट, ग्राम पंचायत शाहपुर ब्लाक कुण्डा स्थित बाबा अवधेश्वरनाथ धाम मंदिर गंगा तट तथा नगर पंचायत मानिकपुर स्थित मां ज्वाला देवी धाम सिद्धपीठ शामिल हैं। प्रत्येक धार्मिक स्थल के पर्यटन विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित रखते हुए उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है। प्रतापगढ़ में 8 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य शुरू किए जाएंगे, जिनसे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को नई सुविधाएं और आकर्षण मिलेंगे। परियोजनाओं के तहत गंगा तट के धामों, प्राचीन बौद्ध विहारों और मंदिरों का विकास इस तरह किया जाएगा कि आस्था, परंपरा और आधुनिकता का संगम दिखाई दे। इन प्रयासों से पर्यटन को नई गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि प्रतापगढ़ में शुरू की जा रही पर्यटन विकास परियोजनाएं प्रदेश सरकार की उस नीति का हिस्सा हैं, जिसके तहत धार्मिक स्थलों के आसपास सुविधाओं के विकास के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा रहा है।

### कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट में 'एक पेड़ गुरु के नाम' कार्यक्रम

**लखनऊ ।** कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट में शुक्रवार को एक पेड़ गुरु के नाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लखनऊ परिक्षेत्र की अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. रेणु सिंह ने इसमें शामिल होकर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जरूरत पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान अशोक के पौधे लगाए गए, जिन्हें भारतीय संस्कृति में शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। कई अध्यापक भी इस अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने स्वयं पौधों का रोपण कर अभियान को और भी सार्थक बना दिया। आयोजकों ने कहा कि यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य गुरुओं के योगदान को याद करते हुए उनकी शिक्षाओं को धरती पर हरियाली के रूप में अंकित करना है।

## मंडल रेल प्रबंधक ने चारबाग रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे, लखनऊ सुनील कुमार वर्मा ने मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं एवं यात्री सुविधाओं की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

उन्होंने यात्रियों को और भी बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए टिकट वितरण प्रणाली को और सशक्त बनाने तथा पर्याप्त संख्या में,ऊब्रू उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। ताकि यात्रियों को बिना किसी लाइन के कम समय में यात्रा टिकट प्राप्त हो सके।



स्टेशन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान देने के साथ ही यात्रियों के बैठने हेतु उपलब्ध बेंचों की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता एवं व्हीलचेयर जैसी विशेष सुविधाओं की भी समीक्षा की। स्टेशन मास्टर कार्यालय, टी,टी,टी ऑफिस, कैश ऑफिस, बुकिंग कार्यालय, अकाउंट्स ऑफिस, रिकॉर्ड रूम एवं पार्सल ऑफिस का निरीक्षण करने के उपरांत उन्होंने कर्मचारियों से संवाद से संवाद भी किया।

### सीडीओ ने आंगनबाड़ी केन्द्र रघुनाथपुर का किया निरीक्षण, रेन हार्वेस्टिंग टैंक ढकवाने के निर्देश देते हुए कहा

# स्वास्थ्य-शिक्षा से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही अक्षम्य

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द विकास खण्ड रिसिया अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र रघुनाथपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर बच्चों को समय से आंगनबाड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही थीं। लाभार्थियों को मिलने वाली सेवाओं को सुचार रूप से संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि केन्द्र पर ई-सीसीई सामग्री, आरओ सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहे। बच्चों को मिलने वाला पुष्टाहार भी केंद्र पर वितरित किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान रेन हार्वेस्टिंग टैंक खुला पाये जाने पर सीडीओ ने निर्देश दिया कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत टैंक पर ढक्कन लगवा दिया जाय। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीडीओ श्री चन्द्र ने स्पष्ट किया कि बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आंगनबाड़ी सेवाएं गरीब व जरूरतमंद बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का अहम साधन हैं।

उन्होंने कार्यकत्रियों को निर्देश दिया कि अपने पदेन उत्तरदायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से करते हुए विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुंचाए। सीडीओ ने कहा कि उनके द्वारा शीघ्र ही अन्य केन्द्रों का भी औचक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के समय डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, सीडीपीओ अनुज कुमार, पर्यवेक्षिका मोनिका तथा मुख्य सेविका रीता सोनी भी मौजूद रहीं।

## शिक्षक दिवस पर महाविद्यालय में हुआ भव्य आयोजन




**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** भवानी प्रसाद मिश्र जटाशंकर महाविद्यालय, विशेश्वरगंज में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक गरिमामयी एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की राह भी दिखाता है**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शुक्ल ने की। इस अवसर पर प्रबंधक ओमप्रकाश मिश्र, मोहन चन्द्र पाण्डेय, दीपक मिश्र, पंकज तिवारी, राजेश चौहान, गौरी शंकर त्रिपाठी एवं राजकुमार चौहान सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन चन्द्र पाण्डेय द्वारा किया गया। अपने संबोधन में शिक्षकों ने छात्रों को जीवन में शिक्षा के महत्व, संस्कारों और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की शिक्षण-परंपरा और आदर्शों को स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की राह भी दिखाता है। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रकट कीं। पूरा वातावरण गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा और आत्मीयता से सराबोर हो उठा।

# जे.एस. एकेडमी ने पेश की अनोखी मिसाल, किडनी पीड़ित रोगी की मदद कर बनाया शिक्षक दिवस



समृद्धि न्यूज

**विद्यालय परिवार ने किडनी पीड़ित के लिए जुटाए 21 हजार रुपए**

**मिहींपुरवा, बहराइच।** जहाँ एक ओर शिक्षक दिवस पर विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और समारोह का आयोजन किया गया वहीं विकासखंड मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत गंगापुर स्थित जे.एस. एकेडमी ने इस अवसर को मानवता की सेवा को समर्पित कर एक अनोखी मिसाल पेश की।

विद्यालय प्रबंधक प्रियेश मौर्य ने बताया कि इस वर्ष शिक्षक दिवस का कार्यक्रम निरस्त कर विद्यालय परिवार ने तय किया कि वे किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। इसी क्रम में छात्रों, अध्यापकों और विद्यालय ड्राइवरों ने मिलकर 21 हज़ार रुपये की धनराशि एकत्र की और उसे किडनी प्रत्यारोपण के लिए संघर्ष कर रहे संतोष कुमार पुत्र सत्यप्रकाश आयु 36 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत गंगापुर को सहयोग स्वरूप प्रदान किया।

संतोष कुमार बीते कई महीनों से दोनों किडनी खराब होने की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। चिकित्सकों ने उनके इलाज के लिए करीब 15 लाख रुपये का अनुमानित खर्च बताया है। ऐसे में विद्यालय परिवार द्वारा की गई यह मदद उनके परिवार के लिए राहत लेकर आई है।

विद्यालय के बच्चों ने बताया कि वे अपने घरों से जो भी सहयोग जुटा सके, लेकर आए और कहा कि यदि उनका छोटा-सा योगदान भी किसी की जान बचाने में काम आ जाए तो यही उनके लिए सच्चा शिक्षक दिवस होगा। वहीं विद्यालय के शिक्षकों और ड्राइवरों ने भी दो दिन का वेतन इस पुनीत कार्य में अर्पित करने का संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### गणेश चतुर्थी पर हुआ कीर्तन व भंडारे का आयाजन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्री गणेश चतुर्थी महापर्व पर जहां एक ओर देश के कोने कोने में विशाल काय गणपति बप्पा की प्रतिमा रखकर श्रद्धालु पूजा पाठ आराधना स्तुति हवन कीर्तन भजन इत्यादि करते हैं वही छेदी पुरवा निवासी दिलीप कुमार श्रीवास्तव के घर रखी गई श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष निरंतर होता रहा भजन कीर्तन व विसर्जन के 1 दिन पूर्व प्रतिमा श्रीवास्तव ,स्मृति श्रीवास्तव ,प्रवीण ,तान्या, पूनम, संध्या, प्रवीण, बबीता, किरण , मोना,नीलम डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव व इसकी पत्नी नीलम श्रीवास्तव, सुनीता ,प्रेम शंकर लाल, अनिल श्रीवास्तव सेमत दर्जनों लोगों ने श्री गणेश के समक्ष आरती कीर्तन भजन करते हुए खूब लगाए अरदास जिस समय दर्जनों बैठे श्रद्धालु भक्ति भाव से झूम उठे।

### लायंस क्लब गोंडा सेवा ने मेजर राजेश को किया सम्मानित



**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर लांयस क्लब गोंडा सेवा द्वारा श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बडगांव के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी को उनके द्वारा दिए गए अतुलनीय अविस्मरणी योगदान के लिए, उनके सतत प्रयास से विद्यालय को एक नया आयाम प्रदान करने के लिए संस्था में जाकर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी वर्ष 2017 से प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। इनके प्रयास से विद्यालय का वातावरण एवं शिक्षा का स्तर उत्कृष्ट हुआ है। इस अवसर पर सम्मानित होने के उपरांत प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने कहा कि यह सब पूरे विद्यालय परिवार के कर्तव्य निष्ठा से संभव हुआ है। इस अवसर पर लायंस क्लब गोंडा सेवा से लायन राजकुमार जायसवाल, लायन अमित पांडे, लायन पवन जायसवाल, लायन राजीव अग्रवाल, लायन बी.पी. जायसवाल के अलावा अध्यापकगण रोशन लाल, रामनारायण उपाध्याय, संतोषकुमार, अनिल सिंह, रामजीत राम, हरि शंकर द्विवेदी, पीतांबर, गिरजा शंकर मिश्रा, रामदुलारे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जिले में निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। सैय्यद सालार मसऊद गाजी दरगाह से शुरू हुआ जुलूस छावनी चौराहे तक पहुंचा। जुलूस में शामिल लोगों ने तिरंगा थामा और सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाए। सुबह 8 बजे सीरत कमेटी की अगुवाई में मुस्लिम मुसाफिर खाने से जुलूस की शुरुआत हुई। जुमा की नमाज के समय जुलूस को रोका गया। नमाज के बाद जुलूस फिर से शुरू हुआ। दरगाह शरीफ, छावनी, काजीपुरा समेत 30 से अधिक स्थानों से हजारों लोग इसमें शामिल हुए। छावनी चौराहे पर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह और अब्दुल मन्नान ने जुलूस का स्वागत किया। जुलूस तय मार्ग से होते हुए घंटाघर चौक पर समाप्त हुआ। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

### एम्स इंटरनेशनल स्कूल में एसपी ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक दिवस के अवसर पर एम्स इंटरनेशनल स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शिक्षकों की भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। वे राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस अधीक्षक ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनका जीवन चरित्र हमें कुछ बेहतर करने की प्रेरणा देता है। साथ ही यह समाज के निर्माण में अधिकतम योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

# गणेश पूजा विसर्जन की तैयारी का एएसपी ने लिया जायजा

**पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में किया फ्लैग मार्च, सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** शनिवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। नगर क्षेत्र में बीस से अधिक पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होना है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने गुरुवार की देर शाम सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने क्षेत्राधिकारी नगर, कोतवाली नगर प्रभारी राकेश सिंह और महिला थाना प्रभारी के साथ पुलिस बल, पीएसी और रिक्रूट आरक्षियों के साथ घंटाघर के आसपास और मुख्य बाजारों में पैदल मार्च किया।पुलिस ने मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लोगों से आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति को देखें तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## शिक्षक दिवस व दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया में शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर महाविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय संस्थापक पुत्र कृष्ण लाल श्रीवास्तव रहे। उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार पूर्वक छात्र छात्राओं को अवगत कराया।साथ ही साथ बताया कि शिक्षक दिवस का दिन अपने टीचरों के प्रति सम्मान व आभार प्रकट करने का दिन है। शिक्षक ही हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भरते हैं। शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नहीं हैं, वे हमारे भविष्य को संवारकर हमें जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दिव्य दर्शन तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि इस महाविद्यालय की स्थापना भी एक शिक्षक द्वारा की गई थी, उन्होंने शिक्षक एवं छात्रों को गुरु – शिष्य परंपरा का पालन करने के लिए कहा।

# मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा ने किया शिक्षिकाओं का सम्मान



समृद्धि न्यूज

**गोन्डा।** गुरुवार को सांयकाल मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा बडगांव पुलिस चौकी के पास स्थित ड्रीम वर्ल्ड स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों का सम्मान किया। मंच द्वारा प्रधानाचार्या शालिनी श्रीवास्तव, शिक्षिका ममता अग्रवाल, सविता सिंह, अमित कुमार, शालिनी अग्रवाल आदि को दुपट्टा पहना कर स्मृति चिन्ह और पेन, डायरी भेंट स्वरूप देकर आभार प्रकट किया गया।

साथ ही मंच की सदस्या एवं शिक्षिका श्रेया महेश्वरी, शालिनी अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल एवं वर्तिका सोमानी को भी मंच द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चों को गिफ्ट के रूप में चाकलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की अध्यक्षा अनिता मनीरामका ने कहा कि बच्चों के प्रस्तुतियां एवं सदस्यों के प्रेरणा दायी शब्द इस कार्यक्रम के खास झलक बनी रही और तो और यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि शिक्षकों के प्रति आभार एवं गुरु शिष्य परंपरा को सशक्त बनाने का अवसर प्राप्त होता है।

कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय संयोजक (नारी चेतना) की नीलम जैन, देवीपाटन महिला शाखा की अध्यक्षा अनिता मनीरामका, सचिव पिंकी नहारिया, कोषाध्यक्ष सोनम अग्रवाल, ज्योति गर्ग, निहारिका तुलस्यान, श्रेया, शालिनी अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, राधा पचेरिया सहित स्कूल के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित

**बहराइच।** महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. संजय खत्री के सम्मान के साथ हुई, इसके उपरांत उनके करकमलों द्वारा समारोह का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।डॉ. इंद्र कुमार, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, एनाटॉमी विभाग को बेस्ट टीचर अवॉर्ड,डॉ. परमात्मा मिश्र, आचार्य, एनाटॉमी विभाग को बेस्ट इनोवेटिव टीचिंग मैथड अवॉर्ड,डॉ. राहुल अग्रवाल, सह-आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फार्माकोलॉजी विभाग को बेस्ट डिजिटल टीचर अवॉर्ड,डॉ. इस्मत, सह-आचार्य, माइक्रोबायोलॉजी विभाग को बेस्ट इंस्पायरिंग टीचर अवॉर्ड,डॉ. नृपेंद्र सिंह, सह-आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग को बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड से नवाजा गया।

# ईपीएफ और पुनर्समायोजन की मांग को लेकर शिक्षा मित्रों ने किया प्रदर्शन



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। संघ के प्रदेश प्रवक्ता शिव श्याम मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में शिक्षा मित्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज उठाई।

प्रवक्ता शिव श्याम मिश्र ने बताया कि वर्तमान में शिक्षा मित्रों को केवल 10 हजार रुपए का मानदेय मिल रहा है। बढ़ती महंगाई के बीच यह राशि बेहद कम है। उन्होंने मानदेय में वृद्धि की मांग के साथ-साथ शिक्षा मित्रों को ईपीएफ योजना में शामिल करने की मांग भी रखी। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 2017 से उन्हें केवल 11 महीने का ही वेतन मिल रहा है। इससे वे आर्थिक और मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। साथ ही मूल विद्यालय से वंचित शिक्षा मित्रों को उनकी ग्राम पंचायत के अन्य विद्यालयों में समायोजित करने की मांग भी की गई। प्रदर्शन में अनिल सिंह, राजेश सिंह, राहुल पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

## प्रशासन ने ग्रामीणों को दी नोटिस, मकानों को बताया अवैध



**बहराइच।** कैसरगंज क्षेत्र में प्रशासन ने लोनियनपुरवा गांव के निवासियों को नोटिस जारी किया है। प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों के मकान सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने हुए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि वे सैकड़ों वर्षों से इस जमीन पर निवास कर रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से बसे मकानों को अचानक अवैध घोषित करना उचित नहीं है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। पत्र में मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की गई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि ग्रामीणों के मकान गिराए जाने पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीण प्रशासन से अपनी समस्या का समाधान और न्याय की मांग कर रहे हैं।

# एग्जीक्यूटिव असिस्टटेंट ने कृषकों के प्लॉटों में बोई गई गन्ने की फसलों का किया भ्रमण

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की एग्जीक्यूटिव असिस्टेन्ट साक्षी गिनोडिया ने बजाज चीनी मिल, कुन्दरखी परिक्षेत्र गोंडा का दो दिवसीय प्लान्ट भ्रमण एवं कृषकों के प्लाटों में बोई गई गन्ने की फसलों का भ्रमण किया। उन्होने इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह व वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी के साथ फील्ड में भी जाकर गन्ने की खड़ी फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारखाने के सभी विभागाध्यक्षों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी पेराई सत्र 2025-26 हेतु महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

प्लाट भ्रमण के दौरान चेयरमैन की एग्जीक्यूटिव असिस्टेन्ट चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सर्वप्रथम सोहांस गांव में पंहुचकर खेतों में खड़ी गन्ने की अगेती प्रजाति की फसल का जायजा लिया। इसके उपरान्त सभी लोग रामपुर गांव के ग्राम प्रधान सत्येन्द्र विक्रम सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह के गन्ना प्लाट पर पंहुचकर को.जे. 85 एवं को.लख. 14201 गन्ना प्लाटो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम रामपुर में आयोजित कृषक गोष्ठी में भी प्रतिभाग किया। गोष्ठी के दौरान मौजूद कृषकों को गन्ने की उपज बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गयीं। तत्पश्चात ग्राम पिकौरा, झिलाही, सेहरिया, धनेष्वरपुर, परसापुर महरोर का निरीक्षण करते हुये सभी लोग ग्राम करदा के कृषक अब्दुल समद पुत्र शमशेर के गन्ना प्रजाति को. 0118 व कृषक मकबूल पुत्र भूलर के गन्ने की प्रजाति को. 0238 तथा ग्राम बन्धवा के कृषक शमसुल हक पुत्र हसन मोहम्मद के गन्ना प्रजाति को. 0118 व को. 0238 के प्लाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान चीनी मिल के अधिकारियों ने मौजूद कृषक भाईयों को उत्पादन बढ़ाने सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। निरीक्षण के दौरान जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला, उप महाप्रबन्धक गन्ना प्रदीप पवार, वरिष्ठ प्रबन्धक निखिलेश कुमार सिंह, दिनेश सिंह, शशिकान्त दूबे, विष्णु प्रताप सिंह, रमेश प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार सिंह व विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान का लायंस क्लब गोंडा ने किया सम्मान

समृद्धि न्यूज



**गोंडा।** बबिता सिंह चौहान जी अध्यक्ष महिला आयोग उत्तर प्रदेश के जनपद गोण्डा मे प्रथम आगमन पर लायंस क्लब गोण्डा अवध द्वारा सर्किट हाउस मे उनका स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात उनके जेल निरीक्षण कार्यक्रम मे महिला कैदीयों के Skill devoplment के विषय मे चर्चा की गयी. जिसके लिए लायंस क्लब गोण्डा अवध द्वारा महिला कैदीयों के लिए 2 अदद सिलाई मशीन गाँधी जयंती के अवसर पर देने का सहर्ष घोषणा की गयी। इसके पश्चात लायन बबिता सिंह चौहान द्वारा ट्री प्लांटेशन का कार्य किया गया और एक पेड़ द्वलायन सुदेश मोहन जी की स्मृति मे अपने कर कमलों से लगाया गया।

लायन बाबिता सिंह चौहान जी द्वारा लायंस क्लब गोण्डा अवध की प्रशंसा की गयी कि ट्री प्लांटेशन के साथ पेड़ो की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था अत्यंत उत्तम है।

वृद्ध आश्रम मे लायंस क्लब गोण्डा अवध द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर मे पधार कर अपने हाथो से वृद्ध जनो को चश्मा वितरण किया गया। लायन बबिता सिंह चौहान द्वारा लायंस क्लब गोण्डा अवध के सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रसंशा की गयी की कम समय मे इतने अच्छे सेवा कार्य सम्पादित किये गए है। कार्यक्रम संयोजक क्लब निदेशक लायन दिलीप सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लायंस क्लब इंटरनेशनल पूरे दुनिया में दिन-रात सेवा कार्य और अपने से कम भाग्यशाली लोगों की मदद कर रहा है लायंस क्लब का सदस्य होने पर गर्व महसूस होता है।

उपरोक्त कार्यक्रम में रमेश सिंह अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा अध्यक्ष प्रेरणा क्लब, डॉक्टर पुण्योदय मिश्रा, अनीता सिंह, अनिल अग्रवाल, सुनील नेवटिया, उदय गुप्ता मौजूद रहे।

**शिविर** | थारू जनजातीय क्षेत्र में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, आयुक्त ने किया शुभारंभ

# मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर कर किया जाए फॉलोअप

**ग्राम चौपाल में आयुक्त-डीएम का संवाद, वाइब्रेंट विलेज योजना से संतृप्त होगा बढ़वा भूकुरवा**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा/बलरामपुर।** बॉर्डर एरिया में रहने वाले ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को बलरामपुर जिले के विकास खंड पचपेड़वा के थारू संग्रहालय में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील द्वारा किया गया।

आयुक्त द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य कैम्पों का निरीक्षण भी किया गया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्साधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक मरीज का फॉलोअप किया जाए ताकि उनकी बीमारियों का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से गर्भवती महिलाओं व बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषण की जानकारी ली। आयुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ही आयुक्त ने कहीं परिषदीय विद्यालयों के बच्चों से पढ़ाई से सम्बन्धित कई छोटे-छोटे सवाल पूछे जिनका सभी बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया। आयुक्त ने बच्चों के ज्ञान का स्तर देख उनको शाबाशी दी। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर थारू जनजाति समुदाय के लोगों से सीधा संवाद भी किया। संवाद करते हुए आयुक्त ने कहा कि हम सबका प्रयास है कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य सही हो और उन्हें समय पर उचित पोषण मिले। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे और सभी पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे। छोटी-छोटी बीमारियों को भी नजरअंदाज न किया जाए क्योंकि यही आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती हैं। आयुक्त ने कहा कि सीमावर्ती (बार्डर एरिया) क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से डोर-टू-डोर अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी व पंचायती राज विभाग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में इन विभागों का अहम योगदान है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं और जरूरतमंद मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर करने के बाद उनका फॉलोअप अनिवार्य रूप से किया जाए। इस मौके पर आयुक्त ने डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ कई आयुष्मान लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये और साथ ही महिलाओं व बच्चों को अपने हाथों से पोषहार, टाफियां व मिठाई भी वितरित की। स्वास्थ्य शिविर के बाद आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील और जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने थारू जनजाति ग्राम बढ़वा भूकुरवा में ग्राम चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और मूलभूत सुविधाओं व विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत ग्राम को सभी कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किया जाए। ग्रामीणों द्वारा बेहतर कनेक्टिविटी की मांग पर आयुक्त व डीएम ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं, ग्राम बढ़वा भूकुरवा के रास्ते में पड़ने वाले पहाड़ी नाले पर फ्लड फाइटिंग कार्य और मनरेगा से सॉइल इरोजन वर्क कराने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा, ग्राम प्रधान बड़का भुकुरवा सहित अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जीएसटी सुधार या भूल सुधार

30 जून और 1 जुलाई 2017 की आधी रात को संसद भवन को बिजली की लड़ियों और फूलों से सजाया गया था। जगमगाती संसद में नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक आजादी की घोषणा की और वो भी आधी रात को। मीडिया ने इसे हिंदुस्तान का ऐतिहासिक पल बताया था। मकसद साफ़ था कि नेहरूजी ने आधी रात को ही दुनिया के सामने देश की आजादी का ऐलान किया था, तो किसी भी तरह उनके समकक्ष आने के लिए नरेन्द्र मोदी ने संसद भवन का ही इस्तेमाल किया और वह भी आधी रात को। दरअसल 1 जुलाई 2017 से गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स (जीएसटी) लागू हुई और इसमें वैट, सेवा टैक्स और एक्साइज ड्यूटी जैसे कई अप्रत्यक्ष टैक्स को एक साथ किया गया। लेकिन जिस तरह नोटबंदी की असफलता देश के सामने आने में देर नहीं हुई। वैसे ही जीएसटी की कमियां भी व्यापारियों को परेशान करने लगीं और आम आदमी के लिए भी कई तरह से यह व्यवस्था मारक साबित हुई। अब इस साल प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लालकिले से जीएसटी में महत्वपूर्ण बदलाव के वादे किए थे। उनके हिसाब से यह जनता के लिए दीवाली का तोहफ़ा होगा। लेकिन शायद बिहार चुनाव के कारण दीवाली से पहले ही जीएसटी में दरों में बदलाव किया गया है, जो इसी महीने 22 सितंबर से लागू हो जाएगा। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को इसकी मंजूरी दे दी है। अब 12फ़ीसदी और 28 फ़ीसदी की कर स्लैब को खत्म कर दिया गया है। केवल दो स्लैब 5 फ़ीसदी और 18 फ़ीसदी रहेंगे साथ ही सिगरेट, शराब, निजी नौका, हेलीकॉप्टर जैसे ख़ास सामानों पर 40फ़ीसदी की विशेष कर दर लागू की जाएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि ये सुधार आम आदमी को ध्यान में रखकर किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह सुधार आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग, और एमएसएमई के लिए लाभकारी होंगे। मीडिया एक बार फिर चरणवंदन में लग चुका है। इसे मोदी का मास्टरस्ट्रोक जैसे शीर्षकों से पेश किया जा रहा है, जबकि असल में यह कांग्रेस की सलाह पर अमल है और अपनी गलती का सुधार है। 2017 से आम आदमी को रोजमर्रा की जरूरतों से लेकर जीवनरक्षक दवाओं तक सब पर जीएसटी का भार सहना पड़ता था। अब सरकार इसे आम आदमी के लिए राहत बता रही है। राहुल गांधी 2017 से लेकर अब तक कई बार यह मांग कर चुके थे कि गरीबों, मध्यम वर्ग और एमएसएमई आदि को ध्यान में रखकर कर की दरें लागू हों, लेकिन उनकी बात को नहीं सुना गया। दरअसल जीएसटी के कारण खाद, किताब, ट्रैक्टर, दवाई, पढ़ाई दूध-दही, आटा-अनाज, यहां तक कि बच्चों की पेंसिल-किताबें, ऑक्सीजन, इंश्योरेंस और अस्पताल के खर्च जैसी रोजमर्रा की चीजें भी महंगी हो गई थीं। देश के इतिहास में पहली बार किसानों पर टैक्स लगा, सरकार ने कृषि क्षेत्र की कम से कम 36 वस्तुओं पर जीएसटी थोपा था। अब राहत देकर इसे जनता के लिए एक बड़े तोहफे के तौर पर पेश किया जा रहा है। नए जीएसटी स्लैब के बाद अब कैंसर की जीवन रक्षक दवाओं पर अब शून्य दर से कर लगेगा। दूध, पनीर, स्नैक्स और ब्रेड सहित आम उपभोग की 175 वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। पनीर, छेना और पराठे सहित सभी प्रकार की भारतीय रोटियों पर कर 5 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा। बालों का तेल, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, रसोई के सामान अब 5 प्रतिशत कर के दायरे में आएंगे।

# भारत की चिप क्रांति : हकीकत की तरफ बढ़ते सपने

**डॉ सत्यवान सौरभ**



**चिप अथवा सेमीकंडक्टर आज के युग की सबसे अनिवार्य धुरी है। बीसवीं शताब्दी में तेल ने जैसे विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था को संचालित किया था, उसी प्रकार इक्कीसवीं शताब्दी में चिप वैश्विक शक्ति संतुलन का आधार बन चुकी है। आधुनिक जीवन का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। मोबाइल फ़ोन, कंप्यूटर, स्मार्ट यंत्र, वाहन, रेल, हवाई जहाज़, रक्षा उपकरण, उपग्रह, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नत यंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोट तक-हर क्षेत्र में चिप की अनिवार्यता स्पष्ट दिखाई देती है। इसीलिए जो राष्ट्र इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त है, वही आने वाले समय में विश्व की राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाएगा। भारत की स्थिति लंबे समय तक इस क्षेत्र में कमजोर रही।**

भारत आज उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है जहाँ तकनीकी आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक प्रगति का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गर्व और वैश्विक नेतृत्व की दिशा भी बन गई है। दशकों तक चिप और सेमीकंडक्टर क्षेत्र में केवल उपभोक्ता के रूप में पहचाने जाने वाला भारत अब निर्माता और आपूर्तिकर्ता बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मगौरव का भी प्रतीक है। सेमीकंडक्टर मिशन, वैश्विक सहयोग, और शिक्षा व अनुसंधान में निवेश ने भारत की चिप क्रांति को साकार रूप दिया है।

भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विश्व स्तर पर अपनी तकनीकी पहचान बनाई है। गुजरात और कर्नाटक में चिप पार्क, विदेशी निवेश और शिक्षा संस्थानों की सक्रिय भागीदारी ने इस अभियान को गति दी है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन 2025 में भारत ने सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभों पर बल देकर तकनीक को साझा भविष्य का आधार बताया। यह चिप क्रांति न केवल आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और आत्मगौरव की नई उड़ान भी भर रही है। भारत आज उस ऐतिहासिक दौर से गुजर रहा है जहाँ सपने नये यथार्थ का रूप ले चुके हैं। दशकों तक जिस देश को तकनीक के क्षेत्र में उपभोक्ता भर समझा जाता था, वही देश आज निर्माता, आपूर्तिकर्ता और नवप्रवर्तक बनने की राह पर तेज़ी से बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण की दिशा में भारत के प्रयास इसी परिवर्तन की सबसे सशक्त गवाही देते हैं। यह केवल तकनीकी विकास का संकेत नहीं है बल्कि राष्ट्रीय आत्मगौरव, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की उड़ान भी है।

चिप अथवा सेमीकंडक्टर आज के युग की सबसे अनिवार्य धुरी है। बीसवीं शताब्दी में तेल ने जैसे विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था को संचालित किया था, उसी प्रकार इक्कीसवीं शताब्दी में चिप वैश्विक शक्ति संतुलन का आधार बन चुकी है। आधुनिक जीवन का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। मोबाइल फ़ोन, कंप्यूटर, स्मार्ट यंत्र, वाहन, रेल, हवाई जहाज़, रक्षा उपकरण, उपग्रह, स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नत यंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोट तक-हर क्षेत्र में चिप की अनिवार्यता स्पष्ट दिखाई देती है। इसीलिए जो राष्ट्र इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त है, वही आने वाले समय में विश्व की राजनीति और अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

भारत की स्थिति लंबे समय तक इस क्षेत्र में कमजोर रही। भारी पूंजी निवेश, लगातार ऊर्जा और जल संसाधनों की आवश्यकता, प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी और अनुसंधान की उपेक्षा जैसे कारणों से भारत पिछड़ता रहा। चीन, ताइवान, अमेरिका और कोरिया जैसे देशों ने इस स्थिति का लाभ उठाकर वैश्विक बाज़ार पर प्रभुत्व कायम किया और भारत को केवल एक विशाल उपभोक्ता बाज़ार के रूप में देखा जाने लगा। किन्तु राष्ट्रों के जीवन में भी ऐसे क्षण आते हैं जब परिस्थितियाँ बदली हुई राह पर चलने को बाध्य करती हैं। भारत के लिए भी यही अवसर बीते कुछ वर्षों में आया और उसने चुनौती को अवसर में बदलने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुए 'डिजिटल इंडिया', 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे अभियानों ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में नया उत्साह जगाया। इन अभियानों ने यह संदेश दिया कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता भी बनेगा। वर्ष 2021 में घोषित भारत सेमीकंडक्टर मिशन ने इस संकल्प को ठोस आधार प्रदान किया। इसके अंतर्गत गुजरात और कर्नाटक में चिप निर्माण पार्क स्थापित करने की दिशा में कार्य प्रारम्भ हुआ। ताइवान, जापान और अमेरिका की कंपनियों ने भारत में निवेश और सहयोग की इच्छा प्रकट की। अरबों डॉलर के निवेश प्रस्ताव आए और अनुसंधान संस्थानों को सीधे इस अभियान से जोड़ा गया।

कोविड महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को उजागर कर दिया। जब चीन और ताइवान के कारखाने ठप पड़े तो पूरी दुनिया में मोबाइल, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का संकट खड़ा हो गया। कीमतें बढ़ीं, उत्पादन ठप हुआ और उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उस कठिन दौर में भारत ने महसूस किया कि तकनीकी आत्मनिर्भरता केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता का भी प्रश्न है। तभी भारत ने यह अवसर पहचाना और अपने को आपूर्ति श्रृंखला का विश्वसनीय केंद्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए।

हाल ही में चीन के तियानजिन शहर में सम्पन्न शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। भारत ने यहाँ अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए सुरक्षा, संपर्क और अवसर के तीन स्तंभ प्रस्तुत किए। भारत ने कहा कि तकनीक केवल व्यापार और उद्योग का विषय नहीं, बल्कि साझा सुरक्षा, स्थायी संपर्क और सामूहिक अवसर का आधार है। सेमीकंडक्टर विकास और डिजिटल नवाचार को सामूहिक प्राथमिकता बनाने का भारत का आह्वान इस सम्मेलन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रहा। तियानजिन घोषणा पत्र में भारत की यह दृष्टि परिलक्षित हुई, जिससे यह प्रमाणित हो गया कि विश्व समुदाय भारत के बढ़ते तकनीकी महत्व को स्वीकार कर रहा है। भारत ने इस प्रयास को केवल उद्योग तक सीमित नहीं रखा है। शिक्षा संस्थानों, अनुसंधान केन्द्रों और स्टार्टअप्स को भी इस अभियान से जोड़ा जा रहा है। आईआईटी, एनआईटी और अन्य विश्वविद्यालयों में चिप डिजाइनिंग, नैनो टेक्नोलॉजी और एंबेडेड सिस्टम से जुड़े पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं। युवाओं को अनुसंधान और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। इस प्रकार आने वाली पीढ़ी को तकनीकी नेतृत्व सौंपने की ठोस तैयारी की जा रही है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत का यह अभियान रोज़गार सृजन और औद्योगिक विकास का भी आधार बनेगा। अनुमान है कि आने वाले दस वर्षों में इस क्षेत्र से दस लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर पैदा होंगे।

## उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम-समाधान कम समस्या ज्यादा

**दिनकर कपूर**

विगत 2 सिंतबर 2025 को उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड का गठन करने का फैसला लिया गया है। सरकार का यह कहना है कि इस निगम के बनने के बाद प्रदेश में सरकारी विभागों के कार्यों में चल रही आउटसोर्सिंग अधिक पारदर्शी होगी। कर्मचारियों को पूरा मानदेय मिलेगा और मासिक वेतन के साथ ही उनके ईपीएफ और ईएसआई खातों में सीधे पैसा जायेगा। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए 16 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है और यह प्रावधान किया गया है कि 3 साल तक विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी अपनी सेवा प्रदान कर सकेंगे। कहा जा रहा है कि आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन विभाग की बजाए अब निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से करेगा। कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत इस निगम लिमिटेड का गठन किया गया है जो नान प्रॉफिटेबल कम्पनी है। प्रावधान किया गया है कि आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कर्मचारी उपलब्ध कराने के एवज में निगम विभाग से प्रत्येक कर्मचारी से एक प्रतिशत सेस की वसूली करेगा जिसे निगम कार्यों पर खर्च किया जाएगा और शेष धनराशि आउटसोर्स मजदूरों के वेलफेयर के लिए खर्च की जाएगी। यह भी निगम के गठन के दस्तावेज में रखा गया है कि सृजित पदों पर आउटसोर्सिंग की भर्ती नहीं की जाएगी। आउटसोर्सिंग में एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, महिलाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों और भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण देना सुनिश्चित किया जाएगा। इस आयोग के गठन के बाद समाज में मिश्रित प्रतिक्रियाएं हैं। कुछ लोग इसे सरकार का ऐतिहासिक कदम मान रहे हैं तो वहीं कुछ लोग इसे स्थाई भर्ती की जगह आउटसोर्सिंग से काम कराने की कार्रवाई के रूप में देख रहे हैं। यदि इसके दस्तावेजों को गौर से देखा जाए तो कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार के कार्मिक विभाग के शासनादेश दिनांक 6 जनवरी 2020 में स्पष्ट प्रावधानों के अनुसार सृजित पदों के विरुद्ध आउटसोर्सिंग के आधार पर सेवाएं लेना पूर्णतया प्रतिबंधित है और आउटसोर्सिंग पद का सृजन भी पूर्णतया वर्जित है। इसके बावजूद इस निगम द्वारा चार श्रेणियां में पदों का विभाजन किया गया है। श्रेणी एक में चिकित्सीय, इंजीनियरिंग, व्याख्यान, परियोजना प्रबंधन, लेखा, वास्तुविद, अनुसंधान सेवाएं शामिल हैं। श्रेणी 2 में कार्यालय सेवाएं, आशुलिपिकीय, लेखा, डाटा प्रोसेसिंग, अनुवाद, कल्याण, कला शिक्षण, शारीरिक प्रशिक्षण, शिक्षण, ड्राफ्टिंग, एक्सरे, नर्सिंग, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, कानूनी परामर्शदाता, सांख्यिकी सेवाएं आयेंगी। श्रेणी 3 में कार्यालय, आशुलिपिकीय स्तर 3, टंकण, दूरसंचार, भंडारण, फोटोग्राफी, डाटा प्रोसेसिंग, पुस्तकालय, इलेक्ट्रीशियन, यांत्रिक, फिटर, प्रयोगशाला परिचालन, पैरामेडिकल, पर्यवेक्षणीय, प्रबंधकीय सेवाएं, वाहन चालन सेवाएं आयेंगी। श्रेणी 4 में कार्यालय सेवाएं, लिफ्ट ऑपरेटर, प्रयोगशाला, अभिलेख, कार्यालय अधीनस्थ, भंडारण, डाक, रंग रोगन, खानपान, बागवान, श्रम सेवाएं जैसी 43 विशिष्ट सेवाएं और यांत्रिक, विद्युत, सैनिटेशन, पंपिंग, फायर सुरक्षा सेवाएं इत्यादि जैसी अति विशिष्ट 47 सेवाएं शामिल की गई हैं। इस सूची में प्रदेश में मौजूदा समय में आपको सरकारी विभागों में ज्यादातर जारी काम देखने को मिलेंगे। यहीं कारण है कि इस निगम के गठन के पूर्व प्रदेश के लगभग जितने भी विभाग हैं सभी विभागों से अनापत्ति हासिल की गई है। स्पष्ट है कि यह सारी सेवाएं जो अभी स्थाई कामों और सृजित पदों में हो रही हैं आने वाले समय में उन सबके आउटसोर्सिंग यानी संविदा प्रथा में जाने की तैयारी इस निगम के गठन के साथ की गई है। सब लोग अवगत हैं कि ठेका मजदूर कानून 1970 की धारा 10 स्पष्ट रूप से कहती है कि परमानेंट नेचर के काम में संविदा ठेका प्रथा लागू नहीं की जाएगी। इसके बावजूद राष्ट्रपति भवन से लेकर हर विभाग में धीरे-धीरे संविदा प्रथा चालू कर दी गई है, जिसके जरिए स्थाई कामों और सृजित पदों के सापेक्ष बेहद कम मानदेय या पारिश्रमिक पर काम कराकर मजदूरों और कर्मचारियों की श्रम शक्ति की बड़े पैमाने पर लूट की जा रही है।

**विचार**

# कांग्रेस के लिए अभी भी दिल्ली बहुत दूर है

**मनोज कुमार मिश्र**




**खास बात यह है कि चुनाव नतीजों के बाद भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेता भी प्रसन्न थे। उन्हें लगता था कि आआपा की पराजय के साथ कांग्रेस की वापसी होगी लेकिन अभी तक एक भी कार्यक्रम ऐसा न हुआ जिससे लगे कि कांग्रेस दिल्ली में वापसी के लिए कोई प्रयास कर रही है। न ही आआपा में कोई भगदड़ मची। साल 2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और साल 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुई।**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार तेजस्वी यादव के साथ पूरे बिहार का दौरा करने के बाद कांग्रेस के सबसे बड़े नेता माने जाने वाले राहुल गांधी अपने लोगों में यह जताने का प्रयास कर रहे हैं कि उन्होंने बिहार जीत लिया। बिहार विधानसभा का चुनाव आने वाले दिनों में होने वाला है। जिसमें इस बार भी मुख्य रूप से राजद-कांग्रेस की अगुवाई वाले महागठबंधन बनाम भाजपा-जनता दल (एकी) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच चुनावी मुकाबला होना लगभग तय है। जिस कांग्रेस ने आजादी के बाद से बिहार में करीब चालीस साल शासन किया है, उसके नेता बड़े गर्व के साथ एक तरह से राजद का पिछलग्गू बनना स्वीकार लिया।

देश में राजग, भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पराजित करने का सपना देखने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली समेत उन राज्यों में भी पार्टी को नहीं खड़ी कर पा रहे, जहां अतीत में कांग्रेस सालों तक शासन में रही है। वास्तविकता तो यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस एकबार पराजित हुई, वहां उसकी वापसी ही नहीं हो पाई। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने भाजपा पर संविधान बदलने के बेबुनियाद आरोप लगा कर मुद्दा बनाने की कोशिश की। उससे कुछ भ्रम की स्थिति बनी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार राजग केन्द्र में सरकार बनाने में कामयाब हुआ और राजग का दायरा बढ़ता गया। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात सीटों की स्थिति देखें तो आम आदमी पार्टी (आआपा) के साथ सीटों के तालमेल के साथ यहां उतरी कांग्रेस ने 3 और आआपा ने 4 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। चुनाव में सभी 7 सीटें भाजपा लगातार तीसरी बार जीती। कांग्रेस को 18.50 फीसद वोट मिले। आआपा को लगा कि उसके साथ तालमेल से कांग्रेस मजबूत हो जाएगी और देर-सबेरे आआपा को ही नुकसान पहुंचाएगी। इसलिए उसने दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ना तय किया। नतीजा यह हुआ कि भाजपा को जीत मिली और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में उसकी वापसी हुई। दस साल से दिल्ली में सरकार चला रही आआपा को उससे केवल दो फीसदी वोट कम मिले लेकिन सीटों का फासला काफी रहा। 70 सदस्यों वाली दिल्ली विधानसभा में भाजपा 45.86 वोट के साथ 48 और आआपा 43.57 फीसद वोट के साथ 22 सीटों पर जीत पाई। कांग्रेस को करीब 6 फीसदी वोट मिले।

खास बात यह है कि चुनाव नतीजों के बाद भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस के नेता भी प्रसन्न थे। उन्हें लगता था कि आआपा की पराजय के साथ कांग्रेस की वापसी होगी लेकिन अभी तक एक भी कार्यक्रम ऐसा न हुआ जिससे लगे कि कांग्रेस दिल्ली में वापसी के लिए कोई प्रयास कर रही है। न ही आआपा में कोई भगदड़ मची। साल 2006 के परिसीमन में पूर्वी दिल्ली सीट दो हिस्सों में (पूर्वी दिल्ली और दिल्ली उत्तर पूर्व) बंटी। उससे पहले पूर्वी दिल्ली सीट से दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित सांसद थे जो परिसीमन के बाद 2009 में उसकी एक सीट से सांसद बने और साल 2014 में पराजित हुए। 2019 में पूर्वी दिल्ली की दूसरी सीट दिल्ली उत्तर पूर्व से उनकी मां और दिल्ली की 15 साल मुख्यमंत्री रही शीला दीक्षित चुनाव लड़ी और पराजित हुई। शीला दीक्षित साल 2019 में आआपा से समझौते का विरोध किया तो उन्हें पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के साथ जबरन लोकसभा चुनाव लड़वाया गया। सत्ता सुख भोगने की आदत पड़ जाने के चलते एक ही चुनाव की हार ने कांग्रेस को संकट में ही ला दिया। अपनी चिंता में लगे नेताओं ने पार्टी को हाशिए पर ला दिया। साल 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव की हार के बाद से पार्टी लगातार बिखरती ही गई। साल 2015 के चुनाव के समय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे अरविंद सिंह लवली और मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बना दिया गया अजय माकन को। इससे नाराज लवली ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष बने अजय माकन ने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में आआपा से तालमेल की मुहिम चलाई। बताया गया कि कांग्रेस का एक वर्ग सात में से दो सीटों पर भी समझौता करने को तैयार हो गया था। जिस पार्टी ने कांग्रेस को हाशिए पर पहुंचाया उससे समझौता करने का शीला दीक्षित ने कड़ा विरोध किया।



## राशिफल

**मेष:-** भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें।

**बृषभ:-** नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन चिंतित होगा।

**मिथुन:-** विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। अच्छी भावनात्मक अभिब्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

**कर्क:-** भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता मिलने के आसार हैं। मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कन्या:-** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लान्छन मिले।

**तुला:-** निकट संबंधो में भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवान्छित सफलता मिलने के आसार हैं। संतान संबंधी महत्वपूर्ण दायित्व अपनी पूर्ति हेतु दवाब बनाएंगे।

**वृश्चिक:-** परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनु:-** कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। ।

**मकर:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। किसी नये संबंध के प्रति निकटता बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**कुंभ:-** कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन अशांति से प्रभावित रहेगा। कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा में ध्यान दें।

**मीन:-** नयी आशाएं नवीन उत्साह का संचार करेंगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें।

# भारत का तकनीकी स्व विक्रम-3201, खास है चिप

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**विक्रम-3201, जिसे इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने तैयार किया है, भारत की पहली पूर्ण स्वदेशी 32-बिट प्रोसेसर चिप है। यह किसी साधारण इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए नहीं है, यह भारत के प्रक्षेपण यान यानी लॉन्च व्हीकल्स के लिए डिजाइन की गई है। अंतरिक्ष में जाने वाले यान को ऐसे उपकरणों की आवश्यकता होती है जो 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर 125 डिग्री सेल्सियस तक के चरम तापमान में बिना विफल हुए काम कर सकें। विक्रम-3201 ने इस चुनौती को पूरा करके यह संदेश दे दिया है कि भारत अब उस तकनीकी स्तर पर पहुँच चुका है, जहाँ वह स्वयं अपने लिए समाधान खोजने में सक्षम बन रहा है। इसके बाद 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएस) की शुरुआत हुई। 2023 में गुजरात के साणंद में भारत के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी मिली।**

21वीं सदी का वैश्विक परिदृश्य हमें स्पष्ट रूप से यह संदेश दे रहा है कि वर्तमान दुनिया में असली शक्ति तकनीकी श्रेष्ठता में है। सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष अनुसंधान ऐसे क्षेत्र हैं जो किसी भी देश की वैश्विक स्थिति और उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता का निर्धारण करते हैं। भारत ने हाल ही में विक्रम-3201 चिप के विकास के साथ इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा लिया है। यह चिप सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे की राह में ये आत्मनिर्भर भारत के 'स?व' का जीवंत प्रमाण है।

विक्रम-3201, जिसे इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने तैयार किया है, भारत की पहली पूर्ण स्वदेशी 32-बिट प्रोसेसर चिप है। यह किसी साधारण इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के लिए नहीं है, यह भारत के प्रक्षेपण यान यानी लॉन्च व्हीकल्स के लिए डिजाइन की गई है। अंतरिक्ष में जाने वाले यान को ऐसे उपकरणों की आवश्यकता होती है जो 55 डिग्री सेल्सियस से लेकर 125 डिग्री सेल्सियस तक के चरम तापमान में बिना विफल हुए काम कर सकें। विक्रम-3201 ने इस चुनौती को पूरा करके यह संदेश दे दिया है कि भारत अब उस तकनीकी स्तर पर पहुँच चुका है, जहाँ वह स्वयं अपने लिए समाधान खोजने में सक्षम बन रहा है।

इस उपलब्धि का महत्व और भी अधिक इसलिए है क्योंकि यह हमें विदेशी तकनीक पर निर्भरता से मुक्त करेगा। अब तक भारत अपने रॉकेट लॉन्च और अंतरिक्ष मिशनों में पश्चिमी देशों या अन्य तकनीकी महाशक्तियों पर निर्भर था। कई बार राजनीतिक कारणों से इन देशों ने भारत पर तकनीकी प्रतिबंध भी लगाए। उदाहरण के लिए, 1990 के दशक में जब भारत ने रूस से क्रायोजेनिक इंजन तकनीक लेने की कोशिश की तो अमेरिका ने दबाव बनाकर इसे रोक दिया। इसी तरह, स्पेस ग्रेड चिप्स और सेमीकंडक्टर तकनीक तक भारत की पहुँच सीमित रही। आज विक्रम-3201 इन सभी अवरोधों का उत्तर है। इससे जुड़ा यह भी एक तथ्य है कि सेमीकंडक्टर उद्योग वैश्विक स्तर पर 600 अरब डॉलर का है, जिसके कि 2030 तक यह 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँच जाने का अनुमान है। भारत में 2024-25 तक यह बाजार 45 से 50 अरब डॉलर का आँका गया था, जिसके कि 2030 तक 100 से 110 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना है। ऐसे में भारत का इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना निश्चित ही बहुत बड़ी उपलब्धि है। यहाँ यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर भारत इतने वर्षों तक सेमीकंडक्टर उद्योग में पिछड़ा क्यों रहा। 1989 में मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर लैब में लगी रहस्यमयी आग ने इस दिशा में भारत के शुरुआती प्रयासों को लगभग धराशायी कर दिया था। इसके अलावा, 1960 के दशक में अमेरिकी कंपनी फेयरचाइल्ड भारत में निवेश करना चाहती थी, किंतु सरकारी नीतिगत अस्पष्टता की वजह से वह अवसर हाथ से निकल गया और कंपनी मलेशिया चली गई।

इसके बाद 2021 में इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएस) की शुरुआत हुई। 2023 में गुजरात के साणंद में भारत के पहले सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी मिली। आज भारत के छह राज्यों गुजरात, असम, उत्तर प्रदेश, पंजाब, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में 10 सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है जिन पर 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हो रहा है। यह निवेश और नीतिगत प्रोत्साहन भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर मानचित्र पर जगह दिलाने की दिशा में निर्णायक है। दुनिया के परिप्रेक्ष्य में देखें तो ताइवान की टीएसएमसी (ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी) इस क्षेत्र में सबसे बड़ी कंपनी है। दक्षिण कोरिया की सैमसंग मेमोरी चिप्स में अग्रणी है। अमेरिका की इंटेल और एनवीडिया डिजाइन और एआई चिप्स में वैश्विक दिग्गज मानी जाती हैं। जापान और चीन भी इस उद्योग में मजबूत खिलाड़ी हैं। इन सबके बीच भारत का प्रवेश देर से हुआ है, लेकिन यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत जिस तेजी से इस क्षेत्र में कदम बढ़ा रहा है, वह आने वाले वर्षों में वैश्विक समीकरण बदल सकता है। भारत की शक्ति उसकी विशाल युवा जनसंख्या, मजबूत आईटी सेक्टर, और रिसर्च व इनोवेशन की क्षमता है। जब यह क्षमता मजबूत नीति समर्थन और आत्मनिर्भरता की दृष्टि से जुड़ती है तो नतीजे अभूतपूर्व होते हैं। विक्रम-3201 इसका ताजा उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस चिप को डिजिटल डायमंड कहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# समाजसेवी ओम प्रकाश अवस्थी ने शिक्षकों का किया सम्मान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शुक्रवार को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। इसी क्रम में कस्बा हैदरगढ़ में समाजसेवी ओम प्रकाश अवस्थी के प्रतिष्ठान पर शिक्षक दिवस मनाया गया इस अवसर पर पूर्व शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। सेवानिवृत शिक्षकों ने शिक्षकों का सम्मान बढ़ाने वाले पूर्व राष्ट्रपति के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर शिक्षा के उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेवानिवृत शिक्षक स्वर्गीय पंडित रामनरेश अवस्थी को भी याद किया गया। इस अवसर पर पंडित सिद्धनाथ तिवारी, माता बदल, ओमप्रकाश अवस्थी, बलराम मिश्रा, रामराज सिंह, रामबरन पाल हरिश्चंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कमेला में विद्यार्थियों ने धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया।इस अवसर पर बच्चों ने अपनी अपनी कक्षाओं के तोरण द्वार तथा कमरों की सजावट की। बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक अपने गुरुजनों को फूल माला तथा रोली चंदन करके उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर अश्विनी कुमार शुक्ला ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारत ही नहीं वरन सम्पूर्ण विश्व के विख्यात शिक्षा विद एवं दार्शनिक बताया। कहा शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य समेत श्रीमती अंतिम कुमारी श्रीमती शिखा शुक्ला, श्रीमती रुचिका वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह तथा सुनील कुमार श्रीवास्तव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नगर में धूमधाम से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**उन्नाव।** शुक्रवार को शहर के जामा मस्जिद से दोपहर बाद जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। जामा मस्जिद से निकाला गया जुलूस शहर के मुख्य मार्गो सुन्दर सिनेमा रोड, छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, धवन रोड होते हुए देरशाम किला मैदान मे समाप्त हुआ। इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता कमेटी ने बड़ा चौराहा के निकट जुलूस का स्वागत किया। जलूस में धार्मिक माहौल के साथ गंगा-जमुनी तहजीब भी नजर आयी। सभी धर्मों के लोगों ने जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया। शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिस्बाही की अगुवाई में निकले जुलूस में सबसे पहले जामा मस्जिद में परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस दौरान नाते मुस्तफा पढ़ा गया। लोगों ने सड़क के मुख्य मार्गो पर छबीले लगाकर हलवा पूड़ी, शर्बत आदि का वितरण किया।

# चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं ने अपने गुरुजनों को उपहार भेंट किये तो वहीं स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष व स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक छात्रों के आदर्श होते हैं, जैसा व्यवहार शिक्षक अपने शिक्षण जीवन में करते हैं उसी को छात्र अपने जीवन में भी उतारने का प्रयास करते हैं। रत्नेश ने आगे कहा कि शिक्षक व्यवसाय नही ज्ञान बांटता हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी का निर्माण होता है,

> **शिक्षक छात्रों के आदर्श होते हैं, जैसा व्यवहार शिक्षक अपने शिक्षण जीवन में करते हैं**

इसलिए शिक्षकों को नौकरी समझ कर नही बल्कि दायित्व बोध के साथ बच्चों का भविष्य निर्माण करें। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने शिक्षिकाओं को उपहार देखर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मौर्या, प्रिंसी वर्मा, पूनम रत्नाकर, पलक कनौजिया, अर्चना, अनीता सहित स्टाफ से जियालाल, सरोज , सरस्वती सहित 178 छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# शिक्षक समाज के शिल्पकार, ज्ञान व नैतिकता से देते हैं प्रेरणा : गोप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षक समाज के वो शिल्पकार जो विद्यार्थियों को ज्ञान नैतिकता और जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्रदान करते हैं सच मायने में शिक्षक ही हमारे भविष्य के निर्माता हैं। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने आज 5 सितंबर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप जी के सिविल लाइन स्थित निज निवास पर सामाजिक संस्था करवाने इंसानियत के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में गोप जी ने शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह और गिफ्ट भेंट करते हुए व्यक्त किये। इसी क्रम में छाया चौराहा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के दिशा निर्देश पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक प्रोफेसर डॉक्टर सीताराम सिंह, प्रधानाचार्य डॉक्टर अम्बरी चंद्र अम्बर, प्रवक्ता कुटुज वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आलोक कुमार राय, सहायक अध्यापक मोहम्मद नसीम जी को अंग वस्त्र माला फूल एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ ओम कुमार वर्मा संतोष कुमार वर्मा इम्तियाज अहमद कामता प्रसाद यादव जसवंत यादव राजेंद्र वर्मा मोहम्मद यासूब करवाने इंसानियत के अध्यक्ष तारिक जिलानी सुरेश चंद्र गौतम जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान निर्मल वर्मा आज प्रमुख पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावित गांवों में एसडीएम पहुंचा रहे राहत सामग्री

**रामसनेहीघाट बाराबंकी , समृद्धि न्यूज।**



सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से तहसील क्षेत्र के कोटेदार पुरवा, गोड़ियन पुरवा मजरे कोयलावर, पाठक पुरवा, लोनियनपुरवा मजरे गुनौली, मास्टर पुरवा, कंगणन पुरवा, सहाई का पुरवा मजरे ढेमा, छपटन पुरवा मजरे टिकरी, लोनियनपुरवा और मुखियनपुरवा मजरे जलालपुर तराई समेत कई गांवों के परिवार प्रभावित हुए हैं।

एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर तहसीलदार महिमा मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व प्रशासन ने राहत कार्य तेज करते हुए सुबह के नाश्ते के अलावा दिन में दोपहर और शाम को भोजन उपलब्ध कराया। कुल 2500 लंच पैकेट जरूरतमंदों तक पहुंचाए गए। लोगों की आवाजाही में दिक्कत न हो, इसके लिए 03 नावें और 02 मोटरबोट लगातार चल रही हैं। बाढ़ग्रस्त इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था को देखते हुए मेडिकल टीमों को सक्रिय किया गया है। वहीं, तीन बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं, जहां से लगातार हालात की निगरानी की जा रही है। हालांकि नदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे घट रहा है, लेकिन प्रभावित गांवों के लोगों में बाढ़ का खौफ अभी भी बना हुआ है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक राहत व बचाव कार्य लगातार जारी रहेंगे।

## नातिया मुकाबले का हुआ आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला चिकना महल में अंजुमनें फारूकिया की ओर से गुरुवार की रात में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरकार की आमद को लेकर नातिया मुकाबले का आयोजन किया गया ।जिसका आगाज तिलावते कलामे पाक से इमामे ईदैन कारी हाफ़िज़ अजीजुद्दीन साहब ने किया ।निजामत प्रसिद्ध शायर जमील अख्तर अंसारी द्वारा की गई। मुकाबले की अध्यक्षता डाक्टर वकील सिद्दिकी द्वारा की गई ।इस नातिया मुकाबले में जैदपुर क्षेत्र की लगभग 7 अंजुमनो ने भाग लेकर अपने अपने नाते पाक से मौजूद लोगों का मन मोह लिया ।इसके पश्चात डॉक्टर वकील के नेतृत्व में कमेटी द्वारा अंजुमनो के सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ताबिश जैदपुरी,अरमान सिद्दीकी, सिराज, रेहान, असद नूर, आकिब, सहमाससहित अन्य शोहराओं द्वारा कलाम पेश किया गया। नातें नबी का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस मौके पर कफील अहमद सहित सुहैल,उजेर,मदनी खान,पत्रकार वसीम खान, शहाबुद्दीन सिद्दीकी,राशिद आरफी, बिलाल, फय्याज, राजा, सुहैल, शाहिद,उबैद, सिद्दीकी,फरमान,अली आमान सहित भारी संख्या लोग मौजूद थे। जबकि पुलिस प्रशासन की भागीदारी देखी गयी।



## गरीब पात्रों का लेखपाल ने किया सर्वे

**जैदपुर बाराबंकी।** प्रधानमंत्री जी का सपना हर गरीब को मिलेगा आवास के अंतर्गत नगर पंचायत जैदपुर डीपीआर 1180 की जांच का सिलसिला आज भी जारी रहा। जहां घर घर पहुंच कर हल्का लेखपाल द्वारा गरीब पात्र लोगों को चिंहित किया गया। ज्ञात हो कि शासन के आदेशानुसार गरीब लोगो को आवास का लाभ दिलाने के लिये शुक्रवार को हल्का लेखपाल पंकज मिश्रा द्वारा जांच के दौरान प्यारनपुर,नयापुरा,बुनकर कॉलोनी आदि क्षेत्र में जांच भी की गयी। लेखपाल द्वारा गुणवत्ता के साथ आज लगभग 60 घरों मे जाकर जांच की गयी। जांच होते देख गरीबो के चेहरे पर चमक देखी गयी है और आवास की आस लगाने बैठे लोगों में नयी उम्मीद फिर से जागी उठी है।

## खबरें एक नजर में

### उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रांतीय सम्मेलन आज




**इटावा।** उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रांतीय सम्मेलन शनिवार को डीआर कृष्णा पैलेस आईटीआई चौराहे के पास आयोजित होगा, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल करेंगे कार्यक्रम में पचास से जनपदों व्यापारी प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान और जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में संगठन के आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। वार्ता के दौरान शहर अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, जिलाकोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, महिला जिलाध्यक्ष गुड्डी बाजपेई, महामंत्री मंजूलता द्विवेदी, शहर कोषाध्यक्ष मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

### आदर्श स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**इकदिल, इटावा।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय व इंडियन एकेडमी मोहल्ला कायस्थान में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने महान शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य ऋचा तिवारी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफ़िशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, सृष्टि तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

### ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के अवसर पर निकला जुलूस



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर हैदरगढ़ में मुस्लिम भाइयों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया, जिसका बरचौरा में हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इस अवसर पर एकत्र होकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जीवन संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर हम नेकी, सच्चाई और इंसानियत की राह पर अग्रसर हो सकते हैं। उनके जीवन से हमें यह सिखने को मिलता है कि हर हाल में सत्य, करुणा और सेवा को अपनाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ के कुशल नेतृत्व में जुलूस को शांत पूर्वक संपन्न कराया गया इस अवसर पर पप्पू सिद्दीकी शब्बीर पहाड़ी नगर अध्यक्ष हाजी साहब सभासद आसिफ कुरेशी सरवर सिद्दीकी रजा खान छोटे अय्यूब कुरैशी उर्फ मुनीम जाहिद हाफिज बाबू शाह आस मोहम्मद रहीम मेराज राईन फतेह खान राइम अयूब खान साहब मौलाना ताज मोहम्मद मौलाना अब्दुल रहीम शिराज गोल्डन ट्रांसपोर्ट आकाश सोनी दीनानाथ जय सिंह छुटकन्ना शमीम राइन सुहैल राइन इश्तियाक राइन फैजू इत्यादि लोग मौजूद थे।

### अनियंत्रित ट्राला खाई में गिरा, चालक व परिचालक घायल

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज़ रफ़्तार ट्राला अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। हादसे में चालक परिचालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने दोनों घायलों का इलाज कराया। राजस्थान प्रांत के जिला अजमेर अंतर्गत थाना भुगानिया नसीराबाद निवासी चालक फूलसिंह रावत पुत्र सरदार सिंह इसी जिले के गांव बंधनबाड़ी खेड़ी निवासी परिचालक पवन पुत्र बन्ना जी के साथ ट्राला ट्रक में जयपुर से लोहे के गर्डर लादकर गौहाटी असम जा रहा था। तभी रास्ते में गुरुवार की सुबह बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे मार्ग पर स्थित गांव ढोलौवां के सामने अचानक तेज रफ्तार ट्राला ट्रक अनियंत्रित होकर सुरक्षा गार्ड तोड़ते हुए सड़क के किनारे स्थित गहरी खाई में पलट गया।

### छोटे बच्चों का ड्रेस कम्पटिशन आयोजित

**इटावा।** विगत दस दिनों से जैन समाज के सबसे बड़े पर्व दसलक्षण शहर के सभी जिनालयों में पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाऐ जा रहे हैं। सभी जैन धर्मावलंबी यथायोग्य समर्पण, त्याग व्रत करके अपने कर्मों की निर्जरा कर रहे हैं। सरायशेख जैन मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला जारी है बातीं शाम मंदिर जी में छोटे बच्चों का फैंसी ड्रेस कंपटीशन आयोजन किया गया जिसमें दर्जनभर से अधिक बच्चे विभिन्न वेशभूषाओं पहनकर आए जिओ और जीने दो का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा जैन सरिता जैन अजीत जैन नीरज जैन सोनू जैन श्रेया जैन रिंकी जैन शिबू जैन का सहयोग रहा।

# समाजसेवी वीरेन्द्र प्रधान को जन्मदिन पर गोप ने दी बधाई

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की नीतियों सिद्धांतों के प्रति तन मन से समर्पित संघर्षील जुझारू जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने अपने आवास पर पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद मैं पार्टी पदाधिकारी के साथ जिला पार्टी कार्यालय पर एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू निरीक्षण भवन गेस्ट हाउस में साथियों संग गुलदस्ता अंग वस्त्र भेंट कर केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर वीरेंद्र प्रधान के दीर्घायु स्वस्थ होने की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर पूर्व विधायक रामगोपाल रावत जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निर्मल वर्मा पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जसवंत यादव छात्र सभा महासचिव नितिन वर्मा कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा सानू सिंह राठौड़ बलराम सिंह सुरेश चंद्र गौतम संतोष रावत अनिल यादव शांति ओम संतोष कुमार वर्मा डॉक्टर ओम कुमार वर्मा आदि लोगों ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कांवरियों का मुस्लिम भाइयों ने किया भव्य स्वागत, हुई पुष्पवर्षा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



अनंत चौदस को अवसानेश्वर बाबा का जलाभिषेक करने के लिए डलमऊ गंगा घाट जा कर लौटे कावड़ियों का बछरावां तिराहे पर मुस्लिम भाइयों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभी कांवरियों का मुस्लिमों ने कौमी एकता का परिचय देते हुए माल्यार्पण किया एवं जमकर पुष्प वर्षा की।

अनंत चौदस पर बाबा अवसाने श्वर धाम का जलाभिषेक व पूजन अर्चन करने के लिए आज तमाम शिव भक्त बाबा अवसाने श्वर धाम देर रात तक पहुंच गए। अगड़ बम कांवरिया संघ हैदरगढ़ के बैनर तले बीते पांच सितंबर को डलमऊ जाकर आज गंगाजल लेकर सैकड़ों कावरियों के साथ बाबा प्रेमदास जी की कुटी पर पहुंचा । यहां पर सभी ने महंत बाबा लालता दास जी महाराज का आशीर्वाद लिया। मध्यान विश्राम के उपरांत कांवरिये बाबा अवसानेश्वर धाम के लिए कूच कर गए। जब सभी कांवरिया बछरावां चौराहे पर पहुंचे तो यहां पर सपा नेता पप्पू सिद्दीकी आदि तमाम मुस्लिमों भाइयों ने कांवरियों का भव्य स्वागत किया। मुस्लिम भाइयों ने यात्रा में शामिल कृष्ण कुमार द्विवेदी,डब्बू अवस्थी, सुनील यज्ञसेनी आदि तमाम कांवरियों का माल्यार्पण किया। स्वागत के दौरान हर हर महादेव के जयकारों से पूरा बछरावां तिराहा गुंजायमान हो उठा। इस दौरान मुस्लिम भाइयों ने कांवरियों पर जमकर पुष्प वर्षा की। यही नहीं मुस्लिम भाइयों ने कांवरियों के लिए पानी एवं जलपान की भी व्यवस्था की थी ।इस मौके पर पप्पू सिद्दीकी ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम आज कांवरियों का स्वागत कर रहे हैं। हमारे नगर, प्रदेश व देश की कौमी एकता हमेशा मजबूत रहे। हम मालिक से यही प्रार्थना करते हैं ।इस मौके पर कांवर संघ के संयोजक कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया ने कहा कि हैदर गढ़ की सरजमी कौमी एकता के लिए प्रसिद्ध है। आज मुस्लिम भाइयों ने कांवरियों का एक बार फिर से भव्य स्वागत करके हैदरगढ़ की इस विरासत को जीवंत बना दिया है। उन्होंने कहा की हमारा देश मजबूत हो और हम सभी हिंदू मुस्लिम भाई मिलकर अपने देश को आगे बढ़ाएं। बाबा भोलेनाथ से मेरी यही विनती है।

सभी कांवरियों की भी यही मंशा है। राजू भैया ने मुस्लिम भाइयों का स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। बछरावां तिराहे पर मुस्लिम भाइयों के द्वारा कांवरियों का भव्य स्वागत किए जाने के बाद कांवरियों का जत्था बाबा अवसानेश्वर को कूच कर गया। जो की देर शाम तक बाबा के दरबार में जा पहुंचा ।वहीं देर रात तक विभिन्न क्षेत्रों के कांवरिया बाबा के दरबार में पहुंचते रहे।

# शिक्षक साहित्यकार अतर सिंह को किया सम्मानित

**इकदिल, इटावा समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश साहित्य सभा और साहित्यिक संस्था पहल के तत्वावधान में दिया जाने वाला शिक्षक-साहित्यकार सम्मान। हरिश्चंद्र गुप्त-करन सिंह शैवाल स्मृति सम्मान के रूप में जनपद के वरिष्ठ शिक्षक-साहित्यकार श्रद्धेय अतर सिंह राजपूत सारंग को प्रदान किया गया। सारंग जी को यह सम्मान शिक्षक दिवस के अवसर पर इकदिल में उनके आवास पर जाकर दिया गया। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षो से पहल द्वारा यह सम्मान शिक्षक दिवस के अवसर पर दिया जाता है। विगत वर्षों में यह सम्मान स्वनाम धन्य व्यंगकार बिहारी लाल रजनीश, गीतकार ओम प्रकाश दीक्षित, साहित्यकार प्रेम बाबू प्रेम, लोक कवि हरिश्चंद गुप्त, करन सिंह शैवाल, डॉ सियाराम शाक्य, सुदामा लाल पाल को दिया जा चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणी वंदना के साथ हुआ तत्पश्चात डॉ कुश चतुर्वेदी ने विस्तार से अतर सिंह सारंग जी की साहित्यिक यात्रा के दृष्टान्त सुनाकर उनका विस्तृत परिचय दिया। संस्था के महासचिव रौनक इटावी सहित हरिओम सिंह विमल, भगवान दास शर्मा प्रशांत, रोहित चौधरी, सत्यदेव आज़ाद, राज़दा ख़ातून, अमित कुमार, पंकज कुमार, हर्ष सक्सेना, सौरभ सक्सेना और रामेश्वर महाराजा ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। कोषाध्यक्ष अनुराग असफ्ल और अध्यक्ष डॉ राजीव राज ने सम्मान पत्र प्रदान किया। इकदिल के साहित्यिक प्रतिनिधि मनोज तिवारी, डॉ.सुशील सम्राट, सुघर सिंह राजपूत और जनाब हारून उपस्थित रहे। प्रेमबाबू प्रेम, डॉ. बाल मुकुंद दिवाकर सहित अध्यक्षता कर रहे दीपचंद्र त्रिपाठी निर्बल ने सारंग के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। अंत में अनुराग मिश्र असफ्ल ने आगंतुकों और उनके परिवार के सदस्यों रिंकू राजपूत आदि का स्वागत सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया।

# प्रदेश अध्यक्ष का जनपद आगमन पर भाजपाईयों ने किया स्वागत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का जनपद आगमन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। गदनखेड़ा स्थित साक्षी धाम में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमो में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शिरकत की। साक्षी धाम में प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्होंने कहा कि गुलाब सिंह लोधी ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने अदम्य साहस, देशभक्ति और बलिदान से एक अमिट छाप छोड़ी है। वे हमेशा ग्रामीण भारत की अस्मिता और स्वतंत्रता की प्रेरणा बने रहेंगे। उनका त्याग और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को निरंतर यह संदेश देता रहेगा कि राष्ट्र हित से बढ़कर कुछ भी नहीं। शहर के गदनखेड़ा स्थित साक्षी धाम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मातृ शक्ति का गोदभराई संस्कार संपन्न कर उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मातृ शक्ति ही समाज की आधारशिला और संस्कृति की वाहक है। मां के स्नेह, त्याग और आशीर्वाद से ही समाज की दिशा और दशा तय होती है। मातृशक्ति का सम्मान करना हमारी सनातन परंपरा है और यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

## ट्रेन यात्रा के दौरान रेलकर्मी की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

रेल कर्मी की ट्रेन में यात्रा करते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक बिछाने का कार्य करने वाले मजदूर सुरेन्द्र 26 निवासी घोराट तेजपुर थाना सरकार जनपद झांसी शुक्रवार को अपनी बहन सरस्वती के साथ झांसी पैसेंजर ट्रेन से जेतीपुर स्टेशन जा रहा था तभी रास्ते में अजगैन के निकट उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। बहन की सूचना पर साथ कार्य करने वाले मजदूर उसे उपचार के लिए एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गए। जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में शिक्षकों का भी हुआ सम्मान

**इटावा समृद्धि न्यूज।**




भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा एवं श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के संस्थापक सदस्य स्व. राजाराम त्रिपाठी चच्चू एवं डा. अशोक चौधरी के पुत्र स्व. शिवा चौधरी की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 141 लोगों का नेत्र परीक्षण हुआ, जिनमें 12 मरीज ऑपरेशन हेतु चिन्हित हुए । इस अवसर पर चिकित्सालय संस्थान की ओर से शिक्षक दिवस होने के उपलक्ष में एक दर्जन शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। चिकित्सालय के सभागार में दोनों दिवंगत आत्माओं के पुण्य स्मरण हेतु श्रद्धांजलि सभा भी की गई जिसमें सबसे पहले कीर्तिशेष पं. राजाराम चच्चू एवं शिवा चौधरी के चित्र पर पुष्पांजलि करके वंदे मातरम् गीत गाया गया। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने सभी का परिचय देते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत की पूर्व महिला संयोजिका नीलिमा चौधरी ने कहा कि यह संस्थान और दोनों पुण्यात्माओं के परिजन साधुवाद के पात्र हैं, जो परमार्थ के लिए समर्पित रहे उक्त दोनों व्यक्तित्वों के प्रति कृतज्ञता जताते हुए उनके सेवाधर्मी संकल्पों को सतत रूप से आगे बढ़ा कर समाज की भलाई में लगे हुए हैं। आपका यह नेत्र चिकित्सालय हजारों जरूरतमंदों को नेत्र चिकित्सा का लाभ देकर एक प्रेरणादाई कार्य कर रहा है, इसलिए यहां आकर वास्तव में मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हुए धन्य महसूस करती हूं।

इस अवसर पर संस्थान की ओर से शिक्षक डॉ. विद्याकांत तिवारी, एसएन दुबे, जगदीश सिंह यादव, राजनारायण चौधरी, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके यादव, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, नीलिमा चौधरी, रीना राठौर, आचार्य महेश तिवारी, हरिदत्त दीक्षित व आशाराम मिश्रा का के के त्रिपाठी, वी के सिंह, वी के पांडे, अरविंद गुप्ता, के सी पोरवाल, डा. जे के तिवारी, शैलेन्द्र सिंह राठौर एडवोकेट, पद्माकर त्रिपाठी, रनवीर सिंह गौर, एम सी चतुर्वेदी, हरि प्रकाश शुक्ला, जी सी चतुर्वेदी, घनश्याम तिवारी, उमेश सिंह चौहान, शैलेश शुक्ला, रघुवीर यादव, रवि शंकर चौधरी, रवि कृष्ण तिवारी, प्रमोद दीक्षित, शिवकुमार सिंह यादव ने अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। इसके अलावा सेवाधर्मी व्यक्तित्व के रूप में रमाकांत पाठक, मुजफ्फर अली लड्डन, रघुवीर सिंह यादव, सुधीर मिश्र का सम्मान हुआ। अंत में कार्यक्रम संयोजक महेश कुमार बाथम ने सभी का आभार जताया। संचालन आचार्य महेश चंद्र तिवारी ने किया।

**समन विनावर/गजट इनाफ साल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5**

व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद

वाद सं0

राजवीर पुत्र लालाराम निवासी ग्राम नगला तुलसी मा0 मुईउद्दीनपुर तहसील अलीगंज जनपद ......................वादी

बनाम

1. मायादेवी पत्नी हरिशचन्द्र निवासी ग्राम गऊटोला म0 मऊ रशीदाबाद परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।
2. रघुवीर सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी न्यू इन्दिरा कालोनी राजन नगला भोलेपुर फतेहगढ़ तहसील सदर जनपद फर्रुखाबाद।
3. श्रीमती अरूणा मिश्रा पत्नी रावेन्द्र कुमार निवासी मो0 पाठक नई कालोनी कायमगंज परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जनपद फर्रु0
4. श्रीराम पुत्र मेघसिंह निवासी अकबरगंज गढ़िया परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।
5. श्रीमती लाडली देवी पत्नी वालासहाय निवासी अकबरपुर गढ़िया परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जनपद फर्रुखाबाद।

...............**विपक्षीगण**

6. गाँव सभा/ग्राम पंचायत मौजा अकबरपुर परगना कम्पिल तहसील कायमगंज जिला फर्रुखाबाद जरिये प्रधान/अध्यक्ष

...................**औपचारिक प्रतिवादी**

मौजा-अकबरपुर
परगना-कम्पिल

**धारा-116 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006**

ने आपके नाम एक नालिस वावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तरीख 11 माह 09 सन् 2025 ई0 वक्त 11 बजे दिन से असालतन या या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गवाहो और कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शक्स है कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सकें हाजिर हो और जवाब देही दावा की करें और आपको लाजिम है उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करे जिस पर बताइद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल कराना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मजबून और फैसला होगा। दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजर या डिग्री की जो व वक्त मेरे हस्ताक्षर और मुहर अदालत के आज व तारीख 26 माह 08 सन् 2025 को जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी, न्यायिक**
**तहसील कायमगंज, जनपद फर्रु0**

# घर व स्कूल के बीच मजबूत साझेदारी आवश्यक

**जीडी गोयनका स्कूल में हुई कार्यशाला**




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में घर व स्कूल के बीच मजबूत साझेदारी को आवश्यक बताया गया।

अभिभावकों के लिए आयोजित इस कार्यशाला का संचालन प्रख्यात मार्क बैट्रिक ने किया। इस सत्र का उद्देश्य स्कूल के ढांचे और कार्यप्रणाली से संबंधित मूल्यवान जानकारी और विशेषज्ञता प्रदान करना था। कार्यशाला का लक्ष्य अभिभावकों को स्कूल के शैक्षणिक और प्रशासनिक पहलुओं की गहरी समझ प्रदान करना, पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देना था। श्री मार्क ने स्कूल के परिचालन ढांचे, शिक्षण पद्धतियों और छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता प्रणालियों के बारे में व्यापक जानकारी साझा की। इन जानकारियों ने अभिभावकों को स्कूल के समग्र शैक्षिक दृष्टिकोण और छात्रों की सफलता में सहयोगात्मक प्रयासों के महत्व को समझने में मदद की।श्री मार्क ने कार्यशाला में खुले संवाद को प्रोत्साहित करने के साथ घर व स्कूल के बीच मजबूत साझेदारी के महत्व पर बल दिया। इस आयोजन ने अभिभावकों और स्कूल समुदाय के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करने में सफलता प्राप्त की। अभिभावकों ने प्रस्तुत जानकारी की स्पष्टता और गहराई की सराहना की, जिसने उन्हें अपने बच्चों की शैक्षिक यात्रा में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सशक्त बनाया। प्रिंसिपल मनीष सिंह ने कहा जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल अभिभावकों को शिक्षा में प्रमुख साझेदार के रूप में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल श्री मार्क के मूल्यवान योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने अभिभावकों और स्कूल के बीच समझ और सहयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका अंतिम लाभ छात्रों को होगा।

## सरकारी इमारतों व बिजली के खंभों पर कतई न लगाएं होर्डिंग

**कोंच,जालौन।** सरकारी इमारतों, बिजली के खंभों व चौराहों पर होर्डिंग कतई न लगाएं, ऐसा करने वालों को नगर पालिका ने ऐलान कराकर चेतावनी दे दी है कि किसी भी सरकारी भवन, बिजली पोल या चौराहों पर होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को नगर पालिका प्रशासन ने नगर के मुख्य मार्गो से लेकर गली कूचों तक अपने वाहन से ऐलान कराया था कि किसी भी सरकारी इमारत, बिजली पोल या चौराहों पर पोस्टर, बैनर या होर्डिंग न लगाएं अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। पालिका के आरआई व सफाई निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि नगर पालिका ईओ मोनिका उमराव के आदेश पर नगर में ऐलान कराया गया है कि सरकारी भवन, बिजली पोल व चौराहों पर होर्डिंग पोस्टर न लगाएं।

# ब्रिजदयाल अस्पताल में पहला सिजेरियन ऑपरेशन सफल




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सौरिख रोड पर सेंट पॉल स्कूल के निकट स्थित ब्रिजदयाल ऑर्थो केयर एंड मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में ऑर्थो सर्जन डॉ. एस. चंद्रा की देखरेख में पहला सिजेरियन ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**चिकित्सा क्षेत्र में नया कीर्तिमान**

रविकांत की पत्नी को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां जनरल सर्जन डॉ. संजय सिंह (एमबीबीएस, एमएस) ने सिजेरियन ऑपरेशन कर एक स्वस्थ पुत्र रत्न की प्राप्ति सुनिश्चित की। इससे पहले डॉ. एस. चंद्रा ने दूसरी बार कूल्हा प्रत्यारोपण कर एक और कीर्तिमान स्थापित किया था। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में तीन साल तक अस्थि विभाग में सेवाएं देने वाले और आवास विकास कॉलोनी में क्लीनिक संचालित कर चुके डॉ. चंद्रा (एमबीबीएस, डी-आर्थो) ने बताया कि उनके अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के साथ-साथ सम्पूर्ण घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण, हड्डी टूटने का प्लास्टर व ऑपरेशन द्वारा उपचार, जोड़ों की गठिया, लम्बर स्पोन्डीलोलिस्थेसिस, हड्डी व जोड़ों की टीबी, सरवाइकल स्पोन्डीलिटिस और सेप्टिक अर्थराइटिस जैसी बीमारियों के इलाज की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# आरबी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का भव्य सम्मान




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर आरबी पब्लिक स्कूल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें माल्यार्पण, शाल, और उपहार भेंट कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बृजेश सर ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक कुसुमा देवी शुक्ला ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता हैं, जो बच्चों के भविष्य को संवारते हैं। उन्होंने शिक्षकों के अथक प्रयासों और समर्पण की सराहना की, जो विद्यार्थियों को नैतिकता, ज्ञान, और संस्कारों से जोड़ते हैं। कुसुमा देवी ने कहा, ÷शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। उनकी बदौलत ही समाज में शिक्षा और संस्कृति का प्रसार होता है। कार्यक्रम में प्रबंधक कुसुमा देवी शुक्ला ने चीफ कंट्रोलर जुलेखा खान, प्रिंसिपल माधवी सिंह, इंचार्ज प्रिंसिपल गुंजन श्रीवास्तव, वर्तमान प्रिंसिपल अंजलि, और नवोदय कोचिंग के प्रिंसिपल शिक्षक शीबू को सम्मानित किया। इसके अलावा, विद्यालय की संचालिका रजनेश शुक्ल ने वरिष्ठ शिक्षक बृजेश कुमार, सुनीता पाल, अनूप कश्यप, सुमित यादव, भावना मिश्रा, सुषमा पाल, और सपना पाल को सम्मानित किया। सहसंचालिका खुशबू ने निवेदिता सविता, मोनिका श्रीवास्तव, साइमा खान, शरद यादव, और शोभित राठौर को सम्मान पत्र और उपहार भेंट किए। चीफ कंट्रोलर जुलेखा खान ने अनुसेवक निशा पाल, शीबू खान, और मिथुन वाल्मीकि को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने का संकल्प लिया।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन को यादगार और प्रेरणादायक बताया।

## यौमे पैदाइश पर निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी में उमड़ा जनसैलाब



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** इस्लाम के पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विशाल जुलूस निकाला गया, जो मोहल्ला सैयदवाड़ा, आवास विकास कॉलोनी स्थित मदरसा दारुल उलूम गौसिया से प्रारम्भ होकर अस्पताल रोड पहुंचा। यहां से नगर के मुख्य मार्ग होते पश्चिमी बाईपास पर पहुंच कर समाप्त हो गया। जुलूस में छोटे बच्चे नाते पाक पढ़ते हुए चल रहे थे। वहीं युवा पूरे जोश के साथ मदनी की आमद मरहबा, हम सब एक हैं, हुजूर का दामन नहीं छोड़ेंगे, देखो मेरे नबी की शान बच्चा-बच्चा है कुर्बान के नारे लगाते हुए चल रहे थे। सबसे आगे उलेमा और नन्हे-मुन्ने बच्चे या अली के नारे लगा रहे थे। इस दौरान युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। जुलूस में कई लोग बड़े-बड़े इस्लामिक झंडे लेकर चल रहे थे। वहीं इनके अलावा कई लोग अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज शान और शौकत के साथ फहराते हुए चल रहे थे। जामा मस्जिद के बाहर अंजुमन मुस्लिम कमेटी की जानिब से आयोजित कार्यक्रम में तकरीर करते हुए मौलाना मुस्तकीम ने कहा ईद मिलादुन्नबी मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार है। इस दिन पैगंबरे अकरम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे व आलेही वसल्लम की दुनिया में आमद हुई है। यह खुशी का दिन है। दुनिया के सारे मुसलमान इस त्योहार को बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। जुलूस में कारी समशुल कमर, हाफिज आरिफ, हाफिज एहतिशाम, उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमर फारूक बंटी, मौलाना अजमल, सैयद इशहाक जमील आशू, रिजवान खान, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीश, चमन खां राजू टेंट, मो. शरीफ दीपू टेंट, आसिफ शेख आशु, मो. इमरान खां, मोहम्मद दाऊद एडवोकेट, मो. वाजिद उर्फ लल्ला व मो. इकबाल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर जेवरात किए पार

**एसपी ने मौके का किया निरीक्षण**

**सूचना के बाद पहुंची डॉग स्क्वायड टीम**



**सौरिख,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा में एक मकान को चोरों ने बनाया निशाना घर में घुस के महिला को नशीला पदार्थ सुघाकर लाखों की नगदी सहित जेवरात किया पार घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एवं डॉग स्क्वाड सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कस्बा के छिबरामऊ रोड स्थित प्रशांत उर्फ राम लखन पुत्र बादशाह यादव के मकान में शुक्रवार सुबह 7 बजे जब प्रशांत उर्फ राम लखन किसी कार्य तिर्वा चले गए तथा उनका पुत्र मयंक कोचिंग के लिए घर से निकल गया था। घर पर पत्नी शीला देवी एवं पुत्री सौम्या मौजूद थी तभी चोरों ने मकान के अंदर प्रवेश किया और पत्नी शीला देवी को नशीला पदार्थ सुंघा कर अलमारी में रखे नगद एक लाख रुपए एवं जेवरात दो हार, दो जोड़ी चैन, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झाले, एक जोड़ी झुमकी, मंगलसूत्र तथा पायल आदि चांदी के आभूषण चोरी कर लिए एक घंटे बाद जब पत्नी को होश आया तो उसने अपनी पुत्री को जगाया और कहा बाहर जाकर पड़ोसी से कहकर पापा को फोन पर घटना की जानकारी दे दो जब पड़ोसी ने फोन कर प्रशांत उर्फ राम लखन को चोरी की घटना की जानकारी दी तो उन्होंने वहीं से पुलिस को फोन किया मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार ने जानकारी करते हुए घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को दी थोड़ी देर बाद डॉग स्क्वायड एस ओ जी टीम एवं सर्विलांस टीम मौके पर पहुंची घटना से संबंधित साक्ष्य एकत्र किए तभी अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार भी मौके पर पहुंच गए। चोरी की आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गए राम लखन की पुत्री से पूछताछ की और वहां मौजूद सभी टीमों को आवश्यक निर्देश दिए।

## बारावफात पर्व को लेकर एसपी ने किया पैदल गश्त



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा देते एसपी विनोद कुमार

**गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा शुक्रवार को थाना कोतवाली क्षेत्र में मुख्य मार्गों, बाजारों, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों का पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस बल को सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, अफरा- तफरी या अशांति की स्थिति में तुरंत प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग बारावफात पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कदम उठाया जा सके।

## कोंच के नए बीडीओ बने प्रशांत कुमार

**कोंच (जालौन)।** कोंच बीडीओ के जल्दी से जल्दी ट्रांसफर हो जाते नजर आ रहे है वहीं आज फिर जिलाधिकारी के अनुमोदन पर विकास खंड कोंच में कई माह से अतिरिक्त चार्ज में रह रहे बीडीओ एक के बाद एक ट्रांसफर होते नजर आ रहे थे वही जिलाधिकारी जालौन राजेश पांडेय के अनुमोदन के बाद मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेंद्र कलाकार सिंह ने खंड विकास अधिकारी जालौन में तैनात खंड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार को कोंच विकास खंड का नया पद भार सौंपा गया है आपको बता दे कि महेबा बीडीओ संदीप मिश्रा को कोंच का अतिरिक्त चार्ज दिया गया था जो कि कार्यकाल बहुत अच्छा रहा जो कि बहुत ही सराहनीय है।

# दौड़ प्रतियोगिता में सचिन यादव ने मारी बाजी

**रोविन यादव ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, मैडल व ईनाम की धनराशि देकर किया सम्मानित**



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम खोजीपुर मे शहीद भगत सिंह ग्राउंड पर जिले के युवाओं के लिए आयोजित 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता प्रथम आकर सचिन यादव ने बाजी मार ली जबकि प्रांशु शाक्य द्वितीय व अजीत तीसरे नम्बर पर रहे। कार्यक्रम के मुख्या अतिथि लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रोविन यादव ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड, मैडल व ईनाम की धनराशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से युवाओं के शारीरिक विकास के साथ उनका मानसिक विकास भी होता है।

खेल प्रतियोगिताओं में युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इन युवाओं मे से ही बड़े टूर्नामेंट मे खेलकर मैडल लाते है जिसमे गाँव क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन होता है। इस प्रतियोगिता का आयोजन बीटू यादव, विकास राजपूत, अनमोल राजपूत, आरपी यादव ने किया इसमें क्षेत्र के सैकड़ो यूवाओ ने भाग लेकर दौड़ लगाई। इस दौरान हिमांशु पाल, कृष्ण पाल, अतुल कश्यप, जतिन राजपूत, हरिओम शाक्य, मनीष कश्यप, प्रवेन्द्र कुमार, अंशु यादव आदि उपस्थित रहे।



## जीवन में शिक्षकों की है महत्वपूर्ण भूमिका : रंजीत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शिक्षक दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने कहा हमारे जीवन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा शिक्षक दिवस महत्वपूर्ण अवसर है जब हम अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हैं। शिक्षक हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और हमें ज्ञान, कौशल व मूल्यों को सिखाने में मदद करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह से शिक्षक अनूप कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस पर सम्मान करने से न केवल शिक्षकों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि यह हमें भी उनके प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का अवसर देता है। उधर मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल आवास विकास में केक काटकर शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक गजेंद्र सिंह यादव, निदेशक संगम यादव एवं प्रधानाचार्य सुधीर पाठक ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। बच्चों ने शिक्षकों को सम्मानित किया जबकि शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# शिक्षा में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले डॉ. सुशील कुमार शाक्य हुए सम्मानित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षक दिवस के अवसर पर श्री छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में कार्यक्रम का आयोजन वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर सुशील कुमार शाक्य को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने प्रो. शाक्य को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रो. शाक्य जैसे समर्पित शिक्षकों की सेवाएं विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे। समारोह के अंत में कुलपति ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता बनाए रखने का आह्वान किया।

# बगैर नोटिस रुद्रपुरा में काटे बिजली कनेक्शन, किसी का उखाड़ा मीटर

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**जेई बोले, गांव के ग्रामीण अवैध तरीके से कर रहे विद्युत का उपभोग**

इन दिनों बिजली विभाग रामपुरा की चेकिंग टीम से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की जनता काफी परेशान है। बगैर सूचना के उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बिलों के संसोधित शून्य हैं। शुक्रवार को 33 केवी उपकेन्द्र के जेई राजकुमार अपने लाव लश्कर के साथ ग्राम रुदपुरा में बिजली चेकिंग के लिए पहुंच गये। जिसके बाद उपभोक्ताओं से कोई बात न करते हुए बिजली के कनेक्शन काटने लगे। जिस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। उपभोक्ता रामेश्वर ने बताया कि जेई साहब अपनी टीम के साथ आये और कहने लगे कि पैसे दो वार्ना बिजली काट देंगे। पैसे न देने पर बिजली काट दी। ग्रामीण रामशंकर ने बताया कि चेकिंग के दौरान महिलाओं से भी अभद्रता की गई। बिजली चेकिंग के दौरान जेई द्वारा गाँव के रामेश्वर, मंगली प्रसाद, शंकर, संतराम आदि उपभोक्ताओं को बगैर नोटिस दिये बिजली काट गये तथा भीम के घर का मीटर ही उखाड़ कर ले गये। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली विभाग की इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# गुढ़ा-महटौली मार्ग पर कुड़ार नाले का पुल डूबा

**रामपुरा, जालौन समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के जगम्मनपुर-महटौली मार्ग पर गुढ़ा और बेरा गांव के बीच बना कुड़ार नाले का पुल एक बार फिर जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। इस समय पुल पर लगभग एक मीटर से अधिक पानी बह रहा है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है और हजारों ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

यमुना नदी का जलस्तर फिलहाल 105 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि खतरे का निशान 108 मीटर है। वर्ष 1996 की भयावह बाढ़ के दौरान यमुना का अधिकतम जलस्तर 112.980 मीटर तक पहुंचा था। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कभी जलस्तर उतना बढ़ा तो यह पुल करीब 25 फुट पानी के नीचे समा जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने के बाद नाले की गहराई जरूर कम हुई, लेकिन बरसात के चार महीनों में उन्हें अब भी राहत नहीं मिल पा रही है। उमाशंकर दुबे, दया बाबू पाल, विनोद सिंह और मंगी राजपूत ने बताया कि जब पंचनद क्षेत्र की अन्य नदियों और मार्गों पर यातायात सामान्य रहता है, तब भी कुड़ार नाले का यह मार्ग डूबने से बंद हो जाता है। इसका असर गुढ़ा, बेरा, महटौली, पुरा, हिम्मतपुर जगम्मनपुर और आसपास के गांवों के हजारों लोगों पर पड़ता है। करीब चार वर्ष पूर्व क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने ग्रामीणों की पुरानी मांग को देखते हुए इस पुल का निर्माण कराया था। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सही सर्वेक्षण न करने के कारण पुल अपेक्षित ऊंचाई पर नहीं बनाया गया। परिणामस्वरूप जैसे ही यमुना का जलस्तर कुछ मीटर बढ़ता है, पुल पानी में डूब जाता है और आवागमन ठप हो जाता है।

## विश्व विख्यात रामलीला का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ स्टेज पूजन

**कोंच (जालौन)।** आगामी 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे कोंच की ऐतिहासिक रामलीला के 173वें महोत्सव के क्रम में गुरुवार को पूर्वान्ह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्टेज पूजन संपन्न हुआ। इसके साथ ही सीनरी विभाग ने रंगमंच की साज सज्जा का काम भी शुरू कर दिया है। वस्तुतरू ये कार्यक्रम रामलीला की सबसे महत्वपूर्ण उपसमिति सीनरी विभाग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। सीनरी विभाग के कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से रंगमंच निर्माण में जुट गए हैं। कोंच धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कोंच की 173 वर्ष पुरानी रामलीला महोत्सव-2025 के शुरुआती अनुष्ठानों के क्रम में गुरुवार को पूर्वान्ह पं. संजय रावत, पं. गोविंद शरण मिश्रा, पं. अजय मिश्रा द्वारा वेद मंत्रों के बीच स्टेज पूजन का कार्यक्रम संपादित कराया गया जिसमें होता की भूमिका में सीनरी विभाग के चौधरी पवन अग्रवाल ने दायित्व निभाए।

# हिम्मतपुर में चोरी का प्रयास असफल, दहशत में ग्रामीण

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम हिम्मतपुर में गुरुवार-शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया, लेकिन सतर्कता के कारण असफल रहे। घटना के बाद पूरे गांव में भय और असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी महेंद्र राठौर पुत्र अजुद्धी राठौर के घर की छत पर करीब रात 2.10 बजे तीन चोर चढ़ गए। उस समय हल्की-फुल्की बूंदाबांदी के कारण महेंद्र का पुत्र राहुल जाग रहा था। उसने सीढ़ियों के ऊपर रखी टीन की चद्दर को हटाते हुए एक व्यक्ति को देखा। राहुल ने तुरंत शोर मचाया, जिससे घर के अन्य लोग भी सतर्क हो गए। शोर सुनते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए यह देखकर चोर भाग खड़े हुए और वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों के पास कोई हथियार होने के भय से उनका पीछा नहीं किया। गृहस्वामी महेंद्र राठौर ने गांव के प्रधान सत्येंद्र राठौर , रामप्रकाश यादव, दिनेशबाबू दोहरे, भगवानदास दोहरे, गुड्डू राठौर, माताप्रसाद, मोहन सिंह यादव, राजबहादुर यादव समेत अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में बताया कि चोरों की संख्या तीन थी और वे काले कपड़े व घुटने तक के काले जूते पहने हुए थे। ग्रामीणों ने कहा कि वह तत्काल पुलिस को सूचना देना चाहते थे, लेकिन मोबाइल नेटवर्क न होने के कारण पुलिस तक खबर नहीं पहुंचा पाए। गांव के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन नेटवर्क की समस्या के कारण कई बार लोग पुलिस को समय पर सूचना नहीं दे पाते। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग आशंका जता रहे हैं कि यदि चोरों को समय रहते नहीं पकड़ा गया तो भविष्य में बड़ी वारदात हो सकती है। गांव के बुजुर्गों ने मांग की है कि पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और मोबाइल नेटवर्क की समस्या को दूर किया जाए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सूचना दी जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना उनके लिए चेतावनी है और अब गांव में रात के समय चौकीदार या निगरानी दल बनाने की भी चर्चा शुरू हो गई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने बताया कि किसी के भी द्वारा इस घटना के बारे में पुलिस को अवगत नहीं कराया गया है।

# धूमधाम से निकला बारावफात का जुलूस, हुआ स्वागत

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कोंच नगर में बारावफात यानी ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुक्रवार की शाम 2 बजे से ही धूमधाम से निकाला गया। जुलूस का जोरदार स्वागत हर जगह हुआ और आकर्षक ढंग से नगर को सजाया गया, वही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। जगह-जगह भारी बल तैनात रहा। वही मौलाना ने मुहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने की अपील की कोंच ब्लॉक सहित नगर क्षेत्र में शुक्रवार को बारावफात का पर्व पूरी अकीदत के साथ मनाया गया।

लोगों ने घरों एवं मस्जिदों में पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर कुरानख्वानी की और नियाज फातिहा कराया। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में लोगों ने घरों एवं मोहल्लों को झालर-झंडों से सजाया था। नमाज जुमा 2 बजे मस्जिद जिनतुल इस्लाम तिलक नगर से उठेगा नगर भृमण कर जामा मस्जिद जबाहर नगर पर समाप्त होगा जिसे जुलूस को हरी झंडी दिखाकर एसडीएम ज्योति सिंह ने रवाना किया। इसी दौरान सदर हाफिज अताउल्ला गौरी खा व नायब सदर हाफिज मोहम्मद साबिर बरकाती जुलूस के सदर हाजी रहम इलाही जुलूस में शामिल रहे। यह जुलूस बाजार मानिक चौक कटरा लबली चौराहा स्टेट बैंक खैरा चौराहा आरा जी लाइन मंडी आजाद नगर चन्दकुआ सागर तालाब से गुजरेगा नगर में जगह जगह सजावट की गई थी। तंजीम के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, सेकेट्री हाजी मोहम्मद अहमद, खजांची मोहम्मद उमर, ऑडिटर एनुल आरफीन एडवोकेट, अशफाक गौरी सैफ उल्ला खां बटीं, मोहम्मद शरीफ बरकाती, अशफाक उल्ला खां बल्लू, सेठ मुमताज अहमद , सेठ नासिर हाजी सुल्तान, शमसुद्दीन मंसूरी, सभासद, अहमद खां कड़ूँ मामा, नन्नू कुरैशी, तारुफ हुसैन, काजी फहीम, सईद अहमद खन्ना, मुन्ना मंत्री, शकील मकरानी, आदि सभी के सहयोग में लगे रहे। वहीं सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर अमित यादव, राघवेंद्र तिवारी, छोटू टाइगर, सीओ परमेश्वर प्रसाद, एसडीएम ज्योति सिंह, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह, नायब सादुल्लाह खान, कोतवाल अजित सिंह के अलावा भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षा, तीनों दिशाहीनता के शिकार

**आयोजित शिक्षक दिवस संगोष्ठी में कहे रामबाबू मिश्र**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय प्रगतिशील फोरम द्वारा शिक्षक दिवस पर कृष्णा प्रेस परिसर अशोक पुरम में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि शिक्षक, शिक्षार्थी और शिक्षा आज तीनों दिशाहीनता के शिकार हैं। शिक्षा के मशीनीकरण से संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र व समाज के प्रति जिम्मेदारी के भाव पर पानी फेर दिया है। तमाम तामझाम एवं सुविधाओं के बावजूद भी प्राथमिक शिक्षा दुर्दशा ग्रस्त है। आज के दिन संकल्पित होकर शिक्षक समाज गंभीरता से इस स्थिति पर विचार करें। गीतकार पवन बाथम ने कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है। वर्तमान हालात को देखते हुए शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। प्रबुद्ध शिक्षक संकल्प लेकर समाज को सही दिशा दें और राष्ट्र को समुन्नत करने में योगदान दें। सरकार भी प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन का वातावरण बनाएं और शिक्षक विहीन पाठशालाओं में शिक्षकों की नियुक्ति करे। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा कि सारी दुनिया हिंसा, उन्माद, अविश्वास और अनैतिकता की चपेट में है। पीड़ित मानवता अपने शिक्षकों की ओर देख रही है। आज मानवीय संवेदनाओं को जगाने का संकल्प दिवस है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि बच्चों को संस्कार देने के लिए शिक्षक तभी सफल होंगे जब अभिभावक जागरुक होकर इसमें सक्रिय सहयोग करेंगे। अलीगंज के पूर्व शिक्षक एवं कवि बृजनंदन पुजारी ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान करना जागरूक समाज का कर्तव्य है, तभी आचरण की सभ्यता का वातावरण बनेगा युवा कवि अनुपम मिश्रा एवं अनुराग तिवारी ने कहा कि समाज के निर्माण का आधार शिक्षा ही है और जिसमें शिक्षक क्रांतिकारी योगदान कर सकते हैं। छात्र यशवर्धन ने कहा कि गुरु ज्ञानी हो और छात्र योगी हो तभी अपेक्षित सुधार होंगे। गुरुजनों का स्नेह छात्रों के लिए अमृत तुल्य है, लेकिन लगता है की हर स्तर पर कोई न कोई गंभीर कमी है। इस अवसर पर अनुशासन और कुशल अध्यापन के लिए प्रतिबद्ध रहें। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर का अभिनंदन किया गया।


गोष्ठी में मौजूद शिक्षकगण

# बाढ़ के पानी में दिखा मगरमच्छ का बच्चा, ग्रामीणों में दहशत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर क्षेत्र में बाढ़ का हर जारी है। तीन दर्जन से अधिक गांवों के लोग संपर्क मार्ग बाढ़ की भेंट चढ़ जाने से नाव से आवागमन कर रहे हैं। बाढ़ के पानी में कई जलीय जीव जन्तु भी देखे जा रहे हैं। जो ग्रामीणों के लिए दहशत का कारण बना हुए हैं।

सबलपुर कंचनपुर के मजरा जगतपुर में शुक्रवार दोपहर एक मगरमच्छ का बच्चा देखा गया। रामवीर के घर के पास मगरमच्छ के बच्चे को तैरते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। डीएफओ राजीव कुमार ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय वन विभाग की टीम को गांव भेजा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसी स्थिति में घबराएं नहीं। तुरंत वन विभाग को सूचना दें। साथ ही उन्होंने बच्चों को बाढ़ के पानी में जाने से रोकने की सलाह दी है। बताते चलें कि अमृतपुर क्षेत्र के ग्रामीण करीब एक माह से बाढ़ की विभीषिक से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि बाढ़ के कारण कई विषैले जीव जन्तु आ रहे हैं। जो उनके लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।


बाढ़ के पानी में तैर रहा मगरमच्छ का बच्चा

## छात्र लापता, गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए दी तहरीर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित राम रतन राजपूत पुत्र कप्तान सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह गांव बिचपुरी थाना कमालगंज का निवासी है। पीड़ित के साले लक्की उम्र 17 वर्ष पुत्र सर्वेश कुमार निवासी डी 1/286 नं0 8 प्रेम नगर 3 किरारी सुलेमान नगर उत्तर पश्चिमी दिल्ली ने दिनांक 29.08.2025 को रानू खेड़ा कमालगंज इन्टर कालेज में कक्षा 11 में दाखिला कराया था। दिनांक 03.09.2025 को समय करीब सुबह 9 बजे लक्की ने कहा मैं अपनी बहन के घर कमालगंज जा रहा हूँ। जब शाम तक वह घर नहीं आया, तो लक्की के मोबइल नंबर पर बात की, तो बताया कि हम ट्रेन में बैठे हैं। दिनांक 03.09.2025 को पीड़ित ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने की बात कही।

# बुखार से पीड़ित अधेड़ की मौत, प्राइवेट चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव जौरा निवासी प्रयागदास उम्र 55 वर्षीय पुत्र सीताराम हाल निवासी मोहल्ला जटवारा में अपने दूसरे मकान में रहते हैं। उन्हें बुखार आने पर परिजन उन्हें नगर के गल्ला मंडी स्थित एक प्राइवेट डॉक्टर के यहां उपचार के लिए लेकर पहुँचे। जहाँ परिजनों ने बताया कि जहां डॉक्टर ने बोतल लगा दी। इसके बाद उनकी हालत बिगड़ने गयी। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुँचे जहाँ चिकित्सा प्रभारी डॉ0 शोभित शाक्य ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक मौत की सूचना पाते ही परिवार मे कोहराम मच गया। पत्नी रामधनी, पुत्र पंकज समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के एक पुत्र और तीन पुत्रियां है। पुत्रियों की शादी हो चुकी है। परिजनों ने प्राइवेट डॉक्टर पर आरोप लगाया कहा कि मृतक को बहुत तेज बुखार था और वह ठण्ड से कांप रहा था फिर भी प्राइवेट डॉक्टर ने बोतल लगा दी और तभी से उनकी हालत बिगड़ गयी। परिजन अधेड़ का शव घर ले गए। सीएचसी से मेमो कोतवाली भेज दिया गया। उसके बाद परिजन प्राइवेट चिकित्सक के क्लीनिक पहुंचे। जहां जमकर हंगामा काटा। हंगामा देख आसपास लोगों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की।


गुमशुम बैठे मृतक के परिजन


मकान पर गिरा विद्युत पोल

## रात्रि में मकान पर गिरा बिजली का पोल, बड़ी घटना टली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात मकान के ऊपर बिजली का पोल गिर गया। रात्रि का वक्त होने से एक बड़ी घटना टल गयी। जानकारी के अनुसार हजियांपुर विद्युत उपकेंद्र के हरसिंहपुर फीडर से जुड़े गांव बैरमपुर में बीती रात एक बड़ी दुर्घटना टल गई। गांव के हरिराम शुक्ला के मकान पर बिजली का पोल गिर गया। परिजनों ने जब बाहर आकर देखा, तो पोल गेट के ऊपर गिरा था। परिजनों ने इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र हजियांपुर को दी। विभाग के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली की आपूर्ति बंद कर दी। विद्युत उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर नईम अख्तर ने बताया कि पोल अचानक टूट गया था। सुरक्षा के लिए विद्युत पोल का कनेक्शन काट दिया गया है। हाइड्रा मशीन की अनुपलब्धता के कारण नया पोल नहीं लगाया जा सका। जेई ने आश्वासन दिया कि शुक्रवार को नया पोल स्थापित कर दिया जाएगा। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# जश्न-ए-ईद-मिलाद दुन्नवी पर धूमधाम से निकाला गया जुलूस

**हिन्दू-मुस्लिम ने भाग लेकर इकजहती का दिया संदेश**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जश्न-ए-ईद-मिलाद दुन्नवी के अवसर पर कस्बे में धूमधाम से जुलूस निकाला गया। जुलूस में हिन्दू-मुस्लिम ने शामिल होकर इकजहती और भाईचारे का संदेश दिया। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस में पुलिस बल मौजूद रहा।

रोशनाबाद में हर साल की तरह इस साल भी जुलस-ए-मोहम्मदी बड़े ही अमन और शांति के वातावरण में निकाला गया। रोशनाबाद और सुतेहड़ी और चिलसरा गाँव के सभी लोगों ने जुलूस में शिरकत की। कारी मरगुब आलम बरेलवी ने कहा कि आज हम सब को अपने नवी के बताये हुए रास्ते पर अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पैगंबर मोहम्मद का जन्म मक्का में 570 ईस्वी में हुआ था। उनका जन्म रवी-उल-अव्वल महीने की 12 तारीख को हुआ था। ईद-ए-मिलाद दुन्नवी के दिन लोग अधिक से अधिक समय अल्लाह की इबादत में बिताते हैं। जुलूस में जहां एक ओर मस्जिद के इमाम, तो वहीं दूसरी ओर मंदिर के महंत महेन्द्र दास, ग्राम प्रधान पुष्पांजलि गंगवार के पति सुदेश गंगवार भी शामिल रहे। जुलूस में ताहिर अली, इस्लाम चौधरी, सत्तार मुल्लाजी, सरताज युसूफ अली, अली हुसैन और सभी गाँव के लोग जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल रहे।


जुलूस में शामिल दोनों समुदाय के लोग व इमाम

# मोहम्मदाबाद व राजेपुर में धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

**मोहम्मदाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद व राजेपुर में जुलूस-ए-मोहम्मदी धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान अकीदतमंद सदायें बुलंद करते रहे। सुरक्षा की मद्देनजर पुलिस भी साथ चल रही थी।

मोहम्मदाबाद में सुबह 8:30 बजे जामा मस्जिद नूरी से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जो कस्बे के शिवाजी नगर, राजीव नगर, किदवई नगर से होते हुए सर्राफा मार्केट से संकिसा रोड पहुंचा। वहां से आजाद नगर में घूमते हुए सीधा संकिसा रोड से मैन चौराहा होते हुए बेवर रोड पर आया तथा कोतवाली गेट से निकलकर सीधे जमा मस्जिद नूरी पहुंचा। जमा मस्जिद नूरी में मस्जिद के ईमाम मौलाना नूरुल हसन किवला ने फाताह ख्वानी की और जिक्र मोहम्मदी तथा तथा पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला वसल्लम की जिंदगी पर रोशनी डाली और बताया अपने से कमजोर को कभी ना सताएं। अपने पड़ोसी को कभी भूखा ना सोने दें, गरीब की मदद करें, मजदूर की मेहनत का पैसा उसके पसीने सूखने से पहले दे दिया जाए, किसी का भी हक ना मारे और अपने ईमान पर मुकम्मल रहे। कमेटी में शामिल अध्यक्ष नूर अहमद खान, कोषाध्यक्ष अकबर मंसूरी, सदस्य रफीक अहमद, इरफान मंसूरी, मोहम्मद इस्लाम शाह, उस्मान मंसूरी, सिराजुद्दीन सिद्दीकी, उमर खान, मोहम्मद आरिफ मंसूरी, जुबैर खान, जैनुल सिद्दीकी, आसिफ मंसूरी आदि लोग ने कमेटी की व्यवस्था को संभाला तथा जुलूस-ए-मोहम्मदी को सकुशल संपन्न करवाया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला, अपराध निरीक्षक लक्ष्मी नारायण, एसएसआई धर्मेंद्र मलिक, एसआई विनोद कुमार, एसआई आसू यादव, एसआई अरविंद अवस्थी मौजूद रहे।


मोहम्मदाबाद व राजेपुर में जुलूस निकालते अकीदतमंद



**वहीं दूसरी ओर** राजेपुर थाना क्षेत्र में बारावफात के मौके पर जुलूस-ए-मोहम्मदी शांतिपूर्वक निकाला गया। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने सुबह 6 बजे से क्षेत्र का दौरा शुरू किया। उन्होंने राजेपुर, दौलतपुर, भावपुर, बहादुरपुर, अलीगढ़, कड़क्का समेत एक दर्जन गांवों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस ने जुलूस के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई। थाना अध्यक्ष ने बताया कि चार उप निरीक्षक, 10 सिपाही और 30 पुलिस कर्मी क्षेत्र में तैनात किए गए। बहादुरपुर गांव में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। यहां पिछले साल जुलूस के दौरान विवाद हुआ था। अधिकारी राजेपुर और अमृतपुर क्षेत्र का लगातार दौरा करते रहे।

## दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा द्वारा दिनांक 3 सितंबर को कोतवाली कायमगंज पर अभियुक्तगणों द्वारा वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करना तथा दहेज के लालच में हत्या कर देने के संबंध में एक तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर कोतवाली कायमगंज पर मु0अ0सं0 204/2025 धारा-85/80(2) बी.एन.एस. व 3/4 डी.पी.एक्ट बनाम बिट्ठल मिश्रा उपरोक्त आदि 04 के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त बिट्ठल मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया।

# आर्य समाज के तीन दिवसीय 146वें वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ


वेद यात्रा को झंडी दिखातीं मिथिलेश अग्रवाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज के तीन दिवसीय 146वें वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ हवन के साथ हुआ। हवन के दौरान 12 यजमानों ने हवन में आहुतियाँ दीं। आचार्य राम किशोर वेदार्थी ने सपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान गौरक्षक के लिए काम करने वाले गौरकों व साहसी बालिका की टीम को भी सम्मानित किया गया। हवन के वाद वेद यात्रा निकाली गई। जो बजरिया स्थित आर्य समाज मन्दिर से राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने यात्रा को हरी इन्डी दिखाई। वेद रथ पर आचार्य विष्णु, मित्र वेदार्थी रमेश गुप्ता, स्नेहलता गुप्ता, दिलीप रस्तोगी, पुष्पा रस्तोगी, सोनम रस्तोगी, आलोक रस्तोगी, विजय, रेखा गुप्ता सहित रमेश रस्तोगी मौजूद रहे।

# दुर्घटना में पुत्र की मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में युवक की हुई मौत के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने कहा कि उसका पुत्र संदीप आयु लगभग 28 वर्ष पुत्र स्व0 रमेश चन्द्र दिनांक 19.7.2025 को पप्पू पुत्र शमशुद्दीन के साथ उसकी कार बलेनो नम्बर यू0पी016सीएएचए1970 से कमालगंज की तरफ से अपने गाँव आ रहा था, तभी रात को लगभग 9 बजे मधुवन होटल के आगे फतेहगढ़ की तरफ स्थित पेट्रोल पम्प के पास पप्पू की कार फतेहगढ़ की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर पावर ट्रेक जिस पर लकड़ी लदी थी से टकरा गयी। जिससे गाड़ी में बैठे मेरे पुत्र संदीप को गम्भीर चोटें आयी। पुलिस ने मौके पर मौजूद घासीराम पुत्र वंशी व अन्य लोगों की मदद से संदीप को कार से निकाला और लोहिया अस्पताल ले गयी। सूचना मिलने पर पीड़िता मौके पर पहुँची। वहाँ देखा कार व ट्रैक्टर आमने सामने एक दूसरे से लड़े हुये है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कार का ड्राइवर कार को बहुत तेजी व लापरवाही से चला रहा था। पीड़िता जब लोहिया अस्पताल पहुंची, तो वहाँ डाक्टरों ने पीड़िता के पुत्र को मृत घोषित कर दिया। पीड़िता के पुत्र का पोस्टमार्टम दिनांक 20.7.2025 को हुआ। पुत्र की मृत्यु के कारण पीड़िता गहरे अवसाद में चली गयी और कुछ भी सोचने समझने की स्थिति में नही थी। इस कारण तत्काल रिपोर्ट लिखाने थाने नहीं जा सकी। दोनों ही वाहनों के चालक दुर्घटना के बाद वाहनों को मौके पर छोड़कर भाग गये थे और दोनों ही वाहन चौकी भोजपुर में खड़े है। पीड़ित थाने रिपोर्ट करने गयी थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब विवश होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# कस्बे में शान-ओ-शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

**जगह-जगह समाजसेवियों ने लोगों को कराया जलपान**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में जश्न-ए-मिलाद दुन्नवी के अवसर पर जुलूस-ए- मोहम्मदी का आयोजन किया गया। जिसमें दीनी उलेमाओं ने नातिया कलाम पेश किये। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही और हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रही।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज तथा आसपास के मुस्लिम गांव से सरकार दो आलम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर कस्बा नवाबगंज, नयागनीपुर, सिरमौर बांगर, जाफर नगर, चंदनी, भावन, सितवनपुर, बघौना सहित कई मुस्लिम गांव के लोग जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल हुए। कस्बा हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश पर नारे तकबीर अल्लाह हूँ अकबर, रिसालत या रसूल अल्लाह, सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा, इश्क मोहब्बत इश्क मोहब्बत, आला हजरत आला हजरत आदि नारों से गूंज उठा। सभी लोगों ने एक दूसरे को मिलकर जुलूस-ए-मोहम्मदी की मुबारकबाद दी। कस्बे के हिंदू मुसलमान ने जुलूस में चल रहे लोगों को जगह-जगह जलपान कराया। कस्बे के समाज सेवी डॉक्टर शिवराम सिंह आर्य तथा जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य ने सभी को रोककर अपने प्रतिष्ठान के सामने जलपान कराया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने भी अपने आवास पर सभी जुलूस में आने वाले लोगों को जलपान कराया तथा मुबारकबाद दी। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस में थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे पुलिस बल के साथ चल रहे थे।

इस मौके पर अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, गनीपुर मस्जिद के सदर अली मोहम्मद, हाफिज शहीद खान सिरमौर बांगर, हाफिज अकरम राजा खान जाफर नगर, हाफिज शान मोहम्मद नवाबगंज तथा अन्य सभी मस्जिदों के हाफिज उलेमा मौजूद रहे और अपनी तकरीर से कस्बे को सुगंधित करते रहे। कस्बा नवाबगंज से सैय्यद आसिफ अली, अरशद अली, अध्यापक अरमान शेर, मास्टर सैय्यद आसिफ अली, जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, साबिर खान, शाहिद परवेज, मोवीन खान, फिरोज खान, गुलजार खान, ताज मोहम्मद, नफीस खान, बबलू खान, चांदनी मस्जिद के हाफिज आरिफ राजा खान, थाना अध्यक्ष अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज उ0नि0 गिरीश चंद्र, उ0नि0 हेमंत कुमार, उ0नि0 रमाशंकर पांचाल, दरोगा अभिलेख सिंह, उ0नि0 जगराम सिंह, उ0नि0 गीतम सिंह, थाने के एसएसआई राम सिंह सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।


जुलूस-ए-मोहम्मदी में शामिल लोग

# देवी जागरण में पहुंचकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत नवाबगंज में चल रहे गणेश महोत्सव के अवसर पर एचपी पेट्रोल पंप मेन चौराहे पर मां दुर्गा के देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष ने पहुंचकर शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना की।

जानकारी के अनुसार नगर में चल रहे गणेश महोत्सव के अवसर पर मेन चौराहे पर मां दुर्गा के भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और माथा टेंका। इसके बाद वह चिकन वाली गली कमल मंदिर मे पहुंचे। जहां खाटू श्याम बाबा के दर्शन कर पूजन व आरती की। बताते चलें कि गणेश महोत्सव के चलते नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। गणेश चतुर्थी पर गणेश महोत्सव का समापन होगा। इसके अलावा अन्य भक्तों ने भी पहुंचकर देवी जागरण में प्रतिभाग किया।


मां शक्ति स्वरुपा की पूजा अर्चना करते नगर पंचायत अध्यक्ष

# गणेश पंडाल में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़, आज होगा विसर्जन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में विगत दिनों से चली आ रही गणेश स्थापना का आज अंतिम पूजन दिन था। भगवान गणेश की आरती और उसके बाद कई झाकियां दर्शित की गयीं। जिसमें मां काली एवं शंकर जी का नृत्य, राधा कृष्ण की झांकी एवं अन्य प्रकार की झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। भगवान गजानन की अंतिम आरती होने के कारण भक्तों का भारी जन सैलाब उमड़ा। जिससे पांडाल भक्तों से खचाखच भर गया। इस मौके पर गणेश समिति अध्यक्ष अमित गुप्ता एवं उपाध्यक्ष सतीश चंद्र ने गणेश समिति में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं एवं वालंटियर को सम्मानित किया। कल विशाल जन समूह के साथ गणेश जी महाराज का विसर्जन घटियाघाट पर किया जाएगा। बताते चले की कमालगंज नगर में गणेश महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें पूरे जनपद से भक्तों का जन सैलाब उमड़ता है। विसर्जन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। वहीं पुलिस प्रशासन भी एलर्ट हो गया है।


गजानन की अंतिम आरती में उमड़े भक्त

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने छेड़छाड़, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पंजीकृत मुकदमा के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिनांक 04 सितंबर को पीड़ित ने थाना अमृतपुर पर तहरीर दी थी। जिसमें कहा था कि अभियुक्त महिपाल उपरोक्त द्वारा उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गयी। जिसके संबंध में थाना अमृतपुर पर मु0अ0सं0 143/2025 धारा-333/353/351(2)/74 बी.एन.एस. व 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम महिला उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

## तमंचा सहित युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने तमंचा सहित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को पुलिस संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी देखा कि सुभानपुर रोड के किनारे अंधेरे में संदिग्ध अवस्था में एक गाड़ी चालू हालत में खड़ी थी। पुलिस ने कार चालक से पूछताछ की, तो उसने अपना नाम अनमोल गंगवार पुत्र सतेंद्र गंगवार निवासी ग्राम घसिया चिलौली कोतवाली कायमगंज बताया। जब गाड़ी की तलाशी ली गयी, तो एक 32 बोर का देशी तमंचा 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

# शिक्षक ही हैं युग निर्माता, शिक्षक ही हैं भाग्य विधाता: चंद्रपाल सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में सम्मानित होते पूर्व शिक्षक

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में शिक्षक दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। सभी पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर चर्चा की और वरिष्ठ शिक्षकों को शिक्षक रत्न प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव प्रभात यादव व जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव के नेतृत्व में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक ही है युग निर्माता शिक्षक ही है भाग्य विधाता, किसी भी देश के संस्कार, उसकी वर्तमान स्थिति और उसका भविष्य उस देश के शिक्षक ही तय करते हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी किसी भी कीमत पर शिक्षकों के सम्मान के साथ समझौता नहीं कर सकती। संस्थापक अध्यक्ष नेताजी मुलायम सिंह यादव स्वयं एक शिक्षक थे और राजनीति में आने के बाद भी नेताजी हमेशा शिक्षक की भूमिका में ही रहे। मुख्य अतिथि डॉ0 रामकृष्ण राजपूत ने कहा कि नेताजी सदैव शिक्षकों का सम्मान करते रहे और जब भी फर्रुखाबाद आए और हमारी मुलाकात हुई उन्होंने हमें हमेशा सम्मान दिया। इस अवसर पर सर्वेश अंबेडकर, मुन्ना यादव, शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविंद यादव, शिवशंकर शर्मा, किशन स्वरूप, सांची लाल कठेरिया, देवेंद्र यादव, ईश्वर दयाल, रूप सिंह यादव, ओम प्रकाश शर्मा, अशोक अंबेडकर, रामपाल सिंह यादव, विकास कुमार दीपू, अवधेश कुमार यादव, अखिल कठेरिया आदि लोगों ने विचार रखे। शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव ने कौशलेंद्र सिंह यादव को जिला महासचिव स0प्रवक्ता/ सचिव राधेश्याम सविता मनोनीत किया।

## अवकाश प्राप्त मा.शि.क. एसो. ने मनाया राधाकृष्णन का जन्मदिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन उल्लास पूर्वक मनाया गया। डॉ. शिवओम अम्बर, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री ने राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। विजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी ने राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बृजभान कुमारी, रामाधार पाण्डेय, रमेश पाल सिंह, रामनिवास अग्निहोत्री, चित्रकुमार गंगवार, प्रकाश चन्द्र गंगवार, प्रमोद चन्द्र गंगवार आदि लोग मौजूद रहे। संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया।

# अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में ओम प्रकाश राजभर का फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ओमप्रकाश राजभर का पुतला फूंकते अभाविप पदाधिकारी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय में विधि विद्यार्थियों के न्याय के लिए संघर्षरत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बाराबंकी के कार्यकर्ताओं व विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा बर्बरता एवं निर्दयता से लाठीचार्ज के विरोध में त्रिपुलिया चौक पर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर का पुतला फूंका गया। बाराबंकी में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस द्वारा बर्बरता दिखाते हुए लाठी चार्ज की गई। जिसमें 20 से ज्यादा छात्र बुरी तरह घायल है एवं प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा विद्यार्थी परिषद पर अशोभनीय टिप्पणी की गई। इसके विरोध में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फर्रुखाबाद इकाई द्वारा चौक पर ओम प्रकाश राजभर का पुतला दहन करके एवं पुलिस बाराबंकी का विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी कर कार्यवाही की मांग की गई। इस मौके पर प्रांत सहमंत्री प्रियंका माथुर, प्रांत कार्यसमिति शिवम कुशवाहा, विभाग सह संयोजक अभिषेक प्रताप सिंह, प्रांत कार्यकारिणी संजय राठौर, अखंड चौहान, विभाग सह छात्रा प्रमुख जाह्नवी वर्मा, प्रियांशु सक्सेना, सागर श्रीवास्तव, अभिषेक सक्सेना, अनुज पांडेय, शिवम पांडेय, प्रेम अग्निहोत्री, उज्ज्वल पाण्डेय, कार्तिक शुक्ल, यशराज दीक्षित, भानु ठाकुर, श्रेष्ठी, सचिन चंदेल, हरि गोविंद, अमन राजपूत, शिवम, हर्ष, अभिषेक आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर दस गुरुजनों को नोबल टीचर्स अवार्ड से किया गया सम्मानित



शिक्षक दिवस पर सम्मानित होते गुरुजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा सभागार में डॉ0 संदीप शर्मा नोबल टीचर्स अवार्डस प्रदान किये गये। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं उत्तम शिक्षण शैली के लिए दस शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जीआईसी फर्रुखाबाद के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य खेन्द्र सिंह गंगवार एवं श्रीकृष्ण कुशवाह, जीजीआईसी राजेपुर की प्रधानाचार्या ऋचा यादव, सचिन वाजपेई, मनीष अवस्थी, इन्द्रपाल सिंह, धनन्जय सिंह, अर्चना राजपूत, पवन गुप्ता, वीरभान सिंह को डॉ. सदीप शर्मा नोबल टीचर्स अवार्डस प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता को सम्मानित किया गया। संचालन आकाश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम प्रभारी हर्ष दुबे व हर्षित मिश्रा ने व्यवस्था सभांली।

## भाकियू टिकैत गुट की महापंचायत को लेकर बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट संगठन की बैठक जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। 22 सितम्बर को जिले में लिंक एक्सप्रेस-वे के विरोध में एवं गंगा नदी पर व रामगंगा नदी पर बांध को लेकर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैट की महा पंचायत हथियापुर में प्रस्तावित है। जिसके लिए चर्चा हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अजय कटियार, अभय यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, विजय सिंह शाक्य, अरविन्द सिंह गंगवार, अरविन्द शाक्य, सुशील कटियार, संजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक एक पेड़ की तरह जो अपने विद्यार्थियों को ज्ञान की छांव देता है : बीके शोभा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र पर मौजूद शिक्षक

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग सेवाकेंद्र पर शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक दिवस ईश्वर का दूसरा रूप होता है, शिक्षक जो बालपन को खींचता है। बीके शोभा बहन ने कहा कि शिक्षक के बिना हम शिक्षा को प्राप्त नहीं कर सकते। हम अपने जीवन में कितने भी बड़े कामयाब इंसान क्यों न बन जाए, लेकिन हमें शिक्षक को कभी भूला नहीं चाहिए। शिक्षक एक पेड़ की तरह होता है जो अपने सभी विद्यार्थियों पर ज्ञान की छांव हमेशा बनाए रखता है। आज का दिन हमारे शिक्षकों की कड़ी मेहनत और जूनून को स्वीकार करने का दिन है। जिन्होंने हमारे दिमाग को आकार देने और सफलता की राह पर मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण और रचनात्मक भूमिका निभाई है।

प्रबंधक शिवराज श्रीवास्तव ने कहा कि जिस समाज में शिक्षक और शिक्षा का सम्मान नहीं वह समाज मूल्यहीन हो जाता है, इसलिए जो संस्कार माता-पिता नहीं दे पाए वह शिक्षक देता है। कई बार तो ऐसा देखा जाता है जो कई बच्चे ऐसे आज्ञाकारी होने के कारण देश के बड़े से बड़े पद पर आसीन हो जाते हैं, उनके अंदर गुण और मूल्यों की इतनी पराकाष्ठा होती है कि वह एक श्रेष्ठ इंसान बन जाते हैं। मुख्य अतिथि नीरज सक्सेना ने कहा कि अहंकार के बस होकर शिक्षा का ग्रहण करना बहुत कठिन हो जाता है। प्रबंधक देव कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के शिक्षक और गुरुओं के गुरु परमात्मा स्वयं अब शिक्षक बन पढ़ रहे हैं। इस अवसर पर महेश पाल सिंह उपकारी, प्रबंधक रामअवतार कुशवाह, बहन अनुजा सोमवंशी, बहन भारती मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर पूनम बहन, एकता बहन ने सभी शिक्षकों का विधि पूर्वक तिलक माला फूलों और पटको से सम्मान किया गया। संचालन सुआलाल मिश्र ने किया।

## पुष्कर कराटे एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुष्कर कराटे एकेडमी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई पारस भारद्वाज, सेंसेई आरती भारद्वाज ने पुष्प अर्पित किये। एकेडमी के बच्चों ने प्रशिक्षक को उपहार देकर सम्मानित किया। पारस भारद्वाज ने कहा कि यह दिवस महान शिक्षाविद् पूर्व राष्ट्रपति के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है। आज के दिन बच्चे अपने गुरुजनों को सम्मानित करते है। शिक्षकों का सपना है कि बच्चे आगे बढ़े और जिले के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। आरती भारद्वाज ने भी सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पुष्कर भारद्वाज, अभया मिश्र, अर्पिता भारद्वाज, उमंग तिवारी, तनिष्का दीक्षित, नैतिक, आदित्य, सुंदरम आदि उपस्थित रहे।

# सेवा पांचाल नगरी द्वारा शिक्षक दिवस पर अध्यापकों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



एसआरजी रुचि वर्मा को सम्मानित करते जगदीश वर्मा

सेवा पांचाल नगरी द्वारा एक भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश शिक्षा संघ मंत्री महेंद्र चंद्र वर्मा ने कहा, शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और हमें अपने शिक्षकों को सम्मानित करने का अवसर मिला है। एसआरजी रुचि ने कहा शिक्षा के माध्यम से हम समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं, और मुझे लगता है कि हमारे शिक्षक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम संयोजक रचना ने कहा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मैं अपनी पूरी टीम के साथ दिन-रात काम कर रही थी और मुझे लगता है कि हमारा प्रयास सफल रहा है। उन्होंने सभी अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत करवाया। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक जगदीश प्रसाद वर्मा ने की। संस्था के संस्थापक राहुल वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि शिक्षकों के बिना समाज का निर्माण असंभव है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद वर्मा, महेश पाल उपकारी, विभोर सोमवंशी, चमन शुक्ला, वैभव सक्सेना, आकाश सोमवंशी, शिवम मिश्रा, आदित्य शुक्ला, अविनाश सोमवंशी, शिवम दीक्षित, राजनीश वर्मा, अनिल यादव, संजीव बाथम, अभिषेक कटियार, योगेश आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों की समाज में अहम भूमिका: डॉ. नीतू मसीह



शिक्षक दिवस मनाती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज में शिक्षक धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। प्रधानाचार्य नीतू मसीह ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष पांच सितम्बर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रुप में मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों की समाज में भूमिका और आने वाली पीढ़ियों के मार्गदर्शन के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए समर्पित है। भारत के दूसरे राष्ट्रपति प्रसिद्ध दार्शनिक और शिक्षा शास्त्री डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन की याद में मनाया जाता है। शिक्षकों की सम्पूर्ण मेहनत और उनके योगदान के प्रति यह दिवस समर्पित है। छात्राओं ने सुंदर कार्ड बनाकर प्रधानाचार्या व अन्य अध्यापिकाओं को उपहार स्वरुप दिये। वैष्णवी, पल्लवी ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया। साथ ही छात्राओं ने भाषण, कविता प्रस्तुत कर खेल खेले। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद दिया। इस दौरान विद्यालय की सभी शिक्षिकायें व कर्मचारी मौजूद रहे।

छात्राओं ने गीत व भाषण प्रतियोगिता की प्रस्तुत

# ग्रामीण बैंक द्वारा शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




ग्रामीण बैंक द्वारा सम्मानित होते शिक्षक

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय आवास विकास में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भूपेश पाठक ने की। शिक्षकों ने इस दिवस के महत्व के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक ने डॉ. राधा कृष्णन को नमन करते हुए कहा हम सब की प्रथम गुरु मां है, उन्होंने शिक्षक को समाज का दर्पण बताया। जू.शि.संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चतुर्वेदी ने कहा कि आज के शिक्षक के पास बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है फिर भी उसकी बार-बार परीक्षा ली जा रही। जू0शि0 संघ जिलाध्यक्ष ने शिक्षक का स्थान समाज सर्वोच्च बताया गया, लेकिन आज उसे उचित सम्मान नहीं मिल पा रहा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी शिक्षकों स्वागत करते हुए कहा कि गुरु का स्थान ईश्वर से उच्च है।

शिक्षकों की महिमा उन्होंने कविता पढ़कर रेखांकित किया और वरिष्ठ प्रबंधन भट्ट ने कहा कि ये बैंक शिक्षकों की अपनी बैंक है हम सब आपकी सेवा में हमेशा आगे रहते है।

उपस्थित शिक्षकों को क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदेश अवस्थी, प्रवेश सिंह राठौर, अक्षयकांत, आलोक सिंह, विपिन सिंह, विवेक सिंह, अतुल पाठक, संजीव पाठक, फूल सिंह, अनिल गौतम, सुनीता चौहान, कविता सिंह, हिमलेश शाक्य आदि शिक्षक उपस्थिति रहें।



केक काटकर शिक्षक दिवस मनाते विद्यार्थी

## महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय में मनाया गया डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महाराजा हरिश्चन्द्र महाविद्यालय बढ़पुर में शिक्षक दिवस का आयोजन हुआ। सभी शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. शिखा दीक्षित ने किया। उन्होंने राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और उनकी तरह आदर्श को अपनाने पर बल दिया। शिक्षक गजेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ. मधुवाला अवस्थी, सुनील कुमार राजपूत आदि शिक्षकों ने विचार व्यक्त करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने गुरु की महत्वता पर विचार रखे और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गुरु के रुप में अपनी भूमिका का निर्वाहन करना चाहिए। नीलू, दिव्यांशी, सुबोध कुमार, केशव सिंह, अभिषेक ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संचालन पूनम शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रा किरन त्रिवेदी मौजूद रही। साथ ही शिक्षकों ने केक काटकर राधाकृष्णन का जन्मदिवस मनाया और विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी।

# शिक्षक दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ शिक्षकों का सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षिका को सम्मानित करते डीएम व जनप्रतिनिधि

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में शिक्षा विभाग के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में टीवी के माध्यम से कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। बच्चों ने बताया कि उन्होंने एक पेड़ मां के नाम लगाया है, वह उसे सिंचित कर रहे हैं। बच्चों में रचनात्मकता का विकास हो रहा है। 5 सितंबर 1888 को डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में अपने शिक्षण के 40 वर्ष पूरे किए थे। सरकार की योजना है कि प्रदेश के सभी बच्चे समान प्रकार का सिलेबस पढ़े। संपूर्ण नकलबंदी उत्तर प्रदेश में लागू है, कानून तोड़ने पर नकल माफिया को एक करोड़ का जुर्माना व आजीवन कारावास दिया जाएगा। अब ऐसी मार्कशीट दी जाएगी जो फट नहीं सकती। शिक्षक समाज का प्रकाश स्तंभ है। मुख्यमंत्री द्वारा पुस्तक उद्गम का विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा उद्गम के डिजिटल संस्करण का भी बटन दबाकर विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया। 2204 शिक्षकों को टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। प्रतीकात्मक रूप से पांच शिक्षकों को कार्यक्रम में टैबलेट दिए गए। एक लघु फिल्म भी दिखाई गई। शिक्षकों को मां सरस्वती की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार स्वरूप रुपए 25 हजार प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी इच्छा है कि सभी 81 शिक्षकों का सम्मान करूं जिन्होंने लीक से हटकर कार्य किया है। कल उत्तर प्रदेश निचले पायदान पर था, आज अग्रणी पंक्ति में खड़ा है। वास्तव में श्रेष्ठ गुरुजनों का सम्मान होना चाहिए। 56 लाख बच्चे माध्यमिक शिक्षा में बैठे, 5000 बाल वाटिकाएं आरंभ हो चुकी हैं इन्हें पोषण मिशन से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी 9 लाख शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा की व्यवस्था का लाभ देने की घोषणा की। रसोइयों को भी इससे जोड़ा जाएगा। अनुदेशकों का वित्तीय लाभ बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की पुस्तक बहुत मोटी ना हो, शिक्षक बच्चों को खेल के साथ सिखाएं मध्यान्ह भोजन योजना में बच्चों को मिलेट के व्यंजन खिलाएं। जनपद की शिक्षिका भारती मिश्रा व अन्य शिक्षकों को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। डीएम ने कहा कि जो दूसरों के बच्चों को अपने बच्चों की भांति समझ कर पढ़ाते हैं उनके संतोष के स्तर को केवल वही जान समझ सकते हैं अन्य कोई नहीं, हमें प्रत्येक दिन अपने माता-पिता व गुरु को नमन करना चाहिए। वर्ष में केवल एक दिन अपर्याप्त है शिक्षक में चंद्रगुप्त बनाने की क्षमता होती है। मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने सभी शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए व बहुसंख्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में केक काटकर मनाया गया शिक्षक दिवस



केक काटकर शिक्षक दिवस मनाते विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्याम नगर में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दिन भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद और दार्शनिक डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और डॉ0 राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अध्यक्ष उदय पाल सिंह, प्रबंधक गौरव अग्रवाल, सह प्रबंधक रामगोपाल चौहान, प्रधानाचार्य रामकृष्ण वाजपेई एवं शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य नारायण मिश्र ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। निहारिका दीक्षित ने कहा, शिक्षक सिर्फ हमें पढ़ाते नहीं, बल्कि वे हमारे जीवन को सही दिशा देते हैं। वे हमारे भविष्य के निर्माता हैं। प्रबंधन की ओर से सभी शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यह शिक्षकों के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है। यह दिन गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को भी उजागर करता है।

## साक्षरता सप्ताह के तहत शिक्षक दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन




बच्चों को सम्बोधित करती शिक्षिका भारती मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साक्षरता सप्ताह एवं शिक्षक दिवस पर अमेठी कोहना में गोष्ठी एवं जन जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका भारती मिश्रा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यदि हम शिक्षित होंगे तो हम एक अच्छे इंसान बनेंगे। शिक्षा से न सिर्फहमें अच्छा रोजगार मिलता है बल्कि समाज में हमें एक सम्मानित स्थान भी मिलता है। यदि हम शिक्षित होंगे तो अपने अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। समाज के साथ-साथ देश में भी अपना नाम रौशन कर सकते हैं। निहारिका पटेल, सुमित कुमार आदि ने विचार रखे। मेरा युवा भारत की ओर से भी इस कार्य को विस्तृत रूप से करने के लिए जागरूक किया गया। सभी ने मिलकर साक्षरता की शपथ भी ली। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक पवन शुक्ला, शिक्षिका सौम्या, श्वेता शुक्ला, प्रभात, हर्ष, रचना एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस पर ओपीएस के लिए शिक्षकों व कर्मचारियों ने किया उपवास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



उपवास कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व कर्मचारी

अटेवा एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आवाहन पर पूरे देश में पुरानी पेशन बहाली के लिए शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने शिक्षक दिवस पर उपवास किया।

जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भोलेपुर स्थित गेस्ट हाउस में ओपीएस बहाली के लिए एक सामूहिक उपवास का कार्यक्रम किया। शिक्षकों व कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करो, एनपीएस यूपीएस निजीकरण बन्द करों, जैसे नारे लगाकर नई पेंशन व्यवस्था का विरोध किया। जनपद के अन्य शिक्षक व कर्मचारियों ने अपने-अपने घरों में परिवार के साथ व कार्यालय में काम करते हुए अपने सहकर्मियों के साथ पुरानी पेंशन बहाली के लिए उपवास रखकर अपने आप को पीढ़ा व कष्ट देते हुए सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की।

प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा है कि सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए कि शिक्षक दिवस का दिन जो शिक्षकों के सम्मान, स्वाभिमान व गर्व का दिन है उस दिन देश का शिक्षक अपने बुढ़ापे का सम्मान पुरानी पेंशन को पाने के लिए उपवास कर रहा है। एक संवेदनशील सरकार को इस देशव्यापी समस्या को तत्काल हल करना चाहिए। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने कहा है कि जब देश के उपराष्ट्रपति जैसे उच्च पद रहने वाला व्यक्ति भी सेवानिवृत के बाद सबसे पहले पेंशन के लिए ही आवेदन करता है और चार-चार पेंशन प्राप्त करता है तो सामान्य सरकारी सेवक बिना पेंशन के कैसे अपना जीवनयापन करें, इसे सरकार को समझना होगा। सुधीर पाल ने कहा कि शिक्षकों का सबसे बड़ा सम्मान पुरानी पेंशन ही है। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, प्रमोद कुमार दीक्षित, रवीश कुमार गौतम, सुशील कुमार, देवाशीष पाठक, अरविन्द सिंह, सुधीर कुमार, राजेश कुमार, आशुतोष पाण्डेय, विनोद गौतम, दिनेश कुमार, संजीव अहिरवार, नम्रता सिंह, कैलाश चन्द्र, जितेन्द्र सिंह, सपन कुमार, अशोक कुमार, प्रबल प्रताप सिंह, विश्वप्रकाश दीक्षित, प्रदीप कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, तिरुवत कुमार, अरिवरन सिंह, सुनील कुमार, प्रशांत शुक्ला, नीरज कुमार, अम्रता आर्या, अमित कुमार आदि शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी फतेहगढ़ की बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा किया गया प्रस्तुत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद रामलीला कमेटी के पदाधिकारी

श्री राम लीला कमेटी फतेहगढ़ की बैठक कोषाध्यक्ष चमन टंडन के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक मुन्ना लाल वैर्ष्णेय ने की। कोषाध्यक्ष चमन टंडन ने वर्ष 2024 का आय एवं व्यय का ब्यौरा दिया। जिसमें 1003497 रुपये का खर्चा का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वर्ष 2025 में लगभग 1200000 लाख रुपये खर्च का ब्यौरा का अनुमान दिया। अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने सभी सदस्यों से इस वर्ष अधिक से अधिक चंदा एकत्र करने के लिए कहा। इस मौके पर पंकज अग्रवाल, धीरज दुबे, राजीव बाजपेयी, त्रिपुरारी त्रिवेदी, अनिल तिवारी, दीपक दुबे, श्रवण कुमार चक, रानू दीक्षित, शुभम मिश्रा, जितेन्द्र दत्त शुक्ला, अवनीन्द्र सक्सेना, ग्रीश बाबू, रतीपाल श्रीवास्तव, हर्षित मिश्रा, निशीत सक्सेना, अथर्व गुप्ता, अंजुम दुबे, संजय रस्तोगी, आशीष मिश्रा, विपिन त्रिवेदी, विनय कुमार वैश्य, दिनेश चन्द्र तिवारी, अवधेश कुमार दीक्षित, लक्ष्मण टंडन, सिद्धार्थ आदि लोग मौजूद रहे।

